# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 01 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 237, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**कच्चे पेट्रोलियम पर लाभ कर घटाकर 1,850 रुपये प्रति टन**

सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 2,100 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,850 रुपये प्रति टन कर दिया है। } 14

**जिला अदालतें हैं न्याय पालिका की रीढ़ : चंद्रचूड़**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने जिला न्यायपालिका को न्यायपालिका की रीढ़ बताया और कहा कि यह कानून का अहम घटक है। } 16



# रेलयात्रा आरामदायक बनाने को प्रतिबद्ध

## मोदी ने मेरठ-लखनऊ मदुरै-बेंगलुरु व चेन्नई-नागरकोइल वंदे भारत ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि रेलवे ने काफी समय से लंबित समस्याओं के समाधान में बड़ी प्रगति की है और यह क्रम तब तक नहीं रुकेगा, जब तक रेल समाज के सभी वर्गों के लिए आरामदायक यात्रा की गारंटी नहीं बन जाती।

प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाए जाने के कार्यक्रम के दौरान की। मोदी ने कहा कि राष्ट्र वंदे भारत रेलगाड़ियों के आधुनिकीकरण और विस्तार के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ को लखनऊ मदुरै को बेंगलुरु और चेन्नई को नागरकोइल से जोड़ने वाली तीन नयी वंदे भारत ट्रेन को शनिवार को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा वर्षों से अपनी कड़ी मेहनत के जरिए रेलवे ने काफी समय से लंबित समस्याओं के समाधान में बड़ी प्रगति की है और नयी उम्मीदें एवं समाधान पेश किए हैं। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक भारतीय रेलवे सभी के लिए आरामदायक यात्रा की गारंटी नहीं बन जाती।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी रेल दुर्घटनाओं की पृष्ठभूमि में आई है, जिसके कारण विपक्ष ने रेल सुरक्षा को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं। मोदी ने कहा कि आधुनिक रेल अवसंरचना विकसित भारत के दृष्टिकोण का एक मजबूत स्तंभ है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में रेलवे को 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं और सरकार भारतीय रेलवे की पुरानी छवि को बदलने के लिए इसे उच्च तकनीक सेवाओं से जोड़ रही है। मोदी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दक्षिणी राज्यों का तेजी से विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, दक्षिण भारत अपार प्रतिभा, संसाधनों और अवसरों की भूमि है। मोदी ने कहा कि संपूर्ण दक्षिण भारत के साथ-साथ तमिलनाडु का विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रेलवे की विकास यात्रा सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि तमिलनाडु और कर्नाटक के लिए बजटीय आवंटन में वृद्धि से दक्षिणी राज्यों में रेल परिवहन मजबूत हुआ है। मोदी ने कहा कि इस साल तमिलनाडु के रेल बजट के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया ...शेष पृष्ठ 14 पर




# सीएम सख्त : 28 चकबंदी अफसर सस्पेंड

## आठ मंडलों के अधिकारियों के खिलाफ की निलंबन, पद से हटाने, जवाब तलब व अन्य कार्रवाई

- सीएम के निर्देश पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चकबंदी मामलों में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता व भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई
- आठ मंडलों के अधिकारियों के खिलाफ की गयी निलंबन, पद से हटाने, जवाब तलब और अनुशासनात्मक कार्रवाई
- बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, उप संचालक चकबंदी, सहायक चकबंदी, चकबंदीकर्ता और चकबंदी लेखपाल पर लिया गया एक्शन
- सेवाकाल के दौरान अनियमितता पर सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी की पेंशन में 20 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव शासन को भेजा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पद के दुरुपयोग, काम में लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ योगी सरकार का चाबुक लगातार जारी है। सीएम योगी के कड़े रुख के बाद चकबंदी विभाग में एक के बाद एक लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में सीएम योगी के निर्देश पर चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर आठ मंडल के दो दर्जन से अधिक चकबंदी अधिकारियों पर गाज गिरी है। इसमें 13 बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के खिलाफ निलंबन, जवाब-तलब और अनुशासनिक कार्रवाई की गयी है। वहीं एक उप संचालक चकबंदी अधिकारी को पद से हटाने के निर्देश दिये गये हैं, जबकि एक उप संचालक चकबंदी अधिकारी से लापरवाही ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा देगा पीएम मोदी का उपहार




विशेष संवाददाता

लखनऊ। मेरठ से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली उद्घाटन किया। इस ट्रेन के चलने से दिल्ली के बाद अब लखनऊ की दूरी भी पश्चिमी यूपी वालों के लिए कम हो जाएगी। सीएम योगी ने पीएम मोदी के इस उपहार पर आभार जताया है। यूपी को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिल गई। यह ट्रेन मेरठ से लखनऊ के बीच चलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सुबह रवाना किया। प्रधानमंत्री द्वारा यूपी के लोगों को दी गई इस सौगात पर सीएम योगी ने खुशी जाहिर की है। साथ ही कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होने के बाद सीएम योगी ने इस उपहार के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सीएम योगी ने लिखाए 'मेक इन इंडिया' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' के स्वप्नद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश की आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक विकास-यात्रा सतत जारी है। इस यात्रा को और गति देते हुए प्रधानमंत्री ने शनिवार देशवासियों को 3 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने मेरठ-लखनऊ सहित मदुरै-बेंगलुरु, चेन्नई-नागरकोइल के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महिलाओं के खिलाफ अपराध में त्वरित न्याय की जरूरत

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि इससे महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी कोलकाता के एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या तथा महाराष्ट्र के ठाणे में दो किंडरगार्टन (केजी) की लड़कियों पर यौन हमले की पृष्ठभूमि में आई है। मोदी ने कहा कि न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक माना जाता है और उच्चतम न्यायालय एवं न्यायपालिका ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की उपस्थिति में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा के ज्वलंत मुद्दे का जिक्र किया और कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है। मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों में कड़े प्रावधान किए जाने का जिक्र करते हुए 2019 में शुरू की गई त्वरित विशेष अदालत योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से फैसला सुनाया जाएगा, आधी आबादी को अपनी सुरक्षा के बारे में उतना ही ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### हरियाणा विस चुनाव की तारीख बदली

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बिश्नोई समुदाय के सदियों पुराने त्योहार को ध्यान में रखते हुए शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख एक अक्टूबर से बढ़ाकर पांच अक्टूबर कर दी। आयोग ने कहा कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों की मतगणना अब चार अक्टूबर के बजाय आठ अक्टूबर को होगी। निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह निर्णय बिश्नोई समुदाय के मतदान के अधिकार और परंपराओं का सम्मान करने के लिए लिया गया है, जिसने अपने गुरु जम्भेश्वर की याद में 300-400 साल पुरानी परंपरा को बरकरार रखा है। आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख पुनर्निर्धारित करने के लिए ऑल इंडिया बिश्नोई महासभा, बीकानेर के राष्ट्रीय अध्यक्ष से एक अभिवेदन प्राप्त हुआ था। उन्होंने अभिवेदन में कहा था कि पंजाब, राजस्थान और हरियाणा के लोग गुरु जम्भेश्वर की याद में बीकानेर में होने वाले वार्षिक उत्सव के लिए राजस्थान में अपने पैतृक गांव मुकाम पहुंचते हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन 18 गिरफ्तार

## प्रदेश भर में दर्ज हुए 14 मुकदमे, संदिग्धों की चल रही जांच



विशेष संवाददाता

लखनऊ। आरक्षी भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन भी परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले सक्रिय रहे लेकिन पुलिस ने उनके इरादों पर पानी फेरते हुये अठ्ठारह लोगो को गिरफ्तार कर चौदह मुकदमे दर्ज किए है।पकड़े गए सभी लोगो से पुलिस और एसटीएफ के जवान तथा सुरक्षा एजेंसियां कड़ी पूंछतांछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक बिजनौर की शहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने बुलंद शहर के अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है।वही बागपत के बड़ौत थाना क्षेत्र में प्रीत सिंह और अनुज कुमार और फतेहपुर जिले के मालवा क्षेत्र में सारिका तथा बुलंद शहर के नगर थाना क्षेत्र के सुखवीर सिंह को गिरफ्तार किया है।महोबा कोतवाली नगर इलाके में सुमित कुमार पंडित उर्फ सोनू तथा सहारनपुर जिले के कुतुबशेर थाना क्षेत्र में वीर सिंह को गिरफ्तार किया है।इसके अलावा आगरा में एसटीएफ ने ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में अखलेश और विनय कुमार तथा अनिल बघेल को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा प्रदेश के ...शेष पृष्ठ 14 पर

### डीजीपी ने केन्द्र में आरक्षी भर्ती परीक्षा का किया निरीक्षण

लखनऊ। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन डीजीपी प्रशांत कुमार ने तेलीबाग स्थित रामभरोसे मैकू लाल इंटर कालेज, तेलीबाग में बने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा।डीजीपी ने मौके पर मौजूद पुलिस अफसरों को पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को नकल विहीन करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

**पेपर से लेकर परीक्षा केंद्र तक फुलप्रूफ दिखी व्यवस्था, विपक्ष के आरोपों पर लगा विराम**

# पुलिस भर्ती परीक्षा में दिखी योगी सरकार की हनक

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर योगी सरकार ने विपक्ष के तमाम आरोपों पर विराम लगाते हुए निष्पक्ष परीक्षा सम्पादित करा दी। यह परीक्षा पांच दिनों में सम्पन्न हुई लेकिन एक भी परीक्षा लीक का मामला सामने नहीं आया बल्कि पूरे प्रदेश में नहीं बल्कि देश में इस बार हुई परीक्षा को लेकर योगी सरकार की चौतरफा तारीफ हो रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस परीक्षा को लेकर पूर्व और पूर्ण सुनियोजित व्यवस्था से परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश अधीनस्थों को दिये थे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष परीक्षा सम्पन्न कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जिसका नतीजा रहा कि इस बार की परीक्षा में योगी सरकार ने सिद्ध कर दिया कि परीक्षा कोई भी हो, यदि सरकार की नाक की बात होगी तो कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता।



दरअसल, 19 मार्च 2017 को योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। तब युवाओं को उम्मीद बंधी थी। सपा-बसपा की सरकारों में भर्तियों की धांधलियों ने जाने कितने लड़के-लड़कियों को माइग्रेन दे दिया था। जब विधानसभा चुनाव 2017 से पहले भाजपा ने कहा कि वह यह सब रुकवा देगी। तब युवा ने झट से भरोसा कर लिया। हालांकि सिर्फ चार महीने ही बीते थे।25 और 26 जुलाई 2017 को यूपी पुलिस दारोगा भर्ती की परीक्षा होनी थी, लेकिन पर्चा लीक हो गया।इसके बाद योगी सरकार ...शेष पृष्ठ 14 पर




# विमुक्त जातियों को मिलेगा उनका पूरा अधिकार : असीम अरुण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश के स्वतंत्रता आंदोलन में विमुक्त एवं घुमंतू जातियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। 1857 की क्रांति में घर-घर कमल और रोटी पहुंचा कर क्रांति की पृष्ठिभूमि को तैयार करने में इन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इनके रण कौशल ने अंग्रेज हुकूमत को जमकर छकाया।

ये बातें समाज कल्याण, अनुसुचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने शनिवार इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 73वें विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इस मौके पर नरेंद्र कश्यप, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अरूण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार विमुक्त एवं घुमंतू जातियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए कटिबद्ध है। इनको विकास की मुख्यधारा में जोड़ने तथा इनके चौमुखी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। राज्य

- **10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने विमुक्त जातियों के लिए शुरू की कल्याणकारी योजनाएं**
- **विमुक्त समुदाय के बच्चों को शिक्षा के साथ रोजगारपरक साधनों से जोड़ रही है राज्य सरकार**
- **इनके बच्चों की शिक्षा के लिए आवासीय व गैर आवासीय विद्यालय संचालित**

सरकार इनको बुनियादी सुविधाएं जैसे आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पानी आदि उपलब्ध करा रही है। वर्तमान समय में इस समुदाय के छात्रों को शिक्षित करने के लिए राज्य सरकार प्रोत्साहित कर रही है। इनके लिए आवासीय और गैर आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ कौशल विकास के मध्यम से रोजगारपरक संसाधनों से भी जोड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त बच्चों को छात्रवृत्ति के साथ किताब, कॉपी, ड्रेस आदि भी सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सरकार विमुक्त जातियों के लिए लगातार कार्य कर रही है। देश की आजादी को लेकर इस समुदाय ने ज्वाला जलाने का काम किया।



इनके कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित हो रही हैं और आवश्यकता अनुसार अन्य सुविधाएं भी केंद्र व राज्य सरकार दे रही है। नरेन्द्र कश्यप ने आश्वस्त किया कि केन्द्र और राज्य सरकार विमुक्त समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर संजीव कुमार गोंड, राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरिओम, निदेशक कुमार प्रशांत कार्यक्रम के संयोजक रावेंद्र कुमार, सह संयोजक दीपक सहित भारी संख्या में प्रदेश भर से आए विमुक्त एवं घुमंतू समाज के नागरिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विमुक्त समुदाय से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ योगदान देने वाले 15 लोगों सम्मानित किया गया। इसमें दो खिलाड़ी, तीन विभिन्न सरकारी विभागों

- **विमुक्त एवं घुमंतू जातियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए सरकार कटिबद्ध है**
- **विमुक्त जातियों ने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : नरेन्द्र कश्यप**

में चयनित और 10 शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शामिल हैं। विमुक्त समुदाय से जुड़े कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर कालबेलिया नृत्य, लोकगीत आदि का कलाकारों ने प्रदर्शन किया।

# आवासों के निर्माण में यूपी अन्य राज्य सरकारों में सबसे आगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आवासों के निर्माण में उत्तर प्रदेश अन्य राज्य सरकारों में अपेक्षा सबसे आगे हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन लाभार्थियों को आवासों के लिए जो धनराशि आवंटित की गयी है, उसके सापेक्ष जो आवास नहीं बन पाये या अधूरे हैं, उन्हें अतिशीघ्र पूरा कराया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं आवासों के निर्माण में जहां शिथिलता बरती गयी हो, वहां की जांच मुख्यालय स्तर से करायी जाये और जहां लापरवाही की गयी होगी, जांचोपरांत यदि कोई दोषी पाया गया तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। ग्रामीण कल्याण की किसी भी योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उप मुख्यमंत्री द्वारा आवासों के निर्माण कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि आवास के निर्माण की स्थिति की लगातार समीक्षा की जा रही है और अभी दो दिन पहले भी सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि डिलेड हाउस की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की जाये और अभियान चलाकर समय से निर्माण पूर्ण कराया जाये। अधूरे आवास न रहे इसके लिए विभाग द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना. ग्रामीण के अन्तर्गत प्रदेश को वर्ष 2016-17 से अब तक 36.15 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष अब तक 35.85 लाख आवास का निर्माण पूर्ण कराया जा चुका है, लगभग 30 हजार आवास निमार्णाधीन है। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण में लक्ष्य के सापेक्ष 99.21 प्रतिशत आवास पूर्ण करा दिये गये है, और अन्य राज्यों की तुलना में सबसे आगे हैं, 98.72 प्रतिशत आवास बनाकर बिहार दूसरे स्थान पर व 98.04 प्रतिशत आवास बनाकर राजस्थान तीसरे स्थान पर है।

# पर्यावरण के प्रति हमें प्रेम दिखाना चाहिए : आनंदीबेन पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि मानव जीवन

- **राज्यपाल ने राजभवन में मियावाकी वन का किया उद्घाटन**
- **ऑक्सीजन प्रदायी पेड़ पौधों की मानव जीवन मे महत्वपूर्ण भूमिका है**

ऑक्सीजन से ही चलता है। अतः ऑक्सीजन प्रदायी पेड़ पौधों की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कुदरत हमें बहुत कुछ देना चाहती है, जरूरत है उसे एक्सप्लोर करने की। उन्होंने कहा हमें सभी जगहों से अच्छी चीजें आत्मसात कर उसे क्रियान्वित करना चाहिए।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा शनिवार राजभवन परिसर में 'मियावाकी वन' का उद्घाटन किया गया। राज्यपाल के द्वारा राजभवन के अधिकारीगण, कर्मचारियों, अध्यासितगण, राजभवन उच्च प्राथमिक विद्यालय व उम्मीद संस्था के बच्चों के साथ कार्यक्रम में सामूहिक प्रतिभाग कर कुल 22 प्रजातियों के 4750 पौधों का रोपण किया गया। राज्यपाल ने कहा कि रोपित पेड़-पौधों की परवरिश भी हमें ही करनी चाहिए। पर्यावरण के प्रति हमें प्रेम दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुंदर प्रकृति का नजारा सभी की आंखों को अच्छा लगता है।

अतः हरियाली, बारिश, आदि हेतु प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल में ऋषि मुनियों की साधना प्रकृति के सानिध्य में पेड़ पौधों के बीच में ही होती थी अतः प्रकृति और वृक्षारोपण के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। शनिवार राजभवन परिसर में जापान की मियावाकी पद्धति से वनारोपण किया गया। इस पद्धति में प्रत्येक वर्ग मीटर में वृक्ष, हर्ब, झाड़ी, उप झाड़ी प्रजाति के पौधों को समूहबद्ध कर उगाया जाता है। आज रोपित पौधों में मुख्य रूप से नीम, अर्जुन, कंजी, अमरूद, आंवला, शीशम, सहजन, सप्तपर्ण, गुलमोहर, आम, कचनार, जामुन, जट्रोफा, लेमन ग्रास आदि शामिल है।



इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, प्रभागीय वनाधिकारी, उद्यान अधिकारी राजभवन बीपी सिंह, राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, अध्यासित गण, राजभवन प्राथमिक विद्यालय के बच्चे, उम्मीद संस्था के बच्चे आदि उपस्थित रहे।



जनपद सिद्धार्थनगर के सुधि पाठकों विज्ञापन दाताओं एवं गणमान्य नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

राम आशीष दूबे

ब्यूरो चीफ सिद्धार्थनगर,
वॉयस ऑफ लखनऊ हिन्दी दैनिक अखबार

# अपराध के नये तरीकों के कारण फॉरेंसिक साइंस का दायित्व और भी बढ़ गया है : न्यायमूर्ति राजीव सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने शनिवार को कहा कि अपराध के नये तरीकों के कारण फॉरेंसिक साइंस का दायित्व और अधिक बढ़ गया है। न्यायमूर्ति सिंह लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

संस्थान की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अपने संबोधन में उन्होंने कहा, कि पहले फॉरेंसिक साइंस पर इतना ध्यान नहीं दिया जाता था, लेकिन अब अपराध के नये तरीकों के कारण फॉरेंसिक साइंस का दायित्व और भी बढ़ गया है। सिंह ने कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिए साक्ष्य को सही ढंग से देखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ब्रिटेन से आये विशिष्ट अतिथि वक्ता रॉबर्ट ग्रीनै ओबे (केन्ट विश्वविद्यालय) ने छात्रों को कानून, प्रयोगशाला और न्याय के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान में मूल्यांकन, विचार और आलोचनात्मक सोच का महत्वपूर्ण योगदान है। ग्रीन ने कहा, कि विश्व स्तर पर फोरेंसिक विज्ञान में वर्ष 1995 में सबसे बड़ा उछाल आया था। 95 प्रतिशत मामलों में फारेंसिक विज्ञान को महत्व नहीं दिया जाता था, लेकिन समय के साथ फोरेंसिक विज्ञान का विस्तार हुआ है जिससे इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं अधिक बढ़ी हैं। उन्होंने फोरेंसिक विज्ञान के लिए अच्छी नीतियां, दूरदर्शी नेतृत्व और आपराधिक न्याय प्रक्रिया में जागरुकता की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया। रॉबर्ट ग्रीन ने कहा, कि फॉरेंसिक विज्ञान में गुणवत्ता का होना अत्यन्त आवश्यक है ताकि पीड़ित को उचित न्याय दिलाया जा सके और किसी निर्दोष को सजा न मिल सके। उन्होंने कहा, कि जरूरी नहीं कि जो हम सच मानते हैं वह सच हो। प्रो. रॉबर्ट ग्रीन ने छात्रों को कई केस स्टडी के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. रॉबर्ट को फॉरेंसिक विज्ञान में कार्य करने के लिए वर्ष 2008 में ओबे (ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर) अवार्ड दिया गया था। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक के पद पर आसीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा, कि यह स्थान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, हम इस संस्थान को विश्वस्तरीय बना रहे हैं ताकि यहां के छात्रों का भविष्य उज्ज्वल हो सके।




# सेवानिवृत्त के बाद और बेहतर करेंगे कार्य : मनोज सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त कार्मिकों को सुखद एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामनायें देते हुए कहा कि सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज निष्कलंक व बेदाग सेवा पूरी कर वह सभी देयकों का भुगतान प्राप्त कर रहे हैं। 140 करोड़ लोगों के देश में मात्र 1.5 से 2 करोड़ लोग सरकारी सेवा में है। इस सेवा के माध्यम से लोकहित के लिए सोचने व कार्य करने का मौका मिला।

मुख्य सचिव शनिवार को उप्र सचिवालय सेवा के 21 कार्मिकों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त सचिवालय कार्मिकों को सेवानैवृत्तिक लाभों (सेवानिवृत्त कार्मिकों को पेंशन, उपादान, राशिकारण, अवकाश नकदीकरण व जीपीएफ) से सम्बन्धित आदेशों का भी वितरण किया। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से सेवा करने वाला व्यक्ति खुश व सफल होता हैं। आप जैसा सोचेंगे वैसा ही कार्य करेंगे, इसलिए व्यक्ति की सोच हमेशा सकारात्मक होनी चाहिये। दृढ़ता से कार्य करेंगे तो मंजिल तक अवश्य पहुंचेंगे। शासकीय सेवा में कार्मिकों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसा मेरा विश्वास है कि सेवानिवृत्त होने के उपरांत वह जो भी कार्य करेंगे, वह अन्य की अपेक्षा बेहतर होगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सचिवालय कार्मिकों ने अपने अनुभव भी साझा किए। सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त कार्मिकों में 1 विशेष सचिव, 2 संयुक्त सचिव, 2 उप सचिव, 1 निजी



- **मुख्य सचिव ने सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त हुए 21 कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित**

सचिव, 6 अनुभाग अधिकारी, 4 समीक्षा अधिकारी, 1 विधान भवन रक्षक एवं 4 वरिष्ठ अनुसेवक शामिल थे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के.रवीन्द्र नायक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, सेवानिवृत्त कार्मिकों के परिजन आदि उपस्थित थे।

# योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने पर केंद्रित : दिनेश सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृषि और बागवानी के क्षेत्र में कई नए अवसरों का उदय हो रहा है, और राज्य की योगी सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है। राज्य के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने शनिवार को भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद (आईसीएफए) द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य कृषि सम्मेलन 2024 में इन योजनाओं और प्रयासों पर प्रकाश डाला।

उद्यान मंत्री ने सम्मेलन में बताया कि आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे ड्रिप इरिगेशन, जैविक खेती, और स्मार्ट खेती के उपयोग से राज्य में कृषि उत्पादन को बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इन तकनीकों को अपनाएं ताकि कृषि को अधिक लाभदायक बनाया जा सके। सिंह ने कहा कि यूपी सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाएं किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेंगी और बढ़ते उत्पादन के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करेंगी।

मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य के कृषि उत्पादों की गुणवत्ता को सुधारने और उन्हें बेहतर तरीके से पैकेजिंग कर निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस कदम से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में उनके उत्पादों के लिए बेहतर कीमत प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने फल, फूल, मसाला, और सब्जियों की खेती को किसानों की आय

- **कृषि उत्पादों की गुणवत्ता को सुधारने और बेहतर तरीके से पैकेजिंग कर निर्यात को बढ़ावा मिल रहा है**

में वृद्धि के प्रमुख साधनों के रूप में बताया। दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने और उन्हें जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसान नई कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और उन्हें अपने खेतों में लागू कर सकेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, कृषि क्षेत्र में नवाचार, और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना था।

# प्रयागराज में भी पर्यटकों के लिए शुरू होगा मिनी क्रूज बोट का संचालन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्यटकों के लिए अयोध्या, काशी और प्रयागराज में अब रोमांच से भरे जल भ्रमण का अवसर उपलब्ध होगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम ने इसकी तैयारी कर ली है। वर्षा ऋतु के बाद अयोध्या व काशी में एक तरफ जहां कैटामरान का पुनः संचालन शुरू होगा, वहीं प्रयागराज में पर्यटक मिनी क्रूज बोट का आनंद ले सकेंगे।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि उप्र में वाटर स्पोर्ट की अपार संभावनाएं हैं, जिसे धरातल पर उतारा जा रहा है। सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। बीते वर्ष 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यहां के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक-आध्यात्मिक, ईको सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया था। पर्यटकों के लिए पर्यटन के अन्य आयाम जैसे रूरल, एग्री, वाटर स्पोर्टस आदि पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। ताकि, पर्यटक इन स्थलों पर भ्रमण कर सुखद स्मृतियां संजो सकें। इसी क्रम में अयोध्या, काशी, प्रयागराज में जलक्रीड़ा गतिविधियों के आनंद का अवसर उपलब्ध कराने की तैयारी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन निगम को पिछले महीने अयोध्या और काशी में कैटामरान, जबकि प्रयागराज में इलेक्ट्रिक बोट हैंडओवर किया था। पूरी तरह से वातानुकूलित कैटामरान में 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था है, वहीं प्रयागराज में दो मिनी क्रूज बोट में

- **यूपी में वाटर स्पोर्टस की है अपार संभावनाएं : जयवीर सिंह**

30-30 लोगों व 6 मोटर बोट में 6 पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था है। इन बोटों के अलावा दो रेस्क्यू बोट भी हैं। इनके संचालन की प्रक्रिया पर्यटन निगम के द्वारा शुरू कर दी गई है। भविष्य में पीपीपी मोड पर संचालन के लिए टेंडर निकाला जा चुका है। वर्षा ऋतु के बाद इन सभी का नियमित संचालन किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि अयोध्या में पर्यटकों की संख्या को देखते हुए दो और बोट बढ़ाई जाएगी, जो कि सौर ऊर्जा से संचालित होगी। इसे नेडा हैंडओवर करेगा। ये भी 30-30 सीटर होंगे। इस तरह सरकार का प्रयास है कि पर्यटक उत्तर प्रदेश से विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।

# डॉग लाइसेंस चेकिंग टीम को देख कुत्ते संग भागे मालिक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम के पशु कल्याण विभाग ने शनिवार को प्रातः 7 बजे पेट डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया। प्रवर्तन दल तथा डॉग कैचिंग स्क्वाड के साथ पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में जोन -3 अंतर्गत पूरनिया चौराहा, जानकीपुरम क्षेत्र में चलाया गया जिसमे

- **लाइसेंस न होने पर मालिकों ने की बहसबाजी, जुर्माना**
- **नगर निगम समेत 14 केन्द्रो पर बनते हैं लाइसेंस**

मौके पर बिना लाइसेंस श्वान टहलाते हुए पाए गए व्यक्तियों से कुल 10000 रूपए जुर्माना काफी जद्दोजहद के साथ वसूला गया। इस दौरान 1 पग श्वान को जब्त भी किया गया था, जिसको जुर्माना देने के बाद छोड़ दिया गया। लाइसेंस चेकिंग अभियान को चलता देख कई लोग अपने श्वान को लेकर भागते दिखे तथा कई लोग ऐसे भी मिले जिनका लाइसेंस और वैक्सीनेशन कार्ड बना हुआ था। कई लोग अपने



श्वान को लेकर घर में बंद कर दिया और टीम से बहसबाजी भी की। ऐसे लोगों के विरुद्ध नगर निगम की ओर से नोटिस भेजी जायेगी जिसकी प्रतिलिपि सम्बंधित थाने में दी जाएगी। लाइसेंस ना प्रस्तुत करने की दशा में 5000 रुपये प्रति श्वान तक जुर्माना का प्रविधान है, और लाइसेंस ना बनवाने की दशा में श्वान को जब्त भी किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभी तक मात्र 2306 लाइसेंस बने हैं जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5600 तथा 2022-23 में 8200 डॉग लाइसेंस बने थे। लखनऊ नगर निगम में पालतू श्वानों की संख्या 10000 से अधिक है। लाइसेंस श्वान को रैबीज टीकाकरण की पुष्टि के उपरांत तथा लखनऊ नगर निगम की ओर से श्वान नियंत्रण उपविधि 2003 पालन का शपथ पत्र देने के उपरांत ही नगर निगम से जारी किया जाता है। नगर निगम की तरफ से वर्तमान में 200 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल तक 2 ही श्वान पालने की अनुमति दी जाती है। विदेशी श्वान तथा उनके क्रॉस के लिए लाइसेंस शुल्क 1000 रुपए तथा देसी श्वान के लिए लाइसेंस शुल्क 200 रुपए प्रति श्वान है। आवश्यकता पड़ने पर यह अभियान पुनः चलाया जायेगा।

1-डॉग एंड पप्स नियर नीलकंठ हाउस,विवेक खण्ड फोन नंबर - 8799255500
2-जू लैंड हैनीमैन चौराहा , गोमती नगर फोन नंबर - 9936879200
3-स्पर्श पेट क्लिनिक बी - 13/सी सेक्टर - आई , अलीगंज 9935470728
4-अलीगंज पेट शॉप एंड क्लिनिक ए 1/15 राज पैलेस सेक्टर एच पुरनिया चौराहा , लखनऊ
5-अग्रवाल पेट क्लिनिक लेखराज मार्केट - 1 इंदिरा नगर लखनऊ फोन नंबर - 9839072095
6-दक्ष पेट क्लिनिक नीलमथा ,लखनऊ फोन नंबर - 7618929753
7-विक्टोरिया पेट हट डी 1/280 विराज खण्ड ( गोमती नगर) फोन नम्बर - 9696729407
8-पप्स ए ब्लॉक नियर मानसरोवर बैंक इंद्रा नगर फोन नम्बर -9415008457
9- पूर्वांचल पेट क्लिनिक एवम पूर्वांचल पेट शॉप फोन नम्बर - 6392128685 पता - हाउस नंबर 8 बसेरा विहार कॉलोनी कल्याणपुर (लखनऊ)
10-मशमीर पेट हॉस्पिटल एवम चैरिटेबल फाउंडेशन फोन नम्बर 9919349393 पता - हाई - 17 सेक्टर ई, अलीगंज,चंद्रलोक कॉलोनी,नियर राधे लाल स्वीट (लखनऊ)
11-शुक्ला वेटरिनरी क्लिनिक बी -31 ;सेक्टर - एल एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड लखनऊ-226012 मोबाइल नंबर -94152 89111; 8318848285
12-उदय पेट क्लिनिक एंड केयर दुकान संख्या 71 बेसमेंट तल स्पेंसर के नीचे एल्डिको एक्सप्रेस प्लाजा उद्यान 2 रायबरेली रोड लखनऊ 226025, दूरभाष संख्या 9793715300
13-रॉयल पेट क्लिनिक , ऐल 34 , उदय टॉवर , विजयंत खण्ड, गोमती नगर. लखनऊ. 9369880514
14- वेट4पेट डाग क्लिनिक , से.25 ईन्दरानगर लखनऊ.9554126456

लाइसेंस पशु कल्याण अधिकारी कार्यालय, लालबाग नगर निगम मुख्यालय से किसी भी कार्य दिवस में बनवाये जा सकते हैं। इसके लिए जयंत सिंह 9511156792 तथा अफसर अली 9721095021 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त शहर के 14 केन्द्रो पर भी आम जनमानस लाइसेंस बनवा सकते हैं।

# पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी के बीच ब्रॉड गेज लाइन का काम पूरा

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ-पीलीभीत वाया सीतापुर, लखीमपुर खंड के गेज कन्वर्जन के अंतर्गत पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी रेल खण्ड के गेज कन्वर्जन का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही लखनऊ-पीलीभीत वाया सीतापुर-लखीमपुर (262.76 किमी.) रेल खण्ड देश के ब्रॉडगेज नेटवर्क से जुड़ गया। पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी(67.92 किमी) के गेज कन्वर्जन कार्य पर 672 करोड़ रुपये की लागत आयी है। गेज कन्वर्जन के साथ ही खंड के विद्युतीकरण का कार्य भी पूर्ण किया गया है। 01 सितम्बर को रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीलीभीत-शाहगढ़-मैलानी आमान परिवर्तित रेल खण्ड, राष्ट्र को समर्पित करेंगे तथा इस गेज परिवर्तित रेल खण्ड पर उद्घाटन विशेष ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे।

इस अवसर पर पीलीभीत जं. रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में

- **रेलमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये करेंगे उद्घाटन**

वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री भारत सरकार जितिन प्रसाद, गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार संजय सिंह गंगवार, कृषि, कृषि षिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार बलदेव सिंह औलख, विधायक जयद्रथ उर्फ प्रवक्तानन्द, विधायक बाबूराम, सदस्य, विधान परिषद डा. सुधीर गुप्ता, महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर रेखा यादव उपस्थित रहेंगे।

# सीएम करेंगे जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र का उद्घाटन

**लखनऊ।** देश ही नहीं एशिया में राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) के संरक्षण के लिए गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज में स्थापित 'जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र' का उद्घाटन 6 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस जटायु संरक्षण

- **मानीराम क्षेत्र के सोनबरसा गांव में 634.66 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण**

केन्द्र का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री ने 7 अक्टूबर 2020 को किया था। जटायु संरक्षण केन्द्र का उद् घाटन करने के बाद उसी दिन सीएम स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित मानीराम क्षेत्र के सोनबरसा गांव में 634.66 करोड़ रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। राजगिद्ध जटायु की गाथा तो रामायण काल से ही सभी जानते हैं लेकिन पर्यावरणीय खतरे के चलते जटायु के वंशजों के अस्तित्व पर ही संकट आ गया। योगी सरकार ने इस संकट को दूर करने का संकल्प लिया है। राजगिद्ध के संरक्षण व संवर्धन के लिए गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज (भारीवैसी) में जटायु संरक्षण व संवर्धन केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र के जरिये राजगिद्धों की संख्या बढ़ेगी ही, विलुप्त होती प्रजातियों में शामिल इन जीवों को देखने के लिए सैलानियों की आमद बढ़ने से ईको टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

**2 करोड़ 80 लाख 54 हजार रुपये की आई लागत :** इस केन्द्र स्थापना पर कुल 2 करोड़ 80 लाख 54 हजार रुपये की लागत आई है। इसमें ब्रीडिंग एवरी, होल्डिंग एवरी, हॉस्पिटल एवरी, नर्सरी एवरी, वेटनरी सेक्शन, प्रशासनिक भवन, रिकवरी एवरी, गार्डरूम, जेनरेटर रूम, पाथवे का निर्माण किया गया है। केन्द्र में कुल 8 स्टाफ कार्यरत हैं। जटायु संरक्षण केन्द्र में कुल 6 राजगिद्धों (नर एवं मादा) को लाया जा चुका है। यहां राजगिद्धों गिद्धों की निगरानी की सीसी कैमरों से की जाएगी। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) विकास यादव के मुताबिक पांच हेक्टेयर जमीन पर बनाए गए इस केन्द्र के लिए बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी और प्रदेश सरकार के बीच में समझौता हुआ है।

**रेल ओवरब्रिज, स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट पंचायत भवन का होगा लोकार्पण :** जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र का उद्घाटन करने के बाद सीएम सोनबरसा गांव में आयोजित समारोह में 88 करोड़ 46 लाख 98 हजार रुपये की दो विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 546 करोड़ 19 लाख 11 हजार रुपये की तीन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं की कुल लागत 634 करोड़ 66 लाख 9 हजार रुपये है।

# जलकल कर्मचारियों ने जताया रोष

**लखनऊ।** जलकल, नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के सदस्यो ने शनिवार को जोन 7 इंदिरा नगर स्थित संगठन कार्यालय में बैठकर जलकर वसूली में लगे कर्मचारि यो की समस्याओं पर च र्चा कर उनके निस्तारण की मांग की। इस दौरान बैठक में मौजूद जलकल कर्मचारियों ने जलकर वसूली कार्य में लगे कर्मचारियो की समस्याओं के निस्तारण के लिए अपने सुझाव एवं समस्याओं से संगठन को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त निर्णिल या गया कि सोमवार को संगठन स पूर्ण मामले को लेकर एक पत्र के माध्यम से महाप्रबंधक जलकल कुलदीप सिंह को एक ज्ञापन सौपेंगा एंव जल्द से जल्द जलकर वसूली कार्य में लगे कर्मचारियो की समस्याओं के निस्तारण की मांग करेगा।

# हेमंत तिवारी फिर चुने गये पत्रकारों के अध्यक्ष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति-2024 के चुनाव मे हेमंत तिवारी लगातार 5वीं बार अध्यक्ष चुने गये। हेमंत तिवारी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोज कुमार मिश्रा को 116 मतो से हराया।

हेमंत तिवारी को 395 मत प्राप्त

- **शिवशरण को हराकर भारत सिंह बने सचिव व आलोक दोबारा बने कोषाध्यक्ष**

हुए जब कि मनोज मिश्रा को 279 वोट मिलें। इसी तरह से सचिव पद पर 192 मत पाकर भारत सिंह निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं शिवशरण सिंह को 189 मत ही मिल पाये। भारत सिंह 3 मत से विजयी घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद पर अलोक त्रिपाठी चुने गये है। आलोक को 257 वोट प्राप्त हुए। अध्यक्ष पद पर अन्य प्रत्याशियों में अमरेंद्र प्रताप सिंह को 14, अनुराग यादव को 16, देवकीनंदन मिश्रा को







25, प्रभात कुमार त्रिपाठी को 27शशिनाथ दुबे को 11 व विक्रम राव को मात्र 3 मत ही प्राप्त हुए। सचिव पद के प्रत्याशियों में अजय श्रीवास्तव को 131, अरुण कुमार त्रिपाठी को 98, राघवेन्द्र प्रताप सिंह रघु को 53, सुलतान शहरयार खान को 29 मत मिले। कोषाध्यक्ष के प्रत्याशियों में इंद्रेश रस्तोगी को 174,दिलीप कुमार सिंह को 121 व संजय कुमार चतुर्वेदी को 123 वोट मिले।

# कैमरे लगी दो मंजिला ई-बसें जल्द चलेगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुबग्गा से विराज खण्ड तक डबलडेकर एसी ई-बस नवरात्र तक चल सकती है। इसमें बच्चों के लिए टिकट में रियायत भी दिया जा सकता है। इस बस में 65 सीटें होंगी। यह बस नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से नवरात्रि तक संचालित किए जाने की योजना है। अशोक लीलेंड कंपनी के स्विच मोबिलिटी की ओर से सीआरएस फंड से यह बस नगरीय परिवहन निदेशालय को दी गई है। एसी डबलडेकर ई-बस गोमतीनगर के विराजखंड सिटी बस स्टाप पर खड़ी है। यह लखनऊ की सड़कों पर दो दशक बाद फिर दौड़ती नजर आएगी। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी आरके त्रिपाठी ने बताया कि नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से डबलडेकर बस का संचालन होगा। उद्घघाटन के बाद यात्री दो रूटों पर डबलडेकर बस से सफर



कर सकेंगे। इसके साथ ही यात्री लम्बी दूरी के यात्रा पर सीट भी आरक्षित करा सकते है। ऐसे में एमएसटी की सुविधा नही है। बस में सुरक्षा को लेकर चार कैमरे लगाये गये है। कैमरे के साथ-साथ पैनिक बटन भी लगाया गया है। यह बस स्कूटर इंडिया से कमता वाया अमौसी, ट्रांसपोर्टनगर, शहीद पथ, अहिमामऊ से होते हुए दुबग्गा से कमता वाया आईआईएम, टेढ़ीपुलिया, मुंशीपुलिया रिंगरोड होकर जायेगी।

# न्याय पाने के लिए विद्युत अभियंता संघ ऊर्जा मंत्री से मिलेगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा मार्च 2023 में ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के विपरीत मुख्य अभियंता को सेवानिवृत्ति के एक दिन पूर्व पदावनत कर दंड देने के विरोध में बिजली इंजीनियरों ने प्रदेश के विभिन्न जिलो में और परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रर्दशन किया। बीते 19 मार्च 2023 को ऊर्जा मंत्री द्वारा ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष को दिए गए स्पष्ट निर्देश कि आंदोलन के फलस्वरूप की गई कार्यवार्द वापस ली जाए, इसके साथ ही विपरीत कल 30 अगस्त 2024 को 18 महीने बाद मुख्य अभियंता इंजीनियर को पदावनत कर अधीक्षण अभियन्ता बना दिया गया है। इससे



अभियंताओं में आक्रोश है। जिसको लेकर लखनऊ में विरोध सभा शक्ति भवन मुख्यालय पर हुई जिसमे विभिन्न अभियंताओं ने हिस्सा लिया। लखनऊ में हुयी सभा में अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि हड़ताल के कारण हुए सभी कार्रवाई को वापस किया जाय। इसके अलावा दमन के विरोध में न्याय करने के लिए अनुरोध किया जाएगा यदि इसके बावजूद अभियंताओं को न्याय ना मिला तो ध्यान आकर्षण कार्यक्रम के अगले चरण की घोषणा की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री के मार्च 2023 में दिए गए निर्देश के अनुसार जब तक सभी बिजली इंजीनियर लगातार ध्यानाकर्षण कार्यक्रम के माध्यम से सरकार का और प्रबंधन का ध्यान आकर्षित करेंगे। सभा में राजीव सिंह, रणबीर सिंह, आलोक कुमार श्रीवास्तव, रविकांत यादव, सुबोध, रजत कुशवाहा, देवेंद्र, विजय तिवारी, समेत काफी संख्या में अभियन्ता उपस्थित रहे।

# आरटीई के तहत प्रारम्भिक शिक्षा के सम्बन्ध में सर्वेक्षण क्यों नहीं हुआ

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने आदेश के बावजूद शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रारम्भिक शिक्षा को लेकर दिए गए सर्वेक्षण कराने के आदेश का अनुपालन न होने पर सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की प्रक्रिया में शामिल होकर, आदेश का अब तक अनुपालन न होने का कारण बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 4 सितम्बर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने महेन्द्र नाथ राय की जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया है कि शिक्षा के अधिकार के तहत सभी बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा दिए जाने की अनिवार्यता सम्बन्धी प्रावधानों का पूर्णतया पालन नहीं हो रहा है। इस पर 30 अप्रैल को न्यायालय ने अपर मुख्य सचिव को पूरे प्रदेश में बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा को लेकर सर्वेक्षण का आदेश दिया था। आदेश के कई महीने बीत जाने के

- **हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को वीसी के जरिए हाजिर होने का दिया आदेश**

बावजूद आदेश का अनुपालन न होने पर न्यायालय ने कहा कि यह अच्छी स्थिति नहीं है, मामले की गम्भीरता को देखते हुए, अपर मुख्य सचिव वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई की प्रक्रिया में शामिल होकर बताएं कि आदेश का अनुपालन क्यों नहीं हुआ।

# 'भंवर' एक प्रेम कहानी का मुख्य सचिव ने किया विमोचन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी द्वारा लिखित उपन्यास 'भँवर' एक प्रेम कहानी का हजरतगंज स्थित हिंदी

- **एक से अधिक संस्करण छपना अपने आप में बड़ी उपलब्धि : मनोज कुमार सिंह**

संस्थान के निराला सभागार में विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुख्य सचिव शम्भू नाथ द्वारा की गई।





इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि हिंदी के साहित्य में कोई उपन्यास लिखा जाये और उसका एक से अधिक संस्करण मुद्रित हों, यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। आजकल लोग पढ़ने की आदत भूलते जा रहे हैं। खासकर हिंदी साहित्य में लोग पुराने साहित्यकारों के अलावा वर्तमान समय के अच्छे साहित्यकार का नाम तक नहीं जानते, ऐसे में श्री अनिल रतूड़ी अच्छे कर्मठ पुलिस आफिसर होने के साथ-साथ उन्होंने अपने अंदर इस प्रतिभा को जिंदा रखा। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही अच्छा अवसर है। आज उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड पुराने उत्तर प्रदेश की तरह दिख रहा है। उन्होंने श्रीमती राधा रतूड़ी और अनिल रतूड़ी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के लिए लखनऊ को चुना और उपन्यास के लिए बधाई दी। पूर्व मुख्य सचिव शम्भू नाथ ने कहा कि इस पुस्तक में प्रेम पर बहुत बल दिया गया। यह आत्मविश्वास की पुस्तक है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और अनिल रतूड़ी को उपन्यास के लिए शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखण्ड की मुख्य सचिव एवं अनिल रतूड़ी की धर्मपत्नी राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड गढ़वाल के मांगलिक गीत गाकर किया। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भंवर पुस्तक का प्रथम लोकार्पण उत्तराखण्ड में हुआ था, दूसरा लोकार्पण दिल्ली के प्रगति मैदान, तीसरा लोकार्पण भोपाल में तथा चौथा लोकार्पण लखनऊ में हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार, लोक गायिका मालिनी अवस्थी, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# निराश्रित वार्ड की कार्य प्रणाली का ब्यौरा तलब

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, सिविल अस्पताल व बलरामपुर अस्पताल के निराश्रित वार्ड के कार्य प्रणाली का ब्यौरा तलब किया है। न्यायालय ने दोनों अस्पतालों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को दो सप्ताह में हलफनामा दाखिल कर, यह भी बताने को कहा है कि नवम्बर 2023 से अब तक कितने मरीज इन निराश्रित वार्डों में भर्ती किए गए और निराश्रितों के इलाज के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा जारी 21 नवम्बर 2023 व 6 दिसम्बर 2023 के शासनादेशों पर किस प्रकार से अमल किया जा रहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की जनहित याचिका पर पारित किया। याची द्वारा न्यायालय को बताया गया कि उक्त शासनादेशों का पूर्णतया पालन नहीं किया जा रहा है। कहा गया कि याची ने





स्वयं एक मांसिक अस्वस्थ महिला को भर्ती कराया था लेकिन बाद में पता चला कि उक्त महिला स्वयं की कहीं चली गई, अस्पताल प्रशासन द्वारा उसे रोका नहीं गया। वहीं सरकार की ओर से बताया गया कि उक्त महिला के चले जाने के बाद हजरतगंज थाने में सूचना दी गई थी व उक्त महिला को भी लवकुश द्विवेदी नाम के व्यक्ति ने पुनः भर्ती करा दिया था। इस पर न्यायालय ने हजरतगंज थाने से भी जवाब मांगा है।

वहीं इसी खंडपीठ ने एक अन्य जनहित याचिका पर केजीएमयू को भी निराश्रितों के इलाज के सम्बन्ध में नई व्यवस्था बनाने को कहा है। न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि 8 दिसम्बर 2023 को यहां भी एक महिला मरीज को भर्ती कराया गया था लेकिन वह भी अपनी मर्जी से चली गई। इस पर न्यायालय ने कहा कि इस सम्बन्ध में केजीएमयू को भी व्यवस्था बनानी चाहिए। न्यायालय ने कुलपति को भी मामले में शपथ पत्र दाखिल करने का आदेश दिया है। दोनों मामलों की अगली सुनवाई 4 सितम्बर को होगी।

# कैंट में लाइन लीकेज से क्षतिग्रस्त हो रही सड़क

**लखनऊ।** केंट स्थित जनरल बिपिन रावत द्वार के सामने करियप्पा रोड चौराहे पर एक महीने से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है , जिससे लगातार हो रहे जल रिसाव से सड़क खराब हो रही है। पीडब्ल्यूडी के एक्स एन सत्येन्द्र नाथ ने सैन्य अभियांत्रिक सेवा के दुर्ग अभियंता को पत्र लिखकर तत्काल पाइप लाइन दुरुस्त करने को कहा है। उन्होंने बताया कि ए क माह से रिसाव के क ारण सड़क खराब हो रही है। कई बार मर मत कराई गई, मगर जल रिसाव से सड़क बार-बार वहीं क्षतिग्रस्त हो रही है। जल रिसाव के कारण बन रहे बड़े ग ड्ढे से कभी भी हादसा हो सकता है। पाइप लाइन में रिसाव की मर मत के लिए 31 जुलाई को ही एनओसी दे थी।

# आज से नियमित चलेगी लखनऊ-मेरठ वंदे भारत एक्सप्रेस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपनी नियमित सेवा 1 सितंबर से लखनऊ से और 0 सितंबर से मेरठ सिटी से शुरू करेगी। यह मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। 22490 मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मेरठ सिटी से 06.35 बजे रवाना होगी और

- **मेरठ से चलकर चारबाग स्टेशन पहुंची वंदे भारत यात्रियों का हुआ स्वागत**

उसी दिन 13.45 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वापसी दिशा में 22489 लखनऊ.मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन लखनऊ से 14.45 बजे रवाना होगी और उसी दिन 22.00 बजे मेरठ सिटी पहुंचेगी। 08 एसी चेयर





कार कोच वाली 22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस मार्ग में मुरादाबाद तथा बरेली जंक्शन स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। मेरठ सिटी और लखनऊ के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू होने से कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा और मेरठ सिटी और लखनऊ के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा। इस तरह की बढ़ी हुई कनेक्टिविटी से पर्यटन में वृद्धि, आर्थिक विकास में वृद्धि और देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों को जोड़ने में मदद मिलेगी। इससे मुरादाबाद-बरेली के माध्यम से लखनऊ तक तेज गति से पहुँचने और उसी दिन रात में मेरठ सिटी वापस लौटने की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करते हुए अत्याधुनिक मेरठ-लखनऊ, मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोविल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, तीन मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार करेगी। ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी। इस गाड़ी के उद्घाटन के अवसर पर इसका प्रथम आगमन उत्तर रेलवे के लखनऊ चारबाग स्टेशन पर शनिवार को पहुंची। आज गाड़ी के प्रथम आगमन के सुअवसर पर लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा भूपेंद्र सिंह चौधरी तथा अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा महापौर सुषमा खर्कवाल सहित अनेक अन्य विशिष्ट अतिथि पधारे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सबसे पहले मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा द्वारा सभी अतिथियों को पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सभी का स्वागत किया गया। इसके उपरांत इस अवसर पर लखनऊ के एक स्कूल मे हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता रहे कुल 15 बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में वक्ताओं ने उपस्थित जनसमूह को अपने अपने विचारों से अवगत कराया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा सभी को आशीष वचन देते हुए संबोधित किया गया। इस दौरान लखनऊ मण्डल के रेलवे कलाकारों द्वारा मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्टेशन निदेशक प्रशांत कुमार द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त करके कार्यक्रम का समापन किया गया कगाड़ी के आगमन के समय अत्यंत हर्षोल्लास के साथ आने वाले यात्रियों को पुष्प भेंट करके उनका स्वागत किया गया।

# चीफ फॉर्मासिस्ट अजय मिश्रा को दी भावभीनी विदाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय के सभागार में शनिवार को निदेशक एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की उपस्थिति में चीफ फार्मेसिस्ट अजय मिश्रा की सेवानिवृत्ति के मौके पर पर उनका सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट एवं फार्मेसिस्ट के साथ ही अन्य संवर्गों के कर्मी उपस्थित थे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक डॉक्टर सुनील भारतीय ने कहा कि चिकित्सालय परिवार उनका अपना परिवार है और जनता की स्वास्थ्य रक्षा के लिए हम सभी सदैव तत्पर हैं । फामेर्सी संवर्ग विभाग की रीढ़ के रूप में काम करता है । मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव ने श्री अजय मिश्रा के साथ बिताए हुए समय को याद किया और उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया ।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |



# सकुशल सम्पन्न हुई आखिरी चरण की पुलिस भर्ती परीक्षा

## डीजीपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, सकुशल सम्पन्न होने पर जताई खुशी







विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी पुलिस भर्ती की आखिरी पाली की परीक्षा शाम 5 बजे संपन्न हो गई। दोनों पालियों में किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। पुलिस और प्रशासन अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे थे। ड्रोन कैमरे से भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी गई। दूसरी पाली की परीक्षा शाम तीन बजे से शुरू हुई थी। इससे पहले पहली पाली दूसरी तीसरी चौथी पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक हुई थी। शहर के सभी 81 सेंटर्स पर पुलिस भर्ती परीक्षा पहले दिन संपन्न हुई। दोनों पालियों की परीक्षा में सख्ती रही। थ्री लेयर जांच की गई। जूते-मोजे निकलवाए गए। राखी व कलावा भी उतरवा लिया गया।

परीक्षा के दौरान डीजीपी और डीएम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पुलिस भर्ती परीक्षा में 78144 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। 5 दिनों 10 पालियों में कुल 3 लाख 90 हजार 720 अभ्यर्थी शामिल हुए।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने भी शहर के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो प्रशासन हर तरह से इसकी निगरानी की गयी। भ्रमण के दौरान डीजीपी ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया और वह कई परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बारीकी से जांच की और डयूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को लापरवाही न बरते और सकुशल परीक्षा समाप्त होने के लिए खुशी जाहिर की है। सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्र का गेट आधे घंटे पहले बंद कर दिए गये। अमीरुद्दौला इस्लामिया इंटर कॉलेज के सेंटर प्रभारी ने गेट बंद करने की जानकारी दी।

अभ्यर्थी सिर्फ प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और पेन ही परीक्षा केंद्र ले जाने दिया गया। चेकिंग के लिए एलआईयू के 492 कांस्टेबल लगाए थे।

परीक्षा केंद्र से कोई भी अभ्यर्थी व तैनात कर्मचारी परीक्षा खत्म होने से पहले बाहर नहीं निकले। सभी केंद्र सीसीटीवी से लैस किये गए थे। बताया जा रहा है कि यह रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी। 4 ड्रोन टीमें लगाई गईं, जिससे केंद्रों की निगरानी की गयी थी। रेलवे, बस और मेट्रो स्टेशन के पास हेल्पलाइन डेस्क बनाए गए थे। हेल्पलाइन नंबर : 8867786192 व 9773790762 कमिश्नरेट के अलग-अलग जोन में 29 जगहों पर अभ्यार्थियों व उनके रुकने के लिए अस्थाई व्यवस्था की गई थी। परीक्षा में कोई गड़बड़ी न हो सके इसको चलते अभ्यर्थियों से लेकर ड्यूटी करने वालों तक की त्रि-स्तरीय जांच की गयी साथ ही परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की चेकिंग के साथ ही उनका फेशियल रिकॉग्निशन भी किया गया था।

## परीक्षार्थियों से ट्रेन-बसें फुल, आम यात्री बेहाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस भर्ती परिक्षा के लिए 81 केन्द्र बनाये गये थे। जिसमें 39072 परिक्षार्थी शामिल रहे। जिसमें 11043 परिक्षार्थियों ने परिक्षा छोड़ दिया। आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थियों का रेला शाम को चारबाग बस अड्डा और रेलवे स्टेशनों पर उमड़ा तो रूटीन और स्पेशल सभी ट्रेनें ठसाठस भर गईं। बसों में खिड़कियों के जरिए घुसकर सीटें कब्जाई गईं। इस दौरान ट्रेन और बस के आम यात्री भीड़ के आगे बेबस नजर आए। भीड़ के आगे जीआरपी और आरपीएफ की सख्ती भी नाकाम रही। चारबाग ही नहीं, लखनऊ जंक ?शन, बादशाहनगर, ऐशबाग, सिटी, डालीगंज और गोमतीनगर स्टेशनों पर भी भीड़ रही। लखनऊ से गुजरने वाली 192 ट्रेनों में परीक्षार्थियों की आवाजाही देर रात तक रही। रेलवे प्रशासन की ओर से स्पेशल ट्रेनें चलाकर यात्रियों को राहत जरूर दी गई। कुंभ एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस, त्रिवेणी, गंगा गोमती, लखनऊ प्रयागराज संगम, पंजाब मेल, सद्भावना, अयोध्या दिल्ली, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस समेत करीब सभी ट्रेनों में परीक्षार्थी काबिज रहे। दूसरी ओर चारबाग, आलमबाग, अवध, कैसरबाग बस अड्डों पर अभ्यर्थियों की भीड़ को क्षेत्रीय प्रबंधक की टीम अतिरिक्त बसें भेजकर कंट्रोल करती रही।

**सुरक्षा घेरे में रवाना हुईं वीआईपी ट्रेनें:** चारबाग, लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ देखते हुए आरपीएफ और जीआरपी ने वीआईपी ट्रेनों को सुरक्षा घेरे में रवाना किया। अतिरिक्त जवान भी तैनात किए गए और सीसीटीवी से निगरानी की गई। लखनऊ मेल, पुष्पक, शताब्दी, एसी एक्सप्रेस जैसी वीआईपी ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को सुरक्षित ढंग से रवाना किया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों को इन ट्रेनों तक पहुंचने से रोक दिया गया।

**महिला कोच में घुसे परीक्षार्थी:** चारबाग और लखनऊ जंक्शन से गुजरने वाली करीब सभी ट्रेनों की महिला बोगियों में परीक्षार्थी काबिज रहे। बोगियों में बैठना तो दूर खड़े होने की जगह नहीं थी। यात्री शौचालय तक में भरे नजर आए। महिला और लगेज कोच तक में परीक्षार्थी घुस गए, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी हुई।

# व्यापारी की होटल से अगवा कर हत्या

- परिजनों ने आठ लोगों पर लगाया आरोप
- बाजारखाला थाना क्षेत्र का मामला
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का कारण स्पष्टनहीं



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तालकटोरा क्षेत्र के राजाजीपुरम के होटल में रुके व्यापारी को कुछ लोगों ने अगवा कर लिया। जिसे गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण विसरा सुरक्षित रख लिया गया है। परिजनों ने आठ लोगों पर को नामजद करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। बाजार खाला थानाक्षेत्र के न्यू तिलक नगर निवासी मनोज गुप्ता किराना व्यवसाई हैं। जिन्होंने बताया कि उनका बेटा आयुष गुप्ता व्यवसाय के सिलसिले में कहीं बाहर गया हुआ था। जो अपने दोस्तों के साथ राजाजीपुरम के एक होटल में रुका था। जहां बीते गुरुवार की रात को रवि वर्मा उर्फ सरदार उसे अपने साथियों के साथ कार में बैठकर कहीं ले गया था। जिसकी सूचना उनके बेटी सलोनी को मिली थी। जिस पर उन्होंने खजवा पुलिस चौकी पर दी थी। शुक्रवार की दोपहर उन्हें सूचना मिली कि उनका लड़का बलरामपुर अस्पताल में गंभीर हालत में पड़ा हुआ है। मौके पर जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता ने रवि वर्मा, बलराम वर्मा, आदेश, अभिषेक श्रीवास्तव, निखिल वर्मा, दीपांशु वर्मा, तुषार राठौड़ समेत चार अन्य लोगों के. खिलाफ अपहरण कर हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। वाजार खाला प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्य ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। विसरा को सुरक्षित रख लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## शटरिंग ठेकेदार ने लेबरों संग सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को पीटा

लखनऊ। कृष्णा नगर इलाके में रहने वाले एक पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी पर गुरुवार शाम एक सटरिंग ठेकेदार ने अपने लेबरों संग हमला कर दिया जब बुजुर्ग की बेटियों ने मौके पर पहुँच बीच बचाव करने का प्रयास किया तो ठेकेदार ने उनपर भी हमला कर दिया और एक पुत्री को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास करने लगा जिसकी सूचना कंट्रोल नंबर और महिला हेल्पलाइन पर दी गई मौके पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने बेटी की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ त्र्क्रफ्र दर्ज कर लिया है कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित रूस्तम विहार निवासी कृष्णा नन्द यादव के अनुसार वह पुलिस विभाग से मुख्य आरक्षी चालक पद से सेवानिवृत्त है और अपनी दो पुत्रियों संग रहते है। उनकी पुत्रियां प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रही है उनका एक निमार्णाधीन मकान कृष्णा नगर क्षेत्र के लाला खेड़ा में है आरोप है कि आरोपित ठेकेदार महेश साहू को उन्होंने अपने दो मंजिले मकान की शटरिंग का ठेका दिया था जिसका वह पूर्ण रूप से भुगतान कर चुके है गुरुवार शाम करीब चार बजे ठेकेदार अपने लेबरों संग शटरिंग खोलकर ले जाने की तैयारी में था इस दौरान वह उनके सामान भी अपने साथ ले जाने लगा जिसपर उन्होंने विरोध किया तो ठेकेदार अपने लेबर रामगोपाल ठाकुर, भिसम अन्य तीन लेबरों संग मारपीट करने लगा और उन्हें दो मंजिले छत से निचे फेकने का प्रयास करने लगे किसी तरह बुजुर्ग ने अपने बेटियों को सूचना दी मौके पर पहुंची दोनों बहनों ने विरोध कर बीच बचाव किया तो दबंग ठेकेदार सहित उसके लेबर उनपर हावी हो गए और बड़ी पुत्री कोमल को जबरन खींच अपनी चारपहिया गाड़ी में बैठाने का प्रयास करने लगें जिसकी सूचना पीड़ितजनों ने पुलिस को कंट्रोल नंबर और महिला हेल्पलाइन पर सूचना दी सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने बुजुर्ग के बेटी की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ त्र्क्रफ्र दर्ज कर लिया है।

# बंद मकानों में चोरी करने वाली महिला समेत चार गिरफ्तार



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** क्राइम ब्रांच लखनऊ व थाना मड़ियांव पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम ने दिन में बंद घरों में रेकी कर ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह में एक महिला सहित चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आरोपित नई कॉलोनियों में बने मकानों को दिन में चिह्नित करके ताला तोड़कर चोरी करते थे। वह अधिकतर जेवर और नगदी ही ले जाते थे। मड़ियांव पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर दो माह के भीतर गुड़ंबा, सैरपुर, पीजीआई व बिजनौर इलाके में चोरी की सात घटनाओं का खुलासा किया है। आरोपितों के कब्जे से सोने की अंगूठी, बिछिया, पायल, पांच चांदी के सिक्के व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। बरामद समान की कीमत करीब 8 लाख है। गिरोह के सरगना के खिलाफ चोरी समेत अन्य धाराओं में 16 मुकदमे दर्ज हैं।

डीसीपी उत्तरी अभिजित आर शंकर ने बताया कि गिरोह का सरगना मो0 शहजाद उर्फ शेरा हाल पता म0न0 12/12 मायावती कॉलोनी भिटौली खुर्द 46वर्ष, राहिल साहिल अंसार उर्फ रहिल निवासी साले नगर मायावती कॉलोनी आशियाना 45 वर्ष विपिन यादव निवासी गर रंजीत खेड़ा मौरावां उन्नाव 24 वर्ष सविता देवी उर्फ सारिका देवी पत्नी राजबहादुर निवासी सेमरगौढ़ी थाना मड़ियांव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपितों से सख्ती से हुई पूछताछ में बताया कि वह ऐसे घरों को चिन्हित करते थे जिसमे ताला पड़ा होता था जहां रहने वाले का दिन में आने-जाने का समय निश्चित रहता था। तीन लोग चोरी करते थे और महिला चोर रास्ते मे खड़े होकर आने जाने वालो पर नजर रखती थी। वह कॉलोनियों में बने घरों की रेकी करते हैं। पकड़े जाने के भय से चोरी की बाइक और चोरी का हेलमेट लगाकर घटना को अंजाम देते थे। गिरोह के सरगना शहजाद उर्फ शेरा के खिलाफ मड़ियांव, अलीगंज, नाका, पारा, सरोजनीनगर, चिनहट, पीजीआई व गोसाईगंज समेत अन्य थाने में 16 मुमदमे दर्ज है। राहिल साहिल के खिलाफ चोरी व लूट के 18 मुकदमे और विपिन के खिलाफ 16 और सविता उर्फ सारिक देवी के खिलाफ 7 मुकदमा दर्ज है। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र दुबे ने बताया कि आरोपित 10 मिनट के भीतर घर का ताला तोड़कर माल समेट कर भाग निकलते थे। आरोपित ज्यादातर सुबह और दोपहर के समय वादरात को अंजाम देते थे। उन्हें लगातार निश्चित समय पर कोई घर 10 मिनट भी बंद दिखता तो उसमें भी ताला तोड़कर घुस जाते थे।

## होटल पर बैठे युवकों को दबंगों ने जमकर पीटा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के सैय्यद बाड़ा मोहल्ला में शुक्रवार शाम होटल पर पीने गये युवक की वहीं के दबंग ने अपने बेटों के साथ मिलकर पिटाई कर दिया। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी व उसके तीन लड़कों सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

नगराम कस्बा के सैय्यद बाड़ा मोहल्ला निवासी तुफैल खान द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार शुक्रवार शाम वह मोहल्ला स्थित मामू के होटल पर चाय पी रहा था। मोहल्ले के ही इशहाक उर्फ कल्लू कसाई व उनके लड़के मोहम्मद रेहान मोहम्मद रज्जब अली उर्फ शेरू व मोहम्मद आरमान होटल के पास राहील के मेडिकल स्टोर पर पहले से ही बैठे हुए थे। वह चाय पी रहा था तभी चारों लोग एकराय होकर आए और गंदी गंदी गालियां देते हुए बोले कि तू नगराम मे भैंस कटान बंद कराकर बड़े पत्रकार बनता है। वह कुछ समझ पाता उसके पहले ही चारों लोगों ने उसे जमीन पर गिरा कर लात घूसों से मारा पीटा। और जान से मारने की धमकी दिया। उसके द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद कल्लू के लड़के अपनी मां को आगे कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही चारों लोग मौके से भाग गए। मार-पीट से उसका मोबाइल भी टूट गया। उक्त घटना मौके पर मौजूद पप्पू मिस्त्री वकील बैटरी वाले गुड्डन अब्बास समेत कई लोगों ने देखा व सी सी टी वी कैमरे में भी है। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी इशहाक उर्फ कल्लू व उसके लड़कों मोहम्मद रेहान रज्जब अली उर्फ शेरू व मोहम्मद आरमान के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज तोड़-फोड़ सहित जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर की लूट:** लड्डू लेने जा रहे युवक को बाइक सवार बदमाशों ने रोककर तमंचे के बल पर सोने की चेन, अंगूठी सहित नगदी लूट ली विरोध करने पर उसके सिर पर हमला कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घेरेबंदी कर बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के सिसवारा निवासी विवेक पांडेय खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बीते शुक्रवार देर शाम वह गहदो तिराहा लड्डू लेने आया था। वही महफूज टेलर की दुकान के सामने पहुंचा ही था तभी अनुभव सिंह, छोटू, अल्ला तथा एक अज्ञात पहले से खड़े थे जिन्होंने उसे रोक लिया। असलहा दिखाकर विवेक को लूटना चाहा तो उसने विरोध किया। बदमाशों ने विवेक के सिर पर धारदार हथियार से वार कर चोटिल कर दिया घायल होते ही विवेक शोर मचाते हुए अपनी बाइक छोड़कर पैदल भागने लगा। पीछा कर उससे सोने की चेन और अंगूठी तथा जेब में रखे पांच हजार नगदी लूटकर बाइक से गहदो तिराहे की ओर फरार हो गए। विवेक ने घटना की जानकारी कंट्रोल रूम को दी मौके पर पहुंचे परिजन और डायल 112 पुलिस ने घायल से बदमाशों का हुलिया पूछ कर आसपास घेराबंदी कर बदमाशों की तलाश की परंतु सफलता नहीं मिली।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में शराब पीकर यात्री ने किया हंगामा

लखनऊ। दुबई से लखनऊ आ रही फ्लाइट संख्या एयर इंडिया आई एक्स 194 में एक यात्री ने शराब पीकर जमकर हंगामा किया।

फ्लाइट दुबई से उड़ने के बाद विमान जैसे ही हवा में पहुंची वैसे हीं फ्लाइट के अंदर सबसे पीछे बैठे यात्री ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया और इसके बाद हंगामा करने लगा। मना करने पर एयर होस्टेस से मारपीट भी की। मारपीट और हंगामें की सूचना मिलने पर एयर होस्टेस और पायलट परेशान होकर अनाउंसमेंट जारी करके की फ्लाइट को कराची में उतारे जाने का बात कहीं। बावजूद इसके भी किसी तरह विमान को राजधानी लखनऊ स्थित सरोजनी नगर के चौधरी चरण सिंह एयर पोर्ट पर विमान उतारा। ऐसा यह पूरा मामला एयर इंडिया की विमान संख्या क194 दुबई से लखनऊ आ रहे में नशे में धुत यात्री द्वारा किया गया।

## मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने किया ओडिसी इंटरनेशनल का उद्घाटन



लखनऊ। सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव ओडिसी इंटरनेशनल-2024 का उद्घाटन शनिवार को रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्कूल के कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर इस अनूठे अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मनोज सिंह ने कहा कि अंग्रेजी भाषा पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुकी है और यह भाषा हमें एक नई विश्व संस्कृति की ओर ले जा रही है। आज के बदलते परिवेश में हमें अपनी मातृभाषा हिन्दी के साथ-साथ बच्चों को अंग्रेजी साहित्य का भी ज्ञान कराना आवश्यक है। बता दें कि ओडिसी इण्टरनेशनल-2024 का आयोजन 31 अगस्त से 3 सितम्बर तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें अमेरिका, इंग्लैण्ड, रूस, नेपाल, श्रीलंका एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से आये करीब 500 छात्र व विषय विशेषज्ञ प्रतिभाग कर रहे हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर

पत्रांक :-191/न.पं.त.-15वां वि.आ.पं.दी.दया./2024-25 दिनाँकः - 31-08-2024

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

समस्त अधिकृत / वैध पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग टाईड/अनटाईड पं.दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अन्तर्गत धनराशि से निर्माण कार्यों हेतु ई- निविदयें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित नियम / शर्ते व कार्य विवरण उक्त वेबसाईड पर उपलब्ध है-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 02.09.2024 समय 10:00 बजे |
| 2 | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 02.09.2024 समय 10:00 बजे से |
| 3 | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय | 23.09.2024 समय 5:00 बजे तक |
| 4 | ई-निविदा खोले जाने की तिथि व समय | 24.09.2024 समय 10:00 बजे से |

(प्रदीप कुमार गौतम)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद
जनपद-सीतापुर

(तय्यबुन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद
जनपद-सीतापुर


# इलाज के दौरान इलेक्ट्रिशियन की मौत, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में पिटाई से घायल हुए इलेक्ट्रिशियन की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

स्थनीय पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के सरसवां गांव निवासी मृतक की मां सुनीता का आरोप है कि बीते रक्षा बंधन के दिन मेरा बेटा अनुज गौरव (25) पीजीआई में एक दुकान पर काम पर गया था। जिसे शाम के वक्त पड़ोस के रहने वाले आशीष, रंजीत व अमरीश ने शराब पीकर लाठी डंडे से पिटाई कर घर के बाहर छोड़ गए। ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात मौत हो गई। भाई अर्पित ने बताया कि मृतक इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। रक्षा बंधन के दिन शाम को घर के बाहर विहोशी की हालत में मिला थे। सर से लेकर शरीर मे गंभीर चोटे आई। जिसकीं वजह से उसकी मौत हो गई।

इंपेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर नही दी गई है। तहरीर मिलती है तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार कार्यवाईं कि जाएगी।

**चोरी की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने टरकाया:** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने बीते 18 दिन पूर्व रात्रि में एक घर में सो रहे परिवार की नींद का फायदा उठा घर से कीमती मोबाइल फोन समेत हजारों की नकदी पार कर फरार हो गए। चोरी की जानकारी होने पर पीड़िता ने अगले ही दिन सुबह पुलिस से चोरी की शिकायत की थी लेकिन पुलिस सर्विलांस का बहाना ले पीड़िता को टरकाती रही बेबस हो पीड़िता ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज कराया है। कृष्णा नगर क्षेत्र के गंगा खेड़ा में अपने मायके में रह रही पीड़िता वंदना पत्नी लाल चंद के अनुसार बीते 12 अगस्त की रात्रि उनके परिवार में सभी के सो जाने के बाद देर रात्रि उसके घर में घुस चोरो ने कीमती मोबाइल फोन समेत पांच हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। उसने घटना की शिकायत स्थानीय थाने में पुलिस से की थी। लेकिन कृष्णा नगर पुलिस शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज करने के बजाये उसे टरकाना शुरू कर दियो पुलिस के रवैये से बेबस हो उसने ने ऑनलाइन अपनी शिकायत कीं घटना के 18 दिन बाद शिकायत पर पुलिस ने चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

## नाबालिग के साथ दुराचार का आरोपी गिरफ्तार




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज इलाके में नाबालिग के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के एक गांव की नाबालिक किशोरी को एक सप्ताह पहले रात में भगा ले गया था पीड़ित पिता ने थाने पर शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगायी थी। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया शिकायत मिलने के बाद पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही थी तथा दो दिन पहले नाबालिक किशोरी को सकुशल बरामद कर पूछताछ में लड़की ने जबरदस्ती ले जाकर दुराचार की बात बतायी थी साक्ष्य संकलन के आधार पर शनिवार को पुलिस ने ज्योतिनगर मोड़ पर आरोपी अमन शर्मा निवासी गौरा थाना मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# 30 ट्रेनें रहेंगी निरस्त, दर्जनों के मार्ग बदले

- यात्रियों की दिक्कतें 4 सितंबर तक बढ़ेंगी, मार्ग बदलने से सैंकड़ों यात्रियों यात्रा सांसत में फंसी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु गोरखपुर-गोंडा खंड पर स्थित मगहर-खलीलाबाद-चुरेब स्टेशनों के मध्य आटोमेटिक सिगनलिंग की कमीशनिंग के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रि-शिड्यूलिंग/नियंत्रण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं स्थगित ठहराव किया जायेगा।

जिन ट्रेनों को निरस्त किया गया है उनमें छपरा से 02 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 22531 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। मथुरा जं. से 02 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 22532 मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा कचहरी से 02 एवं 03 सितम्बर को चलने वाली 15114 छपरा कचहरी-गोमती नगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमती नगर से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 15113 गोमती नगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 12531 गोरखपुर-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 12532 लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 12530 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। पाटलिपुत्र से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 12529 पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ऐशबाग से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 04 एवं 05 सितम्बर को चलने वाली 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। ग्वालियर से 04 सितम्बर को चलने वाली 04137 ग्वालियर-बरौनी विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। बरौनी से 05 सितम्बर को चलने वाली 04138 बरौनी-ग्वालियर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। 05093/05094 गोरखपुर-गोंडा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 03 एवं 04 सितम्बर को निरस्त रहेगी। 05425/05426 भटनी-अयोध्या धाम जं.-भटनी अनारक्षित विशेष गाड़ी 03 एवं 04 सितम्बर को निरस्त रहेगी। गोंडा से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 05091 गोंडा-सीतापुर अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर से 04 एवं 05 सितम्बर को चलने वाली 05092 सीतापुर-गोंडा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। 05131/05132 गोरखपुर-बहराइच-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 03 एवं 04 सितम्बर को निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 03 सितम्बर को चलने वाली 05031 गोरखपुर-गोंडा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोंडा से 04 सितम्बर को चलने वाली 05032 गोंडा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। 05453/05454 गोंडा-सीतापुर-गोंडा अनारक्षित विशेष गाड़ी 04 एवं 05 सितम्बर को निरस्त रहेगी। 05459/05460 सीतापुर-शाहजहाँपुर-सीतापुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 04 एवं 05 सितम्बर को निरस्त रहेगी। 05471/05472 नकहा जंगल-नौतनवा-नकहा जंगल अनारक्षित विशेष गाड़ी 03 एवं 04 सितम्बर को निरस्त रहेगी। 05033/05034 गोरखपुर-बढ़नी-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 03 एवं 04 सितम्बर को निरस्त रहेगी। 05469/05470 नकहा जंगल-नौतनवा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी 03 एवं 04 सितम्बर को निरस्त रहेगी।

जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें बरौनी से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 03 सितम्बर को चलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 03 एवं 04 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग गोंडा-बस्ती-गोरखपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव बस्ती स्टेशन पर नहीं रहेगा। दरभंगा से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। सहरसा से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 22537 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 03 सितम्बर को चलने वाली 12595 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। न्यू जलपाईगुड़ी से 03 सितम्बर को चलने वाली 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 03 एवं 04 सितम्बर को चलने वाली 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। महबूबनगर से 01 सितम्बर को चलने वाली 05304 महबूबनगर-गोरखपुर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। डिब्रूगढ़ से 02 सितम्बर को चलने वाली 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 03 सितम्बर को चलने वाली 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 04 सितम्बर को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। जयनगर से 04 सितम्बर को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-बलिया-फेफना-मऊ-शाहगंज- अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी।

गोरखपुर से 04 सितम्बर को चलने वाली 20104 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। नाहरलगुन से 03 सितम्बर को चलने वाली 22411 नाहरलगुन-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-गाजीपुर सिटी-औंड़िहार-वाराणसी जं.-जफराबाद-जौनपुर-शाहगंज-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 03 सितम्बर, 2024 को चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनल से 03 सितम्बर को चलने वाली 12596 आनन्द विहार टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 03 सितम्बर को चलने वाली 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 04 सितम्बर को चलने वाली 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। जम्मूतवी से 03 सितम्बर को चलने वाली 15098 जम्मूतवी-भागलपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। दिल्ली से 04 सितम्बर को चलने वाली 04494 दिल्ली-गोरखपुर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

## उत्तराखण्डी फिल्म असगार का हुआ प्रीमियर शो



**लखनऊ।** शनिवार को सहारा मॉल हजरतगंज में आयुषी फिल्म्स द्वारा निर्मित उत्तराखण्डी फिल्म असगार का भव्य प्रीमियर शो हुआ, इसका शुभारंभ लखनऊ की माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। उत्तराखंड की यह पहली सुपर नेचुरल होरर फिल्म है। फिल्म का कथानक एक उत्तराखंडी पहाड़ी गांव पर आधारित है जहां अचानक रहस्यमय मौतों का सिलसिला शुरू होता है। पूरा गांव शासन प्रशासन कोशिश करके भी इस रहस्य को सुलझा नही पाते, मगर आखिरकार गांव की देवी इस रहस्य को जब सुलझती है तो सबके होश उड़ जाते है। उत्तराखंड की संस्कृति व परम्परा को समर्पित यह फिल्म असगार पहले ही देहरादून व दिल्ली में सफलता के कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। आज सहारा मॉल में भी इस फिल्म को देखने के लिए उत्तराखंडी समाज के लोग भारी संख्या में उमड़ पड़े। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह गड़िया, ठाकुर सिंह मनराल, नरेंद्रसिन देवड़ी, गणेश जोशी, महेंद्र रावत, सुमन रावत, मोहन सिंह मैना, और प्रेम सिंह फर्स्वाण मौजूद थे।

## उत्तराखंड महापरिषद ने राधा रतूड़ी को दिया महोत्सव का निमंत्रण



लखनऊ। शहर की प्राचीन एवं गौरवमयी संस्था उत्तराखंड महापरिषद के शिष्टमंडल द्वारा आज अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत के नेतृत्व में उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आईएएस तथा उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी, आईपीएस से लखनऊ में शिष्टाचार मुलाकात की तथा उत्तराखंड महोत्सव 2024 के बारे में जानकारी देते हुए महोत्सव में किसी दिन मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु निवेदन किया जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए आने की अपनी सहमति व्यक्त की। शिष्टमंडल द्वारा दोनों महान विभूतियों का सम्मान करते हुए अंग वस्त्र एवं उत्तराखंड महापरिषद के हीरक जयंती वर्ष प्रतीक चिन्ह भेंट किया। साथ ही स्मारिका उत्तराखंड दर्पण भी भेट की गई। उत्तराखंड महापरिषद के महासचिव भरत सिंह बिष्ट द्वारा संक्षेप में संस्था के बारे में जानकारी दी। शिष्टमंडल मे संयोजक दीवान सिंह अधिकारी, अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत, उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत, महासचिव भरत सिंह बिष्ट, सांस्कृतिक सचिव महेन्द्र गैलाकोटी, संगठन सचिव, भुवन पटवाल, सदस्य, पूरन जोशी, महिला शाखा के पदाधिकारी निर्मला पंत, डा. करुणा पांडे एवं ज्योति हेडिया उपस्थित रहे।

# मासिक शिवरात्रि आज, भक्त करेंगे भोलेनाथ की पूजा

**मुहूर्त**
- भाद्रपद, कृष्ण चतुर्दशी प्रारम्भ – 03:40 ए एम, सितम्बर 01
- भाद्रपद, कृष्ण चतुर्दशी समाप्त – 11:40 ए एम, मई 07
- पूजा का शुभ मुहूर्त – 11:58 पी एम से 12:44 ए एम, सितम्बर 02

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू धर्म में मासिक शिवरात्रि का बहुत अधिक महत्व होता है। मासिक शिवरात्रि का पर्व भगवान शंकर को समर्पित होता है। मासिक शिवरात्रि पर रात्रि में पूजा का विशेष महत्व होता है। मासिक शिवरात्रि पर भगवान शंकर की पूजा- अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं और भगवान शंकर की विशेष कृपा प्राप्त होती है। हर माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है। इस समय भाद्रपद मास चल रहा है। भाद्रपद मास की मासिक शिवरात्रि आज यानी 1 सितंबर, रविवार को है।

**मासिक शिवरात्रि पूजा-विधि:** इस पावन दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त होने के बाद साफ- स्वच्छ वस्त्र धारण कर लें। घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। शिवलिंग का गंगा जल, दूध, आदि से अभिषेक करें। भगवान शिव के साथ ही माता पार्वती की पूजा अर्चना भी करें। भगवान गणेश की पूजा अवश्य करें। किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। भोलेनाथ का अधिक से अधिक ध्यान करें। ॐ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। भगवान भोलेनाथ को भोग लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है। भगवान की आरती करना न भूलें।

**मासिक शिवरात्रि पूजा सामग्री लिस्ट:** पुष्प, पंच फल पंच मेवा, रत्न, सोना, चांदी, दक्षिणा, पूजा के बर्तन, कुशासन, दही, शुद्ध देशी घी, शहद, गंगा जल, पवित्र जल, पंच रस, इत्र, गंध रोली, मौली जनेऊ, पंच मिष्ठान्न, बिल्वपत्र, धतूरा, भांग, बेर, आम्र मंजरी, जौ की बालें, तुलसी दल, मंदार पुष्प, गाय का कच्चा दूध, ईख का रस, कपूर, धूप, दीप, रूई, मलयागिरी, चंदन, शिव व मां पार्वती की श्रृंगार की सामग्री आदि।

## नव अंशिका फाउण्डेशन के स्थापना दिवस का पोस्टर लांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नव अंशिका फाउण्डेशन के पांचवे स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 11 सितम्बर को भव्य समारोह का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा। समाजसेवी आक्सीजन मैंन राजेश जैसवाल संगीता जैसवाल, दबीर सिद्दीकी, फिल्म निर्देशक आशीष कश्यप, एआर इंटरटेनमेंट के फाउंडर डारेक्टर अरविंद चित्रांश, डी डी कंपनी के निदेशक देश दीपक कश्यप और नीशू त्यागी, के द्वारा पोस्टर लांच किया गया।

फाउण्डेशन की निर्देशिका नीशू त्यागी ने बताया कि इस अवसर पर बिग बॉस और एमटीवी रोडीज के विजेता आशुतोष कौशिक इस समारोह के केन्द्रीय आकर्षण बनेंगे। समारोह में पहली बार गोल्डन गाला अवार्ड 2024 का वितरण किया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को अलंकृत किया जाएगा। इसके साथ ही मीडिया के प्रतिष्ठित शख्सियतों को कलम शक्ति सम्मान से नवाजा भी जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। आक्सीजन मैंन समाजसेवी और फाण्डेशन के संरक्षक राजेश जैसवाल ने बताया कि नव अंशिका फाण्डेशन बीते पांच वर्षों में लखनऊ ही नहीं प्रदेश स्तर पर लगातार सक्रिय है। महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित नव अंशिका फाउण्डेशन हर साल आठ मार्च को ही नहीं बल्कि पूरे मार्च महीने को महिला माह के रूप में मनाती हैं। इसमें हर सप्ताह एक आयोजन महिलाओं को समर्पित खास थीम पर आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही फाउण्डेशन, शक्तिस्वरूपा सम्मान देकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अमूल्य योगदान देने वाली प्रेरक महिलाओं का अलंकरण भी कर रही है।

## पीडब्ल्यूडी के एचओडी बने योगेश पवार



**लखनऊ।** शासन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) योगेश पवार को शनिवार ने बतौर प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष पद पर तैनात किये जाने का निर्देश जारी कर दिया है। यह आदेश विशेष सचिव प्रभुनाथ की ओर से जारी किया गया है। शनिवार की शाम को बतौर प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष पद पर योगेश पवार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। साथ ही शाम को प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष पद पर रहे जितेंद्र कुमार बांगा सेवानिवृत्त हो गये। इस दौरान योगेश पवार को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनकी कार्यशैली को देखते हुए कर्मचारियों के बीच विभाग की उत्तरोतर विकास की चर्चा बनी रही।

## यशस्वी सराफ रोटरी इंटरेक्ट क्लब की अध्यक्ष बनीं



**लखनऊ।** रोटरी ट्रांस गोमती लखनऊ के द्वारा आज होटल शिवाय गोमती नगर में इंटरेक्ट ऑफ लखनऊ चेंज मेकर का इंडक्शन प्रोग्राम संपन्न हुआ। जिसमें यशस्वी सराफ अध्यक्ष, आर्या अग्रवाल उपाध्यक्ष, त्रिशा त्रिपाठी सचिव और यशिता टंडन कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गए। रोटरी के सीनियर मेंबर्स इसमें सम्मिलित हुए प्रोग्राम में की पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के के श्रीवास्तव असिस्टेंट गवर्नर भारती गुप्ता प्रेसिडेंट पंकज मित्तल सेक्रेटरी पूर्वी मित्तल और गनमैन व्यक्ति सम्मिलित हुए इंटरेक्ट क्लब रोटरी का बच्चों के द्वारा चलाई जाने वाला क्लब है जिसमें 12 से 18 से की आयु के बच्चे सम्मिलित होते हैं समाज के लिए बच्चों समाज के बदलाव के लिए बच्चों को कम उम्र से ही जब वह स्कूल गोइंग होते हैं तब से उनमें समाज को बढ़ाने की भावना को देने का प्रयास है यह इंटरेक्ट क्लब से उनकी टीम के सदस्यों ने 10 सदस्यों ने इस प्रोग्राम में सम्मिलित हुए और सभी सीनियर मेंबर्स ने अपना अपना विचार व्यक्त किया।

# भजन संग नृत्य से सजी अवध की शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** संस्कृत के प्रकांड विद्वान होते हुए भी गोस्वामी तुलसीदास ने न केवल लोकभाषा को संरक्षण दिया अपितु लोक को परम्पराओं की परिधि में मयार्दा का पाठ भी पढ़ाया। लोक को समझाने का यह महत कार्य लोकभाषा में ही सहज सम्भव था। ये बातें तुलसीदास और लोकभाषा विषय पर केन्द्रित लोक चौपाल में साहित्यकार डा. शशिकान्त गोपाल ने कहीं।

गोस्वामी तुलसीदास जयंती के उपलक्ष्य में लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा गोमतीनगर के विनय खण्ड स्थित कलाकार नेहा प्रजापति के आवास पर आयोजित चौपाल में गोस्वामी जी पर चर्चा के साथ ही हनुमान चालीसा की संगीतमय प्रस्तुति और कृष्णभजनों की सरिता भी प्रवाहित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अविका गांगुली ने मोहन बिन राधा भई बावरी से कियासौम्या गोयल, मिहिका, अविका, आद्रिका मिश्रा, अव्युक्ता, स्मिता पांडे, अमेया सिंह व कर्णिका सिंह ने सामूहिक रूप से अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम्-सहित कृष्ण भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। नृत्य गुरु निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में अव्युक्ता ने गुरु वंदना, गुना श्री आर. ने गोकुल की गलियों में देखो धूम मची है आज, आद्रिका मिश्रा ने श्यामा आन बसो वृंदावन में तथा सुमन मिश्रा ने कैसे जाऊं मैं पनिया भरन को सखी पर मनमोहक नृत्य किया। सितार पर मिहिका गांगुली ने संगत की। गीतकार सौरभ कमल ने स्वरचित गीत सुनाये। इस अवसर पर वरिष्ठ संगीतज्ञ गायत्री डेविड, लोक चौपाल की प्रभारी अर्चना गुप्ता, संस्थान की संरक्षक आभा शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे। लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि आगामी सात सितम्बर की सायं संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में स्मृति शेष संगीत विदुषी प्रो. कमला श्रीवास्तव की 94वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वरांजलि का आयोजन किया जा रहा है।

## श्रीकृष्ण छठी महोत्सव में दो दिवसीय कथा शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की छठी महोत्सव और गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन पर तुलसी पीठाधीश्वर एवं कथा व्यास तुलसी जी महाराज की दो दिवसीय कथा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 31 अगस्त और 1 सितंबर को लखनऊ के चौक एरिया में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। कथा के साथ भगवान श्री कृष्ण की जन्म लीला, नंद उत्सव लीला, श्री कृष्णा छठी महोत्सव एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा और पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस से राजसभा सांसद प्रमोद तिवारी, मशहूर अभिनेता शेखर सुमन और मुंबई से बालासाहेब ठाकरे की पुत्रवधु स्मृता ठाकरे भी सम्मिलित हुई। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन की शुरूआत लखनऊवासियों का आभार व्यक्त करते हुए की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन के दौरान कहा लखनऊ नगरी भगवान श्रीराम के अनुज के द्वारा बसाई गई है और यहां का धर्म प्रवाह विभिन्न स्थानों पर देखने को मिलता है। वहीं स्मृता ठाकरे ने लखनऊ की इस भव्य कथा आयोजन के लिए पीठाधीश्वर तुलसी जी महाराज का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें आने वाले दिसंबर में महाराष्ट्र में कथा आयोजन और अंतर्राष्ट्रीय समुद्र आरती हेतु आमंत्रित किया। वहीं अभिनेता शेखर सुमन ने कहा भक्तों का ये जमावड़ा मेरे मन को प्रफुल्लित कर रहा है। और लखनऊवासियों की तालियों ने मुझे ऊजार्वान कर दिया। तथा कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा युद्धभूमि में धर्म और सत्य के लिए श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिया, आज हमें उसका अनुसरण करने की आवश्यकता है। इन सबके पश्चात तुलसी जी महाराज ने कहा कि सभी भक्तगणों को छठी का पर्व घर पर मनाना चाहिए जिससे बच्चों के अंदर संस्कार विकसित हो सकें।

## अनिल कुमार राजस्व परिषद के अध्यक्ष बने

लखनऊ। राज्य सरकार ने वर्ष 1989 बैच के आईएएस अधिकारी अनिल कुमार को राजस्व परिषद का नया अध्यक्ष बनाया है। कुल तीन आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। यहां रहे डा. रजनीश दुबे शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद इस पद पर अनिल कुमार की तैनाती की गई है। अनिल कुमार अपर मुख्य सचिव होमगार्ड के पद पर तैनात थे और सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद का उनके पास अतिरिक्त प्रभार था। अनिल कुमार 31 जुलाई 2019 को होमगार्ड में तैनात किए गए थे। इसके पहले वह आयुक्त श्रम के पद पर तैनात थे। अनिल कुमार होमगार्ड विभाग में तैनात रहने के दौरान होमगार्ड जवानों के हितों में कई महत्वपूर्ण काम किए थे। इसके अलावा बीएल मीणा प्रमुख सचिव बागवानी एवं रेशम उत्पादन के साथ होमगार्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अभय कुमार को सचिव उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय विभाग से सचिव सूचना आयोग बनाया गया है।

# भाजपा का सदस्य बनकर राष्ट्रनिर्माण में भागीदार बनना है : भूपेन्द्र चौधरी

- भाजपा की प्रदेश में बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान की कार्यशालायें सम्पन्न
- संगठन की विचारधारा हर घर तक पहुंचाने का काम करना है : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा ने शनिवार को प्रदेश में बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान की कार्यशालायें आयोजित कर सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्वग्राही एवं सर्वसमावेशी सदस्यता का मंत्र दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने लखनऊ की मध्य विधानसभा के बूथ सं. 88 पर बूथ कार्यशाला को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कैंट विधानसभा के बूथ सं. 178 तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने लखनऊ की बख्शी का तालाब के बूथ सं. 229 पर सदस्यता अभियान की बूथ कार्यशाला को संबोधित किया। साथ ही प्रदेश, क्षेत्र, जिला के पदाधिकारी, सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व नेताओं ने सदस्यता अभियान की बूथ कार्यशालाओं को संबोधित किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना है। बूथ के प्रत्येक घर तक हमें पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति को भाजपा परिवार में सदस्य के रूप में जोड़ने का काम करना है। भाजपा की परम्परा में सतत सम्पर्क व सतत संवाद निहित है। इसी परम्परा के साथ सदस्यता अभियान के माध्यम से सघन जनसम्पर्क करते हुए विपक्ष द्वारा फैलाये गए प्रत्येक झूठ व भ्रम को समाप्त करने का काम करना है। 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। हमें सभी वर्गों को भाजपा के साथ जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा का जो प्राथमिक सदस्य है वह कल भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हो सकता है। यह केवल भाजपा में ही संभव है।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से संगठन की विचारधारा हर घर तक पहुंचाने का काम करना है। योजनाबद्ध तरीके से समग्र रूप से कार्य करते हुए सदस्यता अभियान में प्रदेश द्वारा लिए गए लक्ष्य को ना सिर्फ प्राप्त करना है बल्कि उसे कहीं अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करना है। उन्होंने कहा कि हमें हर घर, हर वर्ग तथा हर व्यक्ति तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं तथा हमारी सरकारों के ऐतिहासिक निर्णयों के साथ पहुंचना है। सशक्त भाजपा से विकसित भारत के संकल्प की पूर्णता के लिए तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए हमें बड़ी संख्या में लोगो को भाजपा के साथ जोड़ना है।

शनिवार को प्रदेश में बूथ स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं में बूथ समिति तथा बूथ पर निवास करने वाले पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला व मंडल के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष व सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, आयोग निगम बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बूथ कार्यशालाओं में माइक्रो-मैनेजमेंट के तहत 02 सितम्बर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान की योजना रचना पर चर्चा की गई तथा कार्यवर्गीकरण किया गया।

## सेंट जोसेफ के बच्चों ने दिया क्लास प्रेजेंटेशन

- क्लास प्रेजेंटेशन में नौनिहालों ने सिखाया हमारी संस्कृति हमारी धरोहर और प्रकति की सुरक्षा का जीवन से सबंध
- बच्चों के प्रति हम लोग मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभायें : पुष्पलता अग्रवाल

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ कॉलेज के ज्ञान स्मृति सभागार में कक्षा प्लेवे से कक्षा 2 तक के बच्चों ने क्लास प्रेजेंटेशन माध्यम से पेरेंट्स को जागरूक किया। जिसमें कक्षा प्लेवे के बच्चो ने जंगली जानवरों को सृष्टि के अदभुत प्राणी बताकर उनके बारे में जानकारी दी।

नर्सरी के नन्हे मुन्नों ने मानव शरीर के अंग, एनिमल्स एंड यंग वन्स, विभिन्न प्रकार के फल और सब्जियां, रंगो का जीवन में महत्व, कक्षा यू के जी के बच्चों ने एतिहासिक पुस्तकों का महत्व, खेलों का जीवन मे वास्तविक प्रभाव के बारे में भी बताया कि खेल कैसे हमारे जीवन के आवश्यक है। कक्षा एक के बच्चो ने अपने स्कूल की अनवरत यात्रा पर प्रकाश डाला और लिव लाइफ कलीनर (मेक द अर्थ ग्रीनर) को समझाया। कक्षा दो के बच्चो ने अपना शहर लखनऊ, अभिभावक-शिक्षक और शिक्षार्थी के सबंधो को बताया। यूकेजी के बच्चों ने समझाया कि कैसे जल की बचत हमारे भविष्य के लिए आवश्यक है। विद्यालय समूह के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह बच्चे आगे चल के देश की कमान संभालेंगे इसीलिए नेतृत्व की क्षमता का विकास करने के लिए इस प्रकार के आयोजन विद्यालय में किए जाते हैं। क्लास प्रेजेंटेशन का निर्देशन प्ले ग्रुप से कक्षा दो की कोऑर्डिनेटर लता लोहुमी ने किया। क्लास प्रेजेंटेशन मे विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं प्रशासनिक अधिकारी के अलावा शिक्षकगण और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

संक्षेप

## 38 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से हुआ चयन

**कुशीनगर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, रविन्द्रनगर धूस, कुशीनगर के परिसर में दिनांकः 31.08.2024 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 03 कम्पनियों सम्मिलित हुई। रोजगार मेले में प्रतिभाग के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं आई०टी०आई उत्तीर्ण थी। रोजगार मेले में कुल 53 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से कुल 38 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया गया। विभिन्न पदों जैसे सिक्योरिटी गार्ड तथा एच०आर०, मशीन आपरेटर, सेल्स मैन, फिल्ड लेबल आफिसर इत्यादि पदों पर चयन किया गया। रोजगार मेले में जिला सेवायोजन अधिकारी, कुशीनगर, अधिकारी, अनिल कुमार, व०स०, जितेन्द्र जायसवाल, क०स०, अभिषेक मिश्रा, वाई०पी०, रामप्रवेश एवं श्री प्रशान्त कुमार सिंह, आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीएम और एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया।** जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा पूर्ण शुचिता एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने आज दीनानाथ पांडेय गवर्नमेंट महिला पीजी कॉलेज तथा बाबा राघव दास इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा संपन्न हो रही है, जिससे कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा सके।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा पर नजर रखने के लिए जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम आदि का अवलोकन कर जायजा लिया गया। ड्यूटी में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारीगण को जारी गाइडलाइन का पूर्णतः अनुपालन करनें के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 4272 अभ्यर्थियों में से 3,285 उपस्थित हुए तथा 987 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा में 4,272 अभ्यर्थियों में से 3,377 उपस्थित हुए तथा 895 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## बोझ नहीं वरदान है बुजुर्ग : सत्र न्यायाधीश



**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं मा0 अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, देवरिया देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा पूरवा मेहड़ा स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्ध जनों के हितो के संरक्षण हेतु विधिक जागरूकता/साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ने कहा कि जिसने परिवार रूपी बगिया को संवारकर सदाबहार बना दिया, उस बागबान को ताउम्र उचित सम्मान मिले, यह हर किसी की जिम्मेवारी होनी चाहिए। अपनों के बीच हंसते-मुस्कुराते हुए उन्हें जिंदगी के बाकी दिन गुजारने देना चाहिए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया ने बुजुर्गों को उनके विधिक अधिकार के बारे मे विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि बोझ नहीं वरदान है बुजुर्ग उनके अनुभव से आप अपने प्रगति के मार्ग को प्रशस्त कर सकते हैं वृद्धा आश्रम में न्यायाधीश के द्वारा संवासियों से मुलाकात कर उनके खाने-पीने और रहन-सहन के बारें में विस्तार से जानकारी ली गयी। इस दौरान सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वारा रमाकांत, बैजनाथ, तेतरी देवी, लक्ष्मीपाल, रामेश्वर, बसंती, रमावती व अन्य वृद्धों की समस्याओं को सुना गया तथा इससे संबंधित को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित भी किया गया।

## पशु तस्कर गैंग के चार के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**कुशीनगर।** जिले में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाये जाने व अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को चार के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि पशु तस्करी गैंग से संबंधित अभियुक्तगण दीपू यादव पुत्र लालबचन निवासी तरूअनवा टोला अतरौल थाना चौराखास, रमेश गौड़ पुत्र रामस्वरूप गौड़ निवासी नगवा थाना गीड़ा जनपद गोरखपुर, सुरेन्द्र कुशवाहा पुत्र रामचन्द्र निवासी मल्लूडीह थाना कसया व विरेन्द्र उर्फ चेरा पुत्र रामचन्द्र निवासी कस्तुरबा थाना चौराखास के विरूद्ध थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। पुलिस ने बताया कि उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा अपने तथा अपने परिवार व सगे सम्बन्धियो/ गैंग सदस्यो के लिए आर्थिक व भौतिक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से गोवंशीय पशुओ की गौ-तस्करी करने जैसे जघन्य अपराध कारित किया जाता है। दिनांक 06.07.2022 को मुखविर खास की सूचना पर इस गिरोह को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से दो अदद मिनी पिकअप टाटा जिसमे कुल 08 राशि गोवंशीय पशु बरामद किया गया था जिसके सम्बन्ध मे अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना पटहेरवा पर मु0अ0सं0 260/ 2022 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशुओ के प्रति क्रूरता अधि0 मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। अपराध की रोकथाम हेतु इस गैंग के 04 अभियुक्तो के विरूद्ध थाना पटहेरवा पर मु0अ0सं0 280/ 2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि0 1986 मे कार्यवाही की गयी।

## केंद्रीय राज्य मंत्री को जमीन मुवावजे को लेकर दिया ज्ञापन



**देवरिया।** भाकियू ने केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान जी को पत्रक देकर जमीन के मुवावजे में कटौती न करने से संबंधित ज्ञापन सौंपा है। श्री पासवान ने किसानों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि आपकी जमीन की रजिस्ट्री ली जाएगी और उसका चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की कटौती का कोई सवाल ही नहीं है। ज्ञापन देने वालों मे भाकियू के पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार, जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह, वरिष्ठ किसान सुग्रीव मिश्रा, नीरज शुक्ला, शिवाजी चौहान, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह, बरियारपुर नगर अध्यक्ष डा० सुरेन्द्र सिंह चौहान, लल्लन यादव, भोलू चौहान, अमित चौहान, प्रेम चौहान, राघवेन्द्र चौहान इत्यादि किसान शामिल रहे।

# मरीजों को घर के नजदीक ही मिलेगा बेहतर इलाजः शलभ मणि



**देवरिया।** विस्तारित सेवा पैकेज के तहत शनिवार को जनपद में 6 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारम्भ किया गया। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने भुजौली कॉलोनी के आचार्य रामचंद्र शुक्ल नगर के अर्बन आयुष्मान मंदिर उद्घाटन कर किया। बीपी, शुगर सहित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 40 से 50 प्रकार की दवाओं और 10 प्रकार की जाँच की सुविधा मिलेगी।

इस दौरान सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि अब शहरी क्षेत्र में रहने वाले मरीजों को घर के नजदीक ही बेहतर इलाज मिल सकेगा। जिले में अब छह और अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित होंगे। इसके पूर्व तीन ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर रामनाथ, चकियावा और सोमनाथ में संचालित हो रहा था। अब भुजौली आचार्य रामचंद्र शुक्ल नगर, देवरिया खास(पश्चिमी), जिला जेल के नजदीक दानोपुर, भीखमपुर रोड अम्बेडकर नगर, कांशीराम आवास मेहड़ा बाहर, अली नगर शुगर मिल ग्राउंड अबूबकर नगर उत्तरी अर्बन आयुष्मान मंदिर का संचालन शुरू किया गया सीएमओ डॉ राजेश झा कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने का निर्णय लिया है।

इसके लिए फार्मासिस्ट, एलटी, स्टाफ नर्स, वार्डबॉय व स्वीपर की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गर्भावस्था एवं शिशु जन्म देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भ निरोधक सेवाएं एवं अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल, संचारी रोगों का प्रबंधन, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और ओपीडी आदि सेवाएं दी जाएंगी।

इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ हरेंद्र, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, डॉ विनीत, डॉ निहारिका, डीपीएम पूनम, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, कालेश्वर राय आदि लोग उपस्थित थे।

# निजी अस्पताल में हुई प्रसूता की मौत

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में मिशनरी द्वारा संचालित सच्चिदानंद अस्पताल में एक प्रसूता की मौत हो गयी। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में रात के समय कोई जिम्मेदार डॉक्टर न होने और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। मौके पर पहुची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों से

**● डॉक्टर न होंने और स्टाफ द्वारा की गई लापरवाही से मौत होने का लगाया आरोप**

तहरीर लेकर आगे की कार्यवाही में जुटी है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत कप्तानगंज में मिशनरी संगठन द्वारा संचालित सच्चिदानंद अस्पताल में शनिवार की भोर में एक प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों ने रात में अस्पताल पर डॉक्टर ना होने व स्टाफ द्वारा लापरवाही के कारण मौत होने का आरोप लगाया। मृतिका के पति विजय प्रकाश ने बताया कि वह अपनी 40 वर्षीय पत्नी माया देवी को अपने गांव नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के डिगनी से बीते 22 तारीख को भी लाकर उक्त अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया था। इसके बाद डॉक्टर ने समस्या होने पर बुलाया। शुक्रवार को देर शाम लगभग 5:30 बजे माया को प्रसव पीड़ा हुई। मरीज को लेकर परिजन सच्चिदानंद अस्पताल पहुच इमरजेंसी में मरीज को भर्ती कराया। काफी देर इलाज के बाद करीब 12:00 बजे डॉक्टर ने बताया नॉर्मल डिलीवरी संभव नहीं है मरीज का ऑपरेशन करना पड़ेगा। तकरीबन रात 12:00 के बाद ऑपरेशन से एक बच्ची पैदा हुई जिसके बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। करीब एक घण्टे बाद मरीज को दर्द होने लगा उस समय मौके पर कोई भी जिम्मेदार डॉक्टर नहीं था। ड्यूटी पर तैनात स्टाफों के द्वारा बेहद लापरवाही की गई। मरीज को दर्द से चिल्लाने के कारण बाहर तक के लोग जग गए लेकिन अस्पताल स्टाफ को फर्क नहीं पड़ा। तकरीबन 3:00 बजे मरीज को इमरजेंसी में ले जाया गया और पति विजय प्रकाश को भी बुलाया गया। कुछ देर बाद ही जिला अस्पताल ले जाने की बात अस्पताल प्रबंधन करने लगा। थोड़ी ही देर बाद माया देवी के मौत होने की बात डॉक्टरों ने बताई। मृतिका के परिजनों ने बताया अगर समय पर डॉक्टर जाकर इलाज कर दिए होते तो माया देवी की जान बच जाती। हालांकि नवजात बच्ची स्वस्थ है जिसे अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इस मामले में मौके पर पहुचे कप्तानगंज सीएचसी प्रभारी डॉ. रितेश सिंह ने बताया कि सच्चिदानंद अस्पताल में प्रसूता 38 वर्षीय माया देवी के मौत की सूचना मिली जिसके बाद मैं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मौके पर आया। प्राथमिक जांच में पता चला की प्रसूता के तीन बच्चे नार्मल पैदा हुए थे चौथे के समय में अस्पताल की डॉक्टर मौली पॉल द्वारा ऑपरेशन किया गया। रात करीब 3 बजे उसकी तबियत बिगड़ी और मौत हुई। प्राथमिक दस्तावेजों के अवलोकन में कोई खामी नही दिखी। फिर भी गहनता से जांच के लिए दस्तावेजों को स्वास्थ्य विभाग की टीम साथ ले जा रही। पोस्टमार्टम के बाद जो भी रिपोर्ट आएगी आपको साझा किया जाएगा।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



**देवरिया।** मद्धेशिया समाज के कुलगुरु भगवान शंकर के मानस पुत्र संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ के जन्मोत्सव पर शनिवार को मध्यदेशीय वैश्य महासभा, निफा देवरिया व स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड द्वारा संयुक्त रूप से जिला ब्लड बैंक देवरिया में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने किया। मुख्य अतिथि ने सन्त गणिनाथ के जन्मोत्सव पर किए जा रहे रक्तदान शिविर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेवाकार्य मानवता हित में है और रक्तदान हर किसी को करना चहिए।

रक्तदान लोगों का जीवन बचाने का जरिया होता है। मध्यदेशीय वैश्य महासभा रक्तदान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय युवा संयोजक सन्तोष मद्धेशिया ने अपना 20वां, इसरावती देवी ने 7 वां, सुंदरी धनगर, तनु सिंह, अंकिता पाण्डेय, युवा जिला महामंत्री मनीष मद्धेशिया, सत्येंद्र मद्धेशिया, पंकज गुप्ता, मनोज मद्धेशिया, सुमित मद्धेशिया, रवि मद्धेशिया, राजेश मद्धेशिया सहित कुल 51 युवतियों व युवाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदानियों को मुख्य अतिथि व ब्लड बैंक द्वारा प्रशस्ति पत्र और डोनर कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, डा0 रणधीर सिंह, तेजभान, शरद तिवारी, पूजा सिंह, गोपाल श्रीवास्तव, श्यामानंद तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष बिट्टू मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष शुभम मद्धेशिया, दीपक मद्धेशिया, रामाश्रय मद्धेशिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जानलेवा बनी केवड़ा नूरीगंज से मुख्य बाजार को जोड़ने वाली सड़क

**भटनी(देवरिया)।** आदर्श नगर पंचायत भटनी में एक ऐसा भी सड़क है जो नूरीगंज से केवड़ा होते हुए मुख्य बाजार तक जाती है। जहाँ दिनभर में हजारों राहगीर कुछ तो पैदल और कुछ अपने वाहनों से आतेजाते है। मगर इस सड़क की सुधी लेने वाला कोई जिम्मेदार नहीं है। नगर पंचायत कार्यालय की माने तो यह सड़क रेलवे की जमीन में पड़ती है। पर इसके पूर्व भी सड़क पर इंटरलॉकिंग का काम नगर पंचायत द्वारा किया जा चुका है। यहां से गुजरने वाले राहगीरों को अपने जान पर खेलकर गुजरना पड़ता है। जब भी बरसात शुरू होती है तो इस सड़क का नजारा देखने लायक हो जाता है। लोगों के समझ मे ही नही आता कि सड़क में गड्ढा है या गढ्ढे में सड़क है, इसी कशमकश में आये दिन यहाँ दुर्घटनाएं होती रहती है।

केवड़ा के निवासियों में इस सड़क को लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सड़क के बीच बीच मे एक एक फुट का गढ्ढा बन जाने के बाद नगर पंचायत द्वारा वर्षा होने पर मिट्टी डालने का काम किया गया पर इससे और खतरा बढ़ता गया। आने जाने वाले मोटरसाइकिल सवार गिरने लगे और कुछ तो घायल होकर अस्पताल का रास्ता पकड़ लिए। नगर की किरकिरी होती देख नगर अध्यक्ष ने इस टूटे हुए सड़क पर ईट की टुकड़ी गिरवाने का काम किया पर टुकड़ी भी ऐसी गिरी जिसे बराबर बिछाया भी नही गया। या ये कह लिया जाय कि नगर पंचायत द्वारा सर्फ एक औपचारिकता पूरी कर दी गई हो। इस सडक से .गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों व जान जोखिम मे डालकर यात्रा खरनी पडती है।

आम सडक होने के बाद भी जिम्मेदार ध्यान नही देते गड्ढे मे बेतरतीब ईट डाल दिया गया जो सुखे मौसम मे भी खतरनाक हो गया है। पानी होने पर तो जानलेवा साबित हो रहा है। सबसे खतरनाक ई रिक्सा से यात्रा करना इस सडक से हो गया है। सड़क पर गहरे गड्ढे होने से ई रिक्सा सुखे व बरसात मे दोनो ही मौसम मे उलट जा रहे है। आसपास के लोगो द्वारा उसे फिर सडक पर रखा जाता है। तब बेचारा ई रिक्सा चालक वहां से अपने गन्तव्य पर जाता है। इस तरह का नजारा प्रतिदिन देखने को मिलता है।

## कबड्डी प्रतियोगिता के अंडर 14 के फाइनल मैच में हाटा तहसील रही विजेता



**कुशीनगर।** जनपद के पड़रौना नगर स्थित हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में चल रहे जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन के दिन अंडर 14 व अंडर 17 के कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान अंडर 14 व अंडर 17 की 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर 14 के बालक वर्ग हाटा तहसील ने पड़रौना को 8 अंकों से पराजित किया। वहीं बालिका वर्ग में पड़रौना ने कसया तहसील को 25 अंकों से पछाड कर जीत का परचम लहराया। इसी तरह अंडर 17 में बालिका वर्ग में हाटा तहसील ने 24 अंक हासिल कर विजेता बना। वहीं पड़रौना तहसील को 17 अंक पर ही संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग में हाटा तहसील विजेता बना जबकि कसया उपविजेता रहा। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का मुकाबला रोमांचक रहा। जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार मिश्र व शाहिद अनवर प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, विद्यालय के प्रबंधक मनोज शर्मा सास्वत आदि ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हौसला आफजाई की और कहा कि खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ कर दुनिया में पहचान बनाई जा सकती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र मणि, संरक्षक डॉक्टर गोरख राय, नेहरू इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य साधु शरण पांडेय, जनता इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राय, प्रधानाचार्य नारायणपुर कोठी रामाश्रय प्रसाद, अमित राव अवधेश प्रसाद प्रदीप मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, संदीप कुमार, विवेक शर्मा, उषेश पांडेय, कैलाश पति त्रिपाठी, हरिकेश कुमार, छितौनी इंटर कालेज से आकाश सिंह, खड्डा से ब्यास यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## मारपीट की शिकायत पर एक नामजद समेत अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**आंवला, बरेली।** बहोड़ा खेड़ा के रहने वाले विनोद ने थाना आँवला में शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि वह अपने खेत से दवा लगाकर घर वापस आ रहा था। तभी रेवती का कय्यूम और अज्ञात लोग रास्ते में खड़े थे और उन्होंने उसकी मोटरसाइकिल को रोक लिया। और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चल रहे मुकदमे पर फैसले का दबाव बनाने लगे। जब उसने कहा कि मुकदमे में मेरा कोई हाथ नहीं है तो उसके साथ मारपीट की। आँवला पुलिस ने उसकी शिकायत पर कय्यूम व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाल सिद्धार्थ सिंह तोमर का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मुआवजे में कटौती को लेकर किसान आंदोलित

**देवरिया।** एन एच 727 ए देवरिया बाईपास से प्रभावित किसानों की भाकियू के तत्वाधान में अहिलवार बुजुर्ग में जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सेना से सेवानिवृत, वरिष्ठ किसान काशी नाथ मिश्रा ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि आज जन जागरूकता अभियान के तहत अहिलवार बुजुर्ग, मुंडेरा बुजुर्ग, दुबौली, सुकरौली के प्रभावित किसान भाई सैकड़ो की संख्या में इक्कठा हुए हैं। ये भारतीय किसान यूनियन द्वारा चलाया जा रहा जन जागरूकता अभियान की देन हैं। भाकियू द्वारा चलाए जा रहे अभियान में किसान बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि सभी किसानों से कहा कि कोई भी किसान किसी भी प्रकार का अपना कोई भी कागज न अभी तैयार कराए और न ही जमा करे।

अगर 70% किसानों ने अपना कागज जमा कर दिया तो हम अपना हाथ खुद काट लेंगे। श्री सिंह ने कहा कि यह लड़ाई पूर्वांचल की बहुत ही बड़ी लड़ाई होने जा रही। इसलिए हम सभी किसानों को संगठित होकर इस लड़ाई को बहुत मजबूती से लड़ना होगा। अहिलवार बुजुर्ग के जागरूक किसान सुग्रीव मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन के लालीपाप को अब हम सभी किसान समझ चुके हैं।

एक साल पहले प्रशासन ने चार गुना मुआवजा देने की बात कही तब कही वन थर्ड की कटौती का जिक्र नहीं था और आज ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र के किसानों के चार गुना मुआवजा एवं दो गुना मुआवजा में वन थर्ड की कटौती यानी 67% की कटौती की जा रही जो अब बर्दास्त से बाहर है। बैठक में भाकियू के जिला संयोजक सदानंद यादव, हरिकेश मौर्य, नीरज कुमार शुक्ला, काशी तिवारी, अशोक मिश्रा, जगजीत मिश्रा, बिभुति नाथ मिश्रा, शिवाजी चौहान, अखिलेश चौहान, रामशक्ल यादव, कमलेश मिश्रा, राम समुझ मिश्रा, राजन चौहान, प्रेम चौहान, ध्रुवनारायण चौहान, इत्यादि सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## एक परिवार एक पहचान योजना के तहत करें आवेदन

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि उ०प्र० शासन द्वारा प्रदेश में अध्यासित परिवारों के लिए फैमिली आई०डी०-एक परिवार एक पहचान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अध्यासित लगभग 3.59 करोड़ परिवार एवं 14.92 करोड़ व्यक्ति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित न होने वाले ऐसे परिवार जो राशनकार्ड के पात्र नहीं है, उन्हे फैमिली आई०डी० उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की गयी है।

जिसके माध्यम से भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फैमिली आई०डी० से सहूलियत होगी। जो परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं वे भी स्वेच्छा से फैमिली आई०डी० प्राप्त कर सकते है। इसके लिए आप फैमिली आई०डी० पोर्टल पर स्वयं आवेदन कर सकते हैं या अपने नजदीक कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

# प्रगतिशील किसानों को कुशल उद्यमी बनाना है लक्ष्यः डीएम

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** केले और हल्दी प्रसंस्करण उद्योग के दृष्टिगत किसानों को सुविधा संपन्न बनाने और आधारभूत संरचनाओं का विकास करने के उद्देश्य से उन्हें सुलभ ऋण उपलब्ध करा कर किसानी से उद्यमिता की ओर ले जाने हेतु जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकरों सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक दौरान जिला उद्योग केंद्र से संचालित मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना व प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा खादी ग्राम उद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत केले एवं हल्दी की खेती करने वाले किसानों को उद्योग लगाने हेतु उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत सरल एवं सुलभ ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स सहित लीड बैंकिंग मैनेजर को दिए। बैठक दौरान उपरोक्त योजनाओं में किसानों को मिलने वाली सब्सिडी, टर्म लोन, कैश क्रेडिट , प्रोजेक्ट वर्क, ब्याज उपादान आदि पर बैंकरों सहित अधिकारियों संग विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया की योजनाओं के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में 15 से 25 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दी जाती है। उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया की एआईएफ एग्रीकल्चरल इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड में 6% ब्याज उपादान पर सीधे तौर पर दी जाती है। किसानों के प्रशिक्षण कराने से लेकर सुलभ ऋण उपलब्ध कराने व उद्योग लगाने तक सौंपी गई जिम्मेदारीजिलाधिकारी ने ब्लॉक तथा न्याय पंचायत स्तर पर केले एवं हल्दी प्रशंसकरण उद्योग से संबंधित किसानों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान ऋण लेने वाले इच्छुक किसानों का चयन करने की जिम्मेदारी उप कृषि निदेशक को दी गई। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को उद्यमी मित्र की सहायता से ऋण लेने वाले किसानों से मिलकर उनके प्रोजेक्ट रिपोर्ट, मॉडल डीपीआर आदि बनाने सहित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए। किसानों के बैंक से ऋण प्रोसेसिंग करने की जिम्मेदारी ग्राम उद्योग बोर्ड आयोग गोरखपुर के अधिकारी एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को दिए गए। साथ ही कृषकों को मिलने वाले लोन/ऋण का सही इस्तेमाल करने एवं मौके पर प्रोसेसिंग इंप्लीमेंट कराने हेतु जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त केले व हल्दी की खेती करने वाले ग्राम सभाओं में किसानों को नलकूप लगाकर लाभान्वित करने के निर्देश अधिङ्ग अभिङ्ग नलकूप/ सिंचाई को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा की दोनो उद्योगों का जनपद कुशीनगर में विकास करने की अपार संभावनाएं हैं। हमे अपने जनपद की किसानों को किसानी से उद्यमिता की ओर ले जाना है। उन्हे प्रगतिशील किसान के साथ साथ कुशल उद्यमी भी बनाना है। अगर हम उन्हें आधारभूत संरचनाओं की स्थापना करने में किसानों का सहयोग करेंगे तो यहां के किसान केले एवं हल्दी के विभिन्न उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुत आगे तक ले जायेंगे। दोनों उद्योगों के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारीकरण हेतु पूर्ण मनोयोग एवं सहयोग की आवश्यकता है। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय बैंकर्स समिति के द्वारा किए जून तिमाही में कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक दौरान लीड बैंकिंग मैनेजर द्वारा अप्रैल से जून तिमाही के समस्त बैंकों का लेखा-जोखा समिति के समक्ष रखा गया तथा जिला उद्योग केंद्र, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन विभाग) की स्थिति, एनआरएलएम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य) की स्थिति, व एन यु एल एम योजना, प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आए आवेदनों के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा किए गए निस्तारण की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित किया की समस्त योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदनों का बैंकरों सहित विभागाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर निस्तारण तत्काल कराना सुनिश्चित करें एवं सभी बैंकों द्वारा वर्ष 2024 -25 हेतु ऋण जमा अनुपात को 60% लक्ष्य निर्धारित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संक्षेप

## 50 अभियुक्तों पर हुई शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 11 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 50 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## 1 चोर गिरफ्तार, चोरी के 6 सोलर पैनल बरामद

**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज पुलिस ने मु0अ0सं0 395/2024 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त विशुन उर्फ पप्पू पुत्र रामलखन निवासी ग्राम जिया का पुरवा मजरे अम्बौर थाना सफदरगंज को चोरी के 6 अदद सोलर पैनल बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## केएनआईसीई कॉलेज में खेल प्रतियोगिता आयोजित

**सुलतानपुर।** करौंदिया के विवेक नगर स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जूनियर तथा सीनियर वर्ग की बालिका तथा बालक वर्ग की होप, ज्वाय, तथा कबड्डी तथा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 29 अगस्त से प्रारंभ होकर 31 अगस्त को क्रिकेट प्रतियोगिता से सम्पन्न हुई। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. एन.डी. सिंह व सी.बी. सिंह तथा तन्वी गोयल व रेनू सिंह ने गेंदबाजी तथा बल्लेबाजी करके किया। इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में पीस हाउस विजेता तथा ज्वाय हाउस उप-विजेता रही। बालक वर्ग में पीस हाउस विजेता तथा होप हाउस उप-विजेता रहा। अंत में छात्रों तथा शिक्षकों में क्रिकेट मैच हुआ जिसमें छात्रों की टीम विजेता रही। क्रिकेट प्रतियोगिता के मुख्य अम्पायर नवी उल्ला तथा सहायक अम्पायर वीरेंद्र विक्रम सिंह, अंकित सोनी, मो. हसानात रहे। सीबी सिंह, सौरभ मिश्र तथा अस्मित गुप्ता कमेन्टेटर की भूमिका में रहे। दोनों प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका शालू सिंह ने किया। दोनों प्रतियोगिताओं के खिलाड़ियों को तैयार कराने में चारों हाउस के इंचार्ज अस्मित गुप्ता, विश्वासमणि त्रिपाठी, सुनील राठी तथा देवव्रत सिंह व उनके सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाएं रहीं। प्रधानाचार्य डॉ.एन.डी. सिंह ने बालिका तथा बालक वर्ग के विजेता तथा उप-विजेता हाउस के खिलाड़ियों को पुरस्कार तथा ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# सफाई कर्मियों ने सांसद से की न्याय की गुहार, ज्ञापन दिया

### अफसरों की मनमानी से हैं परेशान



जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी।** अधिकारियों की ओर से लगाई जा रही मनमानी ड्यूटी से मुक्ति, कर्मचारी सेवा नियमावली के निर्माण और पुरानी पेंशन की बहाली के लिए सफाई कर्मियों ने शनिवार को सांसद किशोरी लाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सफाई कर्मियों की समस्यायों के हल के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखने के साथ संसद में भी सवाल उठाने की मांग की गई है।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष त्रिभुवन दत्त, मंत्री कमल कुमार और कोषाध्यक्ष जीत लाल मौर्य के साथ सफाई कर्मियों ने शनिवार को डा अम्बेडकर स्टेडियम में खेल समारोह के समापन के दौरान एक कार्यक्रम में सांसद किशोरी लाल शर्मा को ज्ञापन दिया। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने मांग पत्र को ध्यान से पढ़ा और सुना, सफाई कर्मियों को समस्याओं के हल का पुरजोर आश्वासन दिया है।

पांच सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया है कि सफाई कर्मियों की नियुक्ति 2009, में तत्कालीन सुश्री मायावती सरकार ने पंचायती राज विभाग में नवीन पद सृजित करते हुए किया था। सफाई कर्मियों की नियुक्ति उनके विकास खंड के नजदीक के राजस्व ग्रामों में हुई थी।15साल से अधिक का समय बीत रहा है अभी तक सफाई कर्मियों की कर्मचारी सेवा नियमावली नहीं बनी। अधिकारी ड्यूटी टाइम के बाद भी सुबह,शाम और रात में लगा रहे हैं, सफाई कर्मियों से हर तरह का काम लिया जा रहा है ?अवारा पशुओं को खदेड़ने के दौरान पिछले तीन सालों के भीतर अंधेरे में दुर्घटनाएं होने से कई सफाई कर्मी मौत के शिकार हो चुके हैं। मृतकों के स्थान पर खाली हुए पदों को भरने के लिए नियुक्ति नहीं की जा रही है।हाल ही में निदेशक उत्तर प्रदेश पंचायती राज ने सफाई कर्मियों को राजस्व ग्रामों में भेजने का आदेश किया है,इस आदेश पर भी कोई अमल नहीं किया जा रहा है। सफाई कर्मियों को बहुउद्देशीय कर्मी बना दिया गया है,जो भी चाहता है, जहां चाहता है ड्यूटी लगा देता है। एक तरह से मानवाधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाल कराने के लिए केंद्र सरकार से वार्ता की

## अंकित शुक्ला के नेतृत्व में 3 को होगा धरना-प्रदर्शन

**अमेठी।** राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक व अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने ऐलान किया की 3 सितम्बर को लखनऊ विधानसभा के पास विशाल धरना-प्रदर्शन जहां पर प्रदेशभर के एनसीसी कैडेट्स होगे शामिल अंकित ने बताया प्रत्येक सरकारी नौकरी में एनसीसी कैडेट को पच्चीस फीसदी आरक्षण एवं बोनस अंक व उम्र में छूट दिए जाने एवं अन्य मांगों का प्रस्ताव पारित किया जाए इसके साथ ही एनसीसी के सी प्रमाण पत्र धारियों को सुरक्षा बलों, सैनिकों एवं गैर सैनिकों ( अर्ध सैनिक ) बलों में पांच वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाए एनसीसी स्पेशल एंट्री में सीटों की संख्या बढ़ाए जाने, टीएससी, आरडीसी व नौ सेना कैंप, वायूसेना कैम्प सर्टिफिकेट धारी कैडेटों को सेना की सेन्ट्रल भर्तियों में शामिल होने की पात्रता दी जाए, पूर्व एनसीसी कैडेटों को स्पेशल एंट्री के तहत होमगार्ड जवानों की भर्ती में किया जाए सेना द्वारा टूर आफ ड्यूटी को आम नागरिको के लिए लागू किया जाता है तो इसमें पूर्व व वर्तमान एनसीसी कैडेटों को स्पेशल एंट्री के तहत भर्ती दी जाए अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि हाईस्कूल एवं इन्टर कॉलेज में एनसीसी भर्ती होने के पांच और डिग्री कालेज में तीन साल की मेहनत के बाद सी सर्टिफिकेट मिलता है जिससे अधिकतम आयु 21 वर्ष हो जाती है। इस वजह से केवल सेना में योग्यतानुसार फायदा नहीं मिलता है, उम्र अधिक हो जाने के कारण भर्ती से बाहर हो जाते है। एनसीसी एंट्री पदों में रिक्तियां कम होती हैं जिस कारण कैडेटों को मौका नहीं मिलता है अंकित ने बताया एनसीसी सर्टिफिकेट प्राप्त करने में उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन नौकरियों में इस प्रमाणपत्र का वाजिब लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। एनसीसी कैडेटों के द्वारा चारबाग से विधानसभा जुलूस-प्रदर्शन कर सैनिक, अर्द्धसैनिक व पुलिस बलों में उम्र में दो वर्ष की अतिरिक्त छूट देने के साथ ही अन्य सरकारी नौकरियों में 25 प्रतिशत आरक्षण व बोनस अंक की मांग की जाएगी तीन साल की कड़ी मेहनत कर 21 साल की उम्र में एनसीसी कैडेट सर्टिफिकेट प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि उनको बिना लिखित परीक्षा के फिजिकल और साक्षात्कार के आधार पर सेना में भर्ती किया जाय। एनसीसी महिलाओं के लिए सेना में भर्ती नहीं होने से रोजगार के अवसर नहीं मिलते हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी एनसीसी सर्टिफिकेट प्राप्त युवक व युवतियों के लिए सेना व अन्य सरकारी नौकरियों में उम्र में छूट के साथ ही सीटें आरक्षित की जायं। ताकि एनसीसी प्रशिक्षित युवक व युवतियों का इसका लाभ मिल इसमें लगभग सभी जनपदों के कैडेट शामिल होगे।

# जिला पंचायत बोर्ड की सामान्य बैठक संपन्न



**बाराबंकी।** जिला पंचायत बोर्ड की सामान्य बैठक जिला पंचायत सभागार मे अध्यक्ष राजरानी रावत की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे 7 मार्च 2024 की कार्यवाही की पुष्टि, जिला पंचायत की लाईसेंस उपविधि, पशुबाजार उपविधि एवं मानचित्र उपविधि के दरों में संशोधन का अनुमोदन सदन द्वारा किया गया। सदन में विभिन्न जिपं सदस्यों व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, पंचायतीराज विभागों से संबंधित समस्याओं को उठाया। जिसका सदन में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा उत्तर दिया गया। विषयों के समाधान हेतु अध्यक्षा द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

- क्षेत्र में संबंधित विभिन्न समस्याओं को सदस्यों ने कराया अवगत

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को, जन कल्याण के लिए किया गया सम्मानित

**अमेठी।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में कार्यरत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को समाज कल्याणार्थ विवांता होटल, द्वारका, दिल्ली में आयोजित सी. एस. आर. शिखर सम्मेलन के 11वें संस्करण के पुरस्कार समारोह में यू.बी.एस. फोरम द्वारा वर्ष के सबसे प्रभावशाली एन. जी. ओ. के रूप में सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी करौंदी ब्रांच की मुखी विद्या देवी जी ने दी । उन्होने बताया कि इस अवसर पर सम्मानित अर्वाड को प्राप्त करने हेतु संत निरंकारी मण्डल के सचिव परम जोगिन्दर सुखीजा उपस्थित हुए जिन्होंने इस गौरवशाली सम्मान को प्राप्त करते हुए कहा कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन को प्राप्त हुए इस प्रकार के अनेक विशेष पुरस्कार, विभिन्न सामाजिक और धर्मार्थ प्रयासों में किए जा रहे उसके प्रभावशाली कार्यों को उजागर करते हैं जो सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता की अनमोल एवं प्रेरणादायक शिक्षाओं का ही सुंदर परिणाम है। निसंदेह यह क्षण हम सभी के लिए एक गौरवमयी पल है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन समाज के हर क्षेत्र में अपनी कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित कर अपनी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण विशेष हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एस. एन. सी. एफ. के स्वयंसेवकों द्वारा एक इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से मिशन द्वारा किए गए विभिन्न प्रभावशाली कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया।

## 14 हमलावरों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज

**अमेठी।** शुक्रवार को घर में घुसकर पूरे परिवार पर धारदार हथियार से हमला करने वाले हिस्ट्रीशीटर अपराधी समेत परिवार के 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। बहू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

- मुख्य आरोपी समेत दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- कल घर में घुसकर पूरे परिवार पर किया था हमला

मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर गांव का है। कल सुबह हत्या के मामले में कोर्ट में लगी फाइनल बहस में शामिल होने जा रहे कमाल खान और उसके परिवार पर गांव के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा समेत 14 लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों और धारदार हथियार हमला कर दिया था।आरोपियों के हमले में कमाल खान उसके दो बेटे और पत्नी बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत नाजुक देख कमाल खान उसके दोनों बेटों को इलाज के लिए कल दोपहर ट्रामा सेंटर रायबरेली रेफर कर दिया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा है। शुक्रवात देर शाम बहू तराना की तहरीर पर हिस्ट्रीशीटर हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा, इमामुद्दीन उर्फ पप्पू, निजामुद्दीन, कमालुद्दीन,रियाजुद्दीन पुत्रगण गफ्फार खां,जावेद पुत्र निजामुद्दीन,मासूक पुत्र हबीब,शोयेब पुत्र कमालुद्दीन, फिरोज पुत्र निजामुद्दीन,शहबाज पुत्र कमालुद्दीन,निशात अन्जुम पत्नी हकीमुद्दीन,शकीला बानो पत्नी निजामुद्दीन,शबीना पत्नी इमामुद्दीन कमालुद्दीन की पत्नी पर बीएनएस 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 352, 333, 109,3(5) के तहत केस दर्ज किया गया।नामजद अभियुक्तों में से मुख्य अभियुक्त हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा और मासूक पुत्र हबीब को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है ।

# एआरटीओ कार्यालय में सेवानिवृत्त होने पर हुआ विदाई और सम्मान समारोह



- यात्री/मालकर अधिकारी व कर्मचारी को दी गयी भावभीनी विदाई
- सेवानिवृत्ति हर अधिकारी, कर्मचारी के लिए एक सतत प्रक्रिया है : उमाशंकर मिश्रा

**बाराबंकी।** एआरटीओ कार्यालय स्थित सभागार मे अधिवर्षता आयु पूर्ण कर यात्री/मालकर अधिकारी एंव कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने यात्री/मालकर अधिकारी उमाशंकर मिश्रा एव कर्मचारी इलियास अहमद को पुष्प, अंगवस्त्र व उपहार भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह का संचालन स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया। समारोह मे पीटीओ श्री मिश्रा ने कहा कि सेवानिवृत्ति हर अधिकारी, कर्मचारी के लिए एक सतत प्रक्रिया है। एक दिन सभी को निर्धारित तिथि के अनुसार सेवानिवृत्त होना होता है। जनपद में मेरा उत्तम, सफल कार्यकाल रहा। मुझे यहां पर कार्य के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों का हर स्तर सहयोग मिला। जो मेरे सफलतम कार्यकाल के लिए अतुलनीय है। तो वही एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने उनके उत्तम व्यक्तितत्व तथा कार्यकाल की प्रंशसा की। इस दौरान पीटीओ अश्विनी उपाध्याय, आर आई बलवन्त सिंह यादव, समाजसेवी दीपक जैन, पत्रकार परमजीत सिंह विक्की, शैलेन्द्र सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस मौके पर निलेश सिंह, रितेश रंजन, रामकिशोर मौर्य, गायत्री देवी, श्रवण सिंह, ट्रक एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता अंगद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## लेखाकार से मारपीट में प्रधान प्रतिनिधि पर केस दर्ज

अमेठी। थाना जायस पुलिस ने विकास खण्ड बहादुरपुर के लेखाकार से अभद्रता और ब्लाक में तोड़फोड़ के मामले में खालिसपुर के प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। पुलिस ने आरोपी प्रधान प्रतिनिधि की तलाश तेज करते हुये मामले की छानबीन शुरू कर दी है। विकास खण्ड बहादुरपुर के लेखाकार शिव बरन ने थाना जायस पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती 29 अगस्त को विकास खण्ड कार्यालय बहादुरपुर में सायं साढ़े चार बजे क्षेत्र पंचायत के कार्यो के टेण्डर सम्बन्धी कार्यो को कर रहा था, तभी पवन कुमार शुक्ला निवासी ग्राम खालिसपुर दल बल के साथ आ धमके और कहा कि तुम मेरे प्रधान का मनरेगा के कार्य का डोंगल क्यों नही लगा रहे हो तथा लेखाकार पर दबाव बनाने लगे, जिसका विरोध किया तो वह जाति सूचक भद्दी भद्दी गालियां देते हुए अभद्रता करने लगे। इस दौरान कार्यालय में रखी पत्रावलियों को फेंकते हुए लेखाकार की कुर्सी छीन कर हटा दी। जिससे वह जमीन पर गिर गया तथा सरकारी कार्य में बाधा डाली। लेखाकार रामबरन ने किसी तरह कार्यालय से निकलकर भागने के लिये अपनी गाड़ी की तरफ गया तो उसकी कार की चाबी छीन ली और शर्ट का कालर पकड़कर शर्ट फाड़ दी। इस दौरान गला दबाने का भी आरोप लगा है। प्रधान प्रतिनिधि ने जातिसूचक शब्दों के साथ गाली देते हुये धमकी दी है कि उसके मुताबिक अगर काम काज नहीं हुआ तो जान से मरवा देगा। इस घटना से ब्लाक में अफरा तफरी मच गई। थाना जायस पुलिस ने ब्लाक लेखाकार की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया है। शनिवार की देर रात तक पुलिस के हाथ आरोपी युवक नही पहुंच सके थे। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि लेखाकार की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर लिया गया है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## सर्वे में किसी भी पात्र का नाम न छूटने पाये : बीडीओ

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार को ब्लॉक सभागार कूरेभार पर प्रधाममंत्री आवास योजना ( ग्रामीण ) सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्टी का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक के ग्राम प्रधान व बीडीसी सदस्य शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ श्रीकांत तिवारी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप पीएम आवास योजना का सर्वे होना है, जिसमें आप सबकी अहम भूमिका है। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास के सर्वे को लेकर पात्रता व अपात्रता के विषय मे विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सर्वे में किसी भी पात्र का नाम न छूटने पाए। इसके लिए गांवों में प्रचार प्रसार की भी जरूरत है। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन को विस्तार से अवगत कराया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी भोलानाथ तिवारी, पुष्पेंद्र वर्मा, रवि शंकर गुप्ता, महेश तिवारी, लाल चंद्र कोटार, बीइओ पीआरडी प्रियंका मौर्य, ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह सोनू, राधेश्याम वर्मा, अंसार अहमद, विपिन कुमार, राजेश सिंह, सुरेश कुमार कसौधन, सुभाष सिंह मिंटू, सूबेदार प्रधान, श्यामलाल वर्मा, राम चरन, राजेन्द्र कुमार पिंटू, अमर बहादुर, शिव शंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## मनरेगा के भुगतान में गड़बड़ी पर प्रधानों ने काटा हंगामा

**कूरेभार।** बैठक में ग्राम प्रधानों ने मनरेगा में भुगतान को लेकर प्रधानों में खासा आक्रोश दिखा। प्रधानों का कहना था कि सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन की अनदेखी करते हुए भुगतान किया गया। जिसको लेकर बीडीओ ने सभी प्रधानों को इस संबंध में आश्वस्त करते हुए कहा कि इस प्रकरण को उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी।

# सरकार शिक्षक कर्मचारियों के हित में ओपीएस बहाल करे



- एनपीएस, यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में बीआरसी पर अटेवा ने आयोजित की संगोष्ठी

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** बीआरसी कार्यालय धनपतगंज के प्रांगण में अटेवा द्वारा एनपीएस व यूपीएस निजीकरण भारत छोड़ो, पुरानी पेंशन बहाली से सम्बंधित संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अटेवा के आगामी आंदोलनों की रूपरेखा, सदस्यता अभियान एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के पुनर्गठन के मुद्दों पर चर्चा की गयी। संगोष्ठी की अध्यक्षता अटेवा के संघर्षशील जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा एवं मो. हसीब जिला महामंत्री, विवेकानंद मिश्र जिला कोषाध्यक्ष/पर्यवेक्षक धनपतगंज, मनोज दुबे जिला उपाध्यक्ष, देशराज आदि ने की। जिसमें अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द सिंह, ब्लॉक महामंत्री अनन्तराम जायसवाल एवं ब्लॉक कोषाध्यक्ष ओंकारनाथ तिवारी ने अपनी समस्त कार्यकारिणी के साथ उपस्थित जिला पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में अशोक सिंह गौरा, मो. हसीब, मनोज दुबे, विवेकानंद मिश्र, देशराज अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अटेवा जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने कहा कि हम शिक्षक कर्मचारियों को एनपीएस व यूपीएस नहीं सिर्फ और सिर्फ ओपीएस चाहिए। सरकार हठधर्मिता त्याग कर शिक्षक कर्मचारियों के हित में ओपीएस बहाल करे। यदि सरकार हमारी माँग नहीं मानती है तो पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में पूरे देश में आगामी 2-6 सितम्बर को अपने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बाँधकर कार्य करते हुए विरोध करेंगे। यदि इस पर बात नहीं बनती है तो 26 सितम्बर को पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँचकर ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर राजेन्द्र प्रसाद पांडेय जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, राम आशीष मौर्य, नवीन प्रकाश पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ, दिग्विजय सिंह, शैलेन्द्र कुमार, दिनेश चंद्रा, बुद्धिसागर, मनीष कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, राजेन्द्र सिंह, श्यामलाल, पंकज सिंह, शैलेश मिश्रा, सुद्धिरेन्द्र गौड़, कमलेश विक्रांत, अशोक मिश्र, राकेश यादव, वेदप्रकाश मिश्र, रामबरन अभयराज, राकेश निगम, श्रवण तिवारी, बृजेश कुमार, राजू, शिवपूजन, शैलेश दुबे, नरेंद्र तिवारी, कृपाशंकर पांडेय, दिलीप, आलोक राजन यादव, मित्रसेन यादव आदि मौजूद रहे।

## स्कूली शिक्षा साक्षरता मिशन निदेशक ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण

**बाराबंकी।** स्कूली शिक्षा साक्षरता मिशन भारत सरकार निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ और बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, विद्यालय में साफ सफाई बेहतर, बच्चों को भोजन मेनू अनुसार का जायया लिया। निदेशक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता भारत सरकार ने शिक्षकों की तारीफ करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षक काफी मेहनत और संरचनात्मक



दृष्टिकोण से बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर छात्राओं में करियर के प्रति जागरूकता एवं संप्रेषण क्षमता काफी बेहतर है। इस दौरान पर वार्डन अंकिता वर्मा, शिक्षिका सीमा राय, रूबी प्रभाकर, प्रियंका, शिक्षक अभिषेक सिंह, विवेक सहित राज्य परियोजना की टीम उपस्थित रही।

# जिले को मिला आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कैंसर विभाग

- मेडो-सखी कार्यक्रम होगा जिले के लिए होगी वरदान साबित
- संजय गांधी अस्पताल में सांसद ने किया कैंसर यूनिट और मेडो सखी कार्यक्रम का उद्घाटन



**अमेठी।** मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल क्षेत्र की जनता और आसपास के जनपदों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रहा है। लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है हृदय रोग यूनिट का संचालन शुरू होने के बाद संजय गांधी अस्पताल में अमेठी के साथ ही आसपास के कई जनपदों के मरीजों को कैंसर के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की बड़ी पहल की है गौरतलब हो कि अमेठी सहित आसपास जनपदों में कैंसर के इलाज की कोई सुविधा नहीं है बड़े अस्पताल सिर्फ इलाहाबाद और लखनऊ में उपलब्ध हैं। जिसके कारण सूबे के जरूरत मन्दो को आर्थिक व मानसिक स्तर से कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है

ऐसे में संजय गांधी अस्पताल में कैंसर यूनिट का आज उद्घाटन होने से अमेठी जिला स्वास्थ्य सेवाओं में एक कदम आगे बढ़ है ₹मेडो सखी- एक सामाजिक दायित्व₹

कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल के प्रतिनिधि गावों के लोगो को स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों के प्रति जागरूक करेंगे और उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं भी मुहैया कराएंगे, कार्यक्रम के संचालित होने की बड़ी उपलब्धि स्थानीय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने फीता काट कर दी है उन्होंने कहा कि यह दोनों सुविधाएँ जहां जिले समेत अन्य जनपदों के लिए वरदान साबित होगी, एवं मेडो सखी गरीब जनता को स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य के संबंध में जागरूक कर जनता को लाभ दिलाएंगी कहा कि जिले का या पहले अस्पताल है जहां कैंसर यूनिट संचालित हो रही है संजय गांधी अस्पताल हमेशा अमेठी व अन्य जनपदों की जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर है सांसद ने कहा कि मेडो सखी जनता को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करेंगे संसद किशोरी लाल शर्मा, किरण बाला शर्मा संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुट्टू और शर्मिला राय सीओओ अवधेश शर्मा , सी एफ ओ एस के जैन, मैनेजर सुरेश सिंह, मैनेजर अतुल पाठक कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत नाकरा आदि ने लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी दी इसके साथ ही क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिलाएं एवं सभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# लूट का खुलासा न होने पर सड़क पर उतरे कांग्रेसी, जमकर किया प्रदर्शन



**सुलतानपुर (वीओएल)** चैक में सर्राफ से हुई डकैती व जनपद में ध्वस्त लॉ एंड ऑर्डर को लेकर शनिवार को कांग्रेसी सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी सड़क पर उतर गए और जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से हाथों में तख्तियां लिए पैदल मार्च करते हुए सड़क पर उतर पड़े। लाल डिग्गी चैराहा, शाहगंज, होते हुए चैक पहुंचे।

जहां व्यापारियों से ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ इस लड़ाई में समर्थन मांगा। उसके बाद कांग्रेसी गोलाघाट होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां पुलिस प्रशासन के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर करीब घंटे भर सड़क पर बैठकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद डीएम के प्रतिनिधि एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी व सीओ सिटी शिवम मिश्र के माध्यम से राज्यपाल को तीन सूत्री ज्ञापन सौपा। बता दे कि शहर में विगत दिनों सरार्फा व्यापारी से हुई दिन दिहाड़े करोड़ों की डकैती का खुलासा न होने व जनपद की ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर शनिवार को कांग्रेस मुखर हो गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जनपद में लगभग दो दर्जन बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया है, लेकिन आज तक पुलिस अधीक्षक उन घटनाओं का खुलासा करने में असफल रहे हैं। 28 अगस्त को ठठेरी बाजार स्थित चैक में सराफा व्यापारी के यहां हुई करोड़ों की डकैती की घटना को एक सप्ताह के भीतर खुलासा किया जाए। वहीं, पूर्व में हुई अन्य घटनाओं का अतिशीघ्र खुलासा सुनिश्चित किया जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि सत्ता के ईसारे पर प्रशासन सिर्फ विपक्ष के नेताओं पर फर्जी मुकदमे लादकर उन्हें जेल भेजने का काम कर वाह वाही लूट रहा है। पुलिस अधीक्षक को एक 2 दिन के भीतर इस घटना का खुलासा करे अन्यथा हम कांग्रेस जन आगे की रणनीति तैयार कर यापारियों व आम जन के सहयोग से पूरे शहर को बंद करेंगे। वरुण मिश्र ने कहा पिछले एक वर्षों में जनपद में अपराधियों ने एक से बढ़कर एक बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी उसे रोकने और उनका खुलासा करने में असफल है। कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने कहा कि पुलिस कप्तान बीजेपी के सक्रिय सदस्य की तरह काम कर रहे रहें हैं। जिले से पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। एसपी जब से कार्यभार संभाल रहे हैं तब से लगातार अपराधी बेखौफ हो गए हैं और लगातार आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आये दिन घटनाएँ हो रही है। पुलिस किसी घटना का पदार्फाश नहीं कर पा रही। पुलिस अधीक्षक जवाब दें कि व्यापारी जब चैक में सुरक्षित नहीं है तो फिर कहां सुरक्षित है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, योगेश सिंह, फिरोज अहमद, सुब्रत सिंह सनी, योगेश पांडेय, सिराज अहमद भोला आदि रहे।

संक्षेप

## 1.5 किग्रा.चरस सहित एक गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 1.5 किलोग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। शनिवार को थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आकाशवाणी तिराहा मन्दिर के पास थाना रामगढ से एक शातिर अभियुक्त इमरान उर्फ बल्लू टाइगर पुत्र सिराजुद्दीन निवासी गुड्डू की मार्केट के सामने मक्का कालोनी थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 1.5 किग्रा0 चरस नाजायज बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गैंगस्टर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद**। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट थाना रसूलपुर से सम्बंधित वाछिंत अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र ठाकुरदास निवासी शान्ति नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को आसफाबाद सर्विस रोड नलकूप वाली गली के सामने से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## नौ दिन से बेटे सहित महिला गायब

**मथुरा**। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एटीवी के पीछे कालोनी से पिछले नौ रोज से एक महिला अपने डेढ वर्षीय बेटे को लेकर गायब है। हाईवे पुलिस को सूचना दिये जाने के बाद भी अब तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, जिसे लेकर पीड़ित आज एसएसपी कार्यालय पहुंचा और उसने पत्नी और बेटे का सुराग लगाये जाने की मांग की। हाईवे थाना क्षेत्र अंतर्गत वैष्णोदेवी धाम कालोनी निवासी शुभम वर्मा का कहना है कि 23 अगस्त की सुबह वह अपने काम पर गया था। इस बीच दोपहर लगभग साढे बारह बजे उनकी पत्नी लक्ष्मी उर्फ काजल अपने डेढ वर्षीय बच्चे को लेकर कहीं गायब हो गयी। जिसकी रिश्तेदार और अन्य स्थानों पर तलाश की जा चुकी है, लेकिन उसका पता नहीं चला है। इसके दूसरे दिन उनके द्वारा एक संभावित फोन नंबर पर भी संपर्क करने का प्रयास किया गया। पन्ना पोखर पुलिस चैकी पर कई बार इस मामले में संपर्क किया गया लेकिन उसकी कोई सुनने को तैयार नहीं है। एसएसपी ने पीड़ित को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## पिकअप टोल बूथ में घुसी कर्मचारी बाल-बाल बचा

**मथुरा**। थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा से आगरा की तरफ जा रही गाड़ी यमुना एक्सप्रेस वे के जाबरा टोल प्लाजा पर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गई और टोल बूथ से टकरा गई जिसमें टोल बूथ पर बैठा कर्मचारी बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने गाड़ी में सवार चालक- परिचालक को हिरासत में लिया। वही गाड़ी की टक्कर मारने वाली घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई जिसमें टोल कर्मचारी बाल-बाल बचाता हुआ दिखाई दे रहा है। थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत हुई यह घटना दिल दहलाने वाली रही। दुर्घटना में बचे टोल कर्मी ने इसको अपनी दूसरी जिंदगी बताया है।

# कैबिनेट मंत्री से मिला भाकियू चढूनी का प्रतिनिधिमंडल

**मथुरा**। भाकियू चढूनी प्रतिनिधि मंडल, प्रदेश प्रवक्ता एवं आगरा मंडल अध्यक्ष रामवीर तोमर के नेतृत्व में केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण से मिला और 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। श्री तोमर ने केबिनेट मंत्री को बताया कि बार बार ज्ञापन देने के बाद भी किसानों की अनेक समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है, इससे किसानों में नाराजगी और आक्रोश है। श्री तोमर ने कहा अधिकारी किसानों की अनदेखी कर रहे हैं और मुखमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं, जिससे प्रदेश सरकार की छवि खराब हो रही है, किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं दी जा रही है, बिजली अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं का शोषण, उत्पीड़न किया जा रहा है। अघोषित कटौती से आम आदमी तंग आ चुका है। चीफइंजीनियर के आदेश के बाद भी एसडीओ, जेई फोन तक अटेंड नहीं करते। नए बिजली कनेक्शन के लिए लोगों को जानबूझ कर परेशान किया जाता है।

मंडल उपाध्यक्ष जगदीश निषाद, मंडल महासचिव प्रेम सिंह सिकरवार ने कहा तहसीलों, ब्लॉक कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, बिना सुविधा शुल्क के खसरा खतौनी, कुडा बंटवारा, दाखिल खारिज, ईडब्ल्यूएस, जाति, जन्म प्रमाण पत्र जैसे काम नहीं हो रहे हैं।

लेखपाल मनमानी कर रहे हैं, शिकायत करने पर जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे। निराश्रित गो वंश शहर से लेकर गांव की आबादी में समस्या बन गए हैं। यमुना विकास प्राधिकरण 10 साल से ज्यादा समय से टोल वसूल रहा है लेकिन किसानों से किए वादे पूरा करना तो दूर, सर्विस रोड तक नहीं बनाएं गए, अंडर पासों में पानी भरा रहता है, एक्सप्रेस वे के दूसरी ओर किसानों को खेती करने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण ने प्रतिनिधि मण्डल की बातों को गंभीरता से सुना, और आश्वासन दिया कि वह जिला अधिकारी के माध्यम से सभी समस्याओं को जल्द हल कराने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। ज्ञापन सौंपने बालों में जिला उपाध्यक्ष सोनवीर सिंह, बच्चू सिंह, राहुल चैधरी, श्यामपाल, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## कढी-चावल का प्रसाद राहगीरों को वितरित

**भरथना, इटावा**। भगवान श्रीकृष्ण की छठी के अवसर पर बाँकेबिहारी मन्दिर पर कढी-चावल का प्रसाद राहगीरों को वितरित कराया गया। शनिवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद प्रांगण में स्थापित श्री बाँकेबिहारी मन्दिर पर भगवान श्रीकृष्ण की छठी के उपलक्ष्य में पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू की उपस्थिति में श्री बाँकेबिहारी सेवा समिति के तत्वाधान-में श्रद्धालुओं व राहगीरों को कढी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। इससे पहले विधिवत पूजन अर्चन उपरान्त भगवान को कढी-चावल का भोग लगाया गया। इस मौके पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष विमल पोरवाल बण्टी, सभासद शिवराम सिंह यादव, समिति अध्यक्ष सुशील पोरवाल नानू बाबा, मंत्री अनिल यादव कल्लू, कोषाध्यक्ष अभिषेक यादव रॉकी, सर्वेश गुप्ता आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# नरक में जी रही वार्ड 58 की जनता और क्षेत्रवासी

**आगर**। वार्ड 58 की जनता नरक मैं किस प्रकार जीवन जीने को मजबूर हैं। आज वही दृश्य दिखाते हैं और एक नजर वह भी देख लेना जो चित्र में दिया है की किस प्रकार बरसात के मौसम में पानी भर जाता है। सड़को पर बरसात के बाद पानी भरे होने से काई जमा हो गई है। सड़को का हाल यह है कि उनका रंग ही हरा पड़ चुका है। नालियाँ न बनने के कारण उनमें पानी ऊपर तक भरकर सड़को तक आ गया है। कई जगह नालियों के निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं जिसके कारण नालियाँ भरी हुई हैं। उनमें भरे पानी से बदबू आने लगी है। जगह-जगह गंदे पानी के भराव में मच्छर जन्म ले रहे हैं। इन मच्छरों के प्रकोप से अगर वार्ड 58 में कोई बीमारी फैलती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। नगर निगम की बेलापरवाही का नतीजा यह है कि मच्छरों को मारने वाली फॉग भी क्षेत्र में अभी तक नही करवाया गया। जगह-जगह स्ट्रीट लाइटें टूटी और खराब पड़ी हुई हैं। रात के समय हादसों का खतरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। पार्कों में गंदे पानी का जलभराव है। बीमारियां फैलने और लोगो के बीमार होने का खतरा बना हुआ है। क्षेत्रीय पार्षद शेर सिंह सविता खुद कई बार नगर निगम समस्याओं के संबंध में लेटर लिख चुके हैं। नगर निगम में उनके द्वारा दिये लेटर पर खुद नगर आयुक्त द्वारा टिक भी कर दिए गए हैं बावजूद उसके नगर निगम के आलाधिकारी इस ओर ध्यान ही नही दे रहे। नगर निगम की इस घोर लापरवाही का नतीजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। समस्याओं पर गौर करके उन्हें दूर करने की बजाय निगम के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से मुँह फेर कर बैठे हुए हैं। आखिर कब होगा यमुना पार के वार्ड 58 का विकास, कब मिलेगी यहाँ के निवासियों को पनप रहीं समस्याओं से निजात ! आखिर कब सोती हुई नींद से जागेगा आगरा नगर निगम ।

यमुना पार के नारायच पश्चिमी वार्ड 58 के पार्षद शेर सिंह सविता ने बताया। कि उनके द्वारा नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल को वार्ड की समस्याओं के संबंध में कई बार लेटर लिखा जा चुका है। वार्ड में कुछ जगहों पर नालियाँ न होने के कारण गंदा पानी पार्कों में जमा हो रहा है। नगर आयुक्त द्वारा उनके दिए लेटर पर मार्क भी कर दिया गया है इसके बावजूद भी नगर निगम के अधिकारियों द्वारा ध्यान ही नही दिया जा रहा है। पचास हजार की आबादी वाले वार्ड में कुल 33 सफाई कर्मचारियों की संख्या है। 20 अन्य सफाईकर्मियों की माँग को लेकर भी पार्षद द्वारा तीन से चार महीने पहले लेटर लगा चुके है। मगर उस पर भी इस और कोई ध्यान नही दिया गया है।

## विहिप का मना स्थापना दिवस



**फिरोजाबाद**। विश्व हिंदू परिषद की ओर से शुक्रवार को गुप्ता जी की बगीची बांबा चौराहे के समीप स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता राजेश जी संगठन मंत्री ब्रज प्रांत मंत्री रहे। उन्होंने लैंड जिहाद लव जिहाद धर्मांतरण आदि पर विस्तार से बताया की जिहादी लोग पहले तो आपसे भाई चारा बनाएंगे फिर आपके ही घर में जाना चालू कर देंगे ऐसे ही पहले वह एक मकान खरीदेंगे फिर एक से दो दो से तीन जैसे ही उन लोगों की संख्या ज्यादा हो जाएगी सोही वह आपको चारा बना लेंगे और आपके वहां से भागने की कोशिश करने लगेंगे महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया की विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस से लेकर आज तक की समीक्षा जानकारी दी जिसमें सम्मिलित रहे मुख्य वक्ता राजेश जी संगठन मंत्री ब्रज प्रांत महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा दिनेश भारद्वाज अनिल दीक्षित सुरक्षा प्रमुख सत्यम शर्मा संयोजक नितिन मोहन बजरंगी मयंक सविता रिंकू सविता नितिन राठौड़ निर्दोष अग्रवाल प्रचार प्रमुख गौरव कुलश्रेष्ठ विनय कुमार ललित कुमार विकास कुमार संदीप शर्मा महिला शक्ति राधा अग्रवाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## युवा सराफा करोबारी सौरभ चोपड़ा की मौत से कारोबारियों में शोक

**आगरा**। आगरा शहर में युवा सराफा कारोबारी सौरभ चोपड़ा की मौत से कारोबारियों में शोक. दिखाई दिया ।एमजी रोड पर एक्सीडेंट में हुई मौत. सौरभ दो छोटी बच्चियों को बिलखता छोड़ गए । बात आगरा के एमजी रोड की है। गुरुवार रात को भीषण हादसा हुआ। एमजी रोड पर स्पीड कलर लैब क्रोसिंग पर कार और स्कूटी में टक्कर हो गई, भीषण टक्कर में 35 साल के ज्वैलर सौरभ चोपड़ा को गंभीर चोट आई, उन्हें एसएन लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवा कारोबारी सौरभ चौपड़ा की एक्सीडेंट में मौत से एक ओर जहां परिवार में कोहराम मच गया है तो वहीं सराफा कारोबारियों में भी शोक छा गया है. सौरभ पुष्प एन्क्लेव लोहामंडी के रहने वाले थे और बड़ा बाजार में जेवरात की फर्म चलाते थे. मृतक कारोबारी के दो मासूम बेटियां हैं. स्पीड कलर लैब क्रोसिंग पर कार ने स्कूटी सवार ज्वैलर सौरभ को चपेट में ले लिया, स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। उनकी मौत हो गई, पुलिस स्पीड कलर लैब के आस पास के सीसीटीवी चेक कर रही है, ? जिससे पता चल सके कि घटना कैसे हुई। कार चालक कौन था। चोपड़ा ज्वैलर्स दीवानी पर ज्वैलर सौरभ चोपड़ा के परिवार का ज्वैलरी शोरूम है। वे गुरुवार रात को अपने स्कूटी से दोस्त को भगवान टॉकीज छोड़ने गए थे, वहां से लौट रहे थे। स्पीड कलर लैब क्रोसिंग पर कार से स्कूटी टकरा गई। पुलिस जांच में जुटी है।

## 6 सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा**। सेवाकाल पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह सेवानिवृतों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने सम्मानित किया। शनिवार को पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय ने सेवानिवृत्त हुये पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा अपने सेवाकाल में किये गये अच्छे कार्यों के लिए उ0नि0 सीपी राजकुमार, उ0नि0 एपी जीतेन्द्र सिंह, उ0नि0 सीपी राकेश बाबू, उ0नि0 सीपी रामेन्द्र सिंह, उ0नि0 सीपी कैलाश नारायण, हैड कास्टेबिल प्रमो0 साधूराम को माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से मंगल काना की है। इस अवसर पर एसपी सिटी डा. अरविन्द कुमार, सीओ सदर व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

- प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से मंगल काना की ह

# उ.म. रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने मथुरा आगरा छावनी स्टेशन का किया निरीक्षण

- वाणिज्य प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार ने मथुरा जंक्शन स्टेशन पहुंच कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया



**मथुरा**। रेलवे की यात्री सुविधाओं को मध्य नजर रखते हुए शुक्रवार को उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य पवंधक ने मथुरा और आगरा छावनी स्टेशन का सधन निरीक्षण किया। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज बृजेन्द्र कुमार आगरा मंडल के एक दिवसीय दौरे के दौरान आगरा छावनी स्टेशन पहुंचने पर आगरा कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या.01 के निरीक्षण के दौरान फूड लॉजा फूड ट्राली आईआरसीटीसी प्लॉजा क्लॉक रूम व उप स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य कार्यालय का निरीक्षण किया व यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इसके उपरान्त प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार ने मथुरा जंक्शन स्टेशन पहुंच कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की संख्या टिकट की स्थिति यात्री सुविधा बुकिंग कार्यालय रिजर्वेशन कार्यालय उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय शयनयान श्रेणी प्रतीक्षालय व सकुर्लेटिंग एरिया सहित अन्य का निरीक्षण किया, उसके उपरान्त मंडल कार्यालय पहुंच कर अधिकारियो के साथ बैठक की इस बैठक के दौरान यात्री यातायात सहित लोडिंग बढ़ाने पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान आगरा मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द स्टेशन निदेशक मथुरा एसके श्रीवास्तव मंडल वाणिज्य प्रबंधक कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव सहायक वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग वीरेंद्र सिंह सहायक वाणिज्य प्रबंधक फेट संजीव कुमार मौजूद रहे।

## अन्तर्राज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के एक बाल अपचारी सहित 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद**। थाना उत्तर पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए जगह जगह से मोबाइल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक बालअपचारी सहित 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से 02 चोरी की मोटर साइकिल व चोरी के 17 मोबाइल जिनकी कीमत लगभग 01 लाख 60 हजार रुपये बरामद किए गए। शनिवार को थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अन्तर्राज्यीय गिरोह के एक बालअपचारी सहित 5 अभियुक्तों को गोपाल नगर के पास खण्डर बिल्डिंग से गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से 02 चोरी की मोटरसाइकिल व 17 चोरी के मोबाइल बरामद किए गए हैं। अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद चोरी के



मोबाइल के सम्बन्ध में थाना उत्तर पर मुकदमा पंजीकृत है ।गिरफ्ताशुदा अभियुक्तगण को सम्बन्धित न्यायालय व बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की है। गिरफ्तार मोबाइल चोरों के संबंध में क्षेत्राधिकारी नगर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मथुरा,बृन्दावन, महेदीपुर बालाजी (राजस्थान) बटेश्वरनाथ मन्दिर एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों, हॉस्पीटल,क्लीनिक बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन या जहाँ कही भी हॉट, बाजार, मेला लगता है वहाँ जाकर भीड-भाड वाले इलाकों में लोगों को चकमा देकर उनकी जेब से मोबाइल चोरी करते हैं और राह चलते लोगों को औने पौने दाम मे बेचकर अपने शौक मौज पूरे करते हैं तथा शहर व अन्य स्थानों पर मोटर साइकिलों से घूमते रहते हैं तथा सून सान जगह देखकर मौके मिलते ही राह चलते लोगो से मोबाइल छीन कर भी भाग जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सोनू पुत्र महेश निवासी ककरऊ कोठी ओपी स्कूल के पास थाना उत्तर, अवतार पुत्र रामलाल शंखवार निवासी नगला पदिया थाना जसराना, सत्यदेव उर्फ पिन्टू पुत्र पप्पू सिंह जाटव निवासी टापाकलां गोला नीम थाना उत्तर विशाल पुत्र अनिल वाल्मिकी निवासी कौशल्या नगर थाना उत्तर व एक बालअपचारी है।

# 500 बीघा जमीन में घुसा कोसी ड्रेन का पानी, किसानों ने की सीडीओ से मुलाकात



**मथुरा**। खेतों में कोसी ड्रेन का पानी भरने से निराश किसानों ने शनिवार राजीव भवन पहुंचकर सीडीओ से मुलाकात की और 500 बीघा जमीन में इस जल भराव के निदान की बात की। आज चैमुहां क्षेत्र के विभिन्न गांवों के किसान अपने खेतों में रेन ओवर फ्लो होने से खेतों में भरे पानी से बर्बाद हो रही फसल की जानकारी दी। किसानों का कहना था कि उनके खेतों में कोसीन ड्रेन का पानी भर गया है, जिससे फसले पानी में डूब गयी है। ग्रामीणों का सुझाव था कि ड्रेन में बने बांध को तोड़ दिया जाए तो समस्या का निराकरण हो सकता है। क्योंकि पारसौली, चैमुहां पर ड्रेन में पक्का बांध लगा हुआ है। है। वर्षा होने पर ड्रेन ओवर फ्लो हो जाता है, जिससे उसका पानी खेतों तक पहुंच जाता है। जिन किसानों के खेतों में पानी भरा है वे छाता तहसील के बिलौठी, सेमरी, अकबरपुर, और उससे जुड़े गांव हैं। किसानों ने बताया कि फसल खराब हो रही उन्होंने कहा कि एसडीएम छाता और डीएम को भी घटना की जानकारी दे चुके हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उनकी नाराजगी थी कि समस्या बताने के बाद भी आज तक अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। जिससे फसल बर्बाद हो रही है।

## टंकी निर्माण को खोदे गड्ढे में गिरने से बच्चे की मौत

**मथुरा**। थाना बलदेव क्षेत्र में बीती देर शाम पानी की टंकी के निर्माण के लिये खोदे गये बड़े गड्ढे में जलभराव के चलते एक बालक की डूबने से मौत हो गयी जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। घर-परिवार में इस घटना से कोहराम मचा है। आज ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होने इस निर्माण कार्य से जुड़ी संस्था के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।



कस्बा बलदेव में रहने वाले सतेन्द्र का 8 वर्षीय पुत्र विशाल बीती शाम गांव के मंदिर में प्रसाद लेने जा रहा था। मंदिर के पास ही पानी की टंकी के निर्माण के लिये हाल में एक बड़ा गडढा खोदा गया था जिसमें पानी भरा हुआ था। पांव फिसलने से बालक गहरे पानी में डूब गया। काफी प्रयासों के बाद उसे निकाला गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि पूर्व में ही गांव के लोगों द्वारा इस निर्माण से जुड़ी संस्था से गहरा गडढा होने के कारण बैरीकेटिंग कराने की मांग की गयी थी लेकिन कंपनी के लोगों ने ध्यान नहीं दिया जिससे यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने इस घटना के लिये जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। जलजीवन मिशन योजना के तहत इस पानी की टंकी का निर्माण इफको इन्फाटैक कंपनी द्वारा कराया जा रहा था।

## ब्रज क्षेत्र के लाल ग्यारवीं के छात्र ने एआई तकनीक से बनाया रोबोट

**मथुरा**। छाता क्षेत्र के गांव सेंनवा निवासी 14 वर्षीय सूरज शर्मा पूर्व प्रधान सॅनवा राजेश पहलवान के पुत्र ने एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) तकनीक से रुद्रा नामक रोबोट तैयार कर इतिहास रच दिया। चंदनवन स्थिति माउंट हिल एकेडमी में कक्षा 11 का छात्र है जिसने अपने क्षेत्र का का ही नहीं बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया। इस विषय में पूर्व प्रधान सैनवा राजेश ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे पुत्र सूरज शर्मा ने नोएडा के इडोर स्टेडियम में हुई वर्ल्ड रोबोटिक्स कंपटीशन की चैंपियनशिप में अपने इनोवेशन जूनियरशिप में हिस्सा लेकर अपने ह्यूमन रोबोट का बेहतर प्रदर्शन दिखाया। इसने देश को कुछ नया देने की सोच के साथ ही रुद्रा रोबोट पर काम करना शुरू कर दिया। अब तक 14 साल का होने तक भारत का सबसे बेहतरीन रुद्रा रोबोट बना कर वर्ल्ड रोबोटिक्स कंपटीसन में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करके विजय प्राप्त की। भारत वर्ष वर्ल्ड कप में हिस्सा बनकर अपने सपनों को साकार करने का प्रयास किया सूरज शर्मा ने भारत माता के होनहार बच्चों में अपना नाम स्थापित किया। अपनी जन्मभूमि और भारत माता की गौरवान्वित करने का काम किया। इस प्रदर्शन में लगभग 45 अलग- अलग देश की प्रतिभाओं द्वारा भी भाग लिया गया था। इस प्रतियोगिता में सूरज शर्मा को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। इस दौरान जजों के साथ अन्य देशों से भाग लेने आए प्रतियोगियों के द्वारा भी सूरज की प्रतिभा की काफी सराहना की गई। वही क्षेत्रवासियों ने भी सूरज के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।



## आगामी लोक अदालत को सफल बनाने को खंड विकास अधिकारियों संग बैठक की



**फिरोजाबाद**। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद हरवीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में पीयूष सिद्धार्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में ए०डी०आर० भवन पर समस्त खण्ड विकास अधिकारीयो के साथ बैठक राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.09.2024 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु चर्चा की गयी। प्राधिकरण के सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रान्तर्गत आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार, पम्पलेट पोस्टर व बैनर आदि से कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जनपद के समस्त ब्लॉकों पर राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु बैनर लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

# पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों की मथुरा में अपार भीड़

- पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश आरक्षी भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन कालेजों में परीक्षार्थियों की उमड़ी भीड़



**मथुरा**। उप्र पुलिस सिपाही भर्ती के लिए ऑफ लाइन लिखित पुनः परीक्षा शानिवार को पुलिस-प्रशासन के कड़े पहरे में 21 केंद्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई। पांच दिवसीय उ.प्र. पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन आज महानगर के कई कालेजों में परिक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ती देखी गई। आज सुबह से ही कालेज परिसर में परिक्षार्थी आने शुरू हो गये। परिक्षार्थियों को रेल, बस कार बाईक आटों ई रिक्शाओं पर सवार होकर जाते हुए देखा गया।

पुलिस के व्यवस्था संभालते ही कार बाईके कालेज परिसर से बाहर कर दी गई। पुलिस द्वारा परिक्षार्थियों को लाइन लगाकर प्रवेश पत्र चैक कर कमरों में प्रवेश कराया गया। सभी केंद्रों पर पुलिस के कर्मी व अधिकारी लगाए गए थे। इनके अलावा सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट प्रशासन की ओर से नियुक्त किए गए थे। अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व कड़ी चेकिंग हुई। बायोमेट्रिक डाटा का मिलान किया गया। इधर, कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम से केंद्रों पर लगे सीसीटीवी के जरिये निगरानी हुई। पहली पाली में 1964 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के आखिरी दिन पहली पाली में 8496 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें से प्रथम पाली में 6532 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1964 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 76.88 प्रतिशत अभ्यथियों की उपस्थिति रही। परीक्षा को नकल विहीन, सकुशल पारदर्शिता पूर्वक तरीके से कराये जाने को लेकर एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय के अलावा नोडल अधिकारी एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार, सीओ सिटी प्रवीण मलिक, सीओ महावन भूषण वर्मा ने पुलिस टीम के साथ परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था को परखा। महानगर के चम्पा अग्रवाल इन्टर कालेज, जी आई सी, सुभाष इन्टर कालेज आर्य समाज गर्ल्स इंटर कालेज आदि कई स्थानों पर पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराई गई। पुलिस के लिए राहत की बात यह रही कि जिले के किसी भी केंद्र पर कोई भी फर्जी परीक्षार्थी या नकलची नहीं पकड़ा गया।

## संक्षेप

### अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज 8 तक

नई दिल्ली। सितंबर आने के साथ भारत में त्योहारों का मौसम भी शुरू हो रहा है त्योहार आने के साथ ही अब इसके जश्न की तैयारी शुरू करने का भी वक्त आ गया है त्योहारों के इस सीजन में अमेजन फ्रेश 31 अगस्त से 8 सितंबर के बीच सुपर वैल्यू डेज लेकर आया है त्योहारों के दौरान आपको अपने मेहमानों को स्वादिष्ट व्यंजन खिलाने के लिए जिन चीजों की जरूरत पड़ेगी, सुपर वैल्यू डेज के दौरान आप उन सभी की खरीदारी कर सकते हैं। सुपर वैल्यू डेज में आप ताजे फल और सब्जियां, पेय पदार्थ और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों जैसे कई उत्पादों पर 45प्रतिशत तक की छूट पा सकते हैं।

### एचसीएल सॉफ्टवेयर ने आयोजित किया एआई बूटकैंप

लखनऊ । ग्लोबल सॉफ्टवेयर कंपनी एचसीएल सॉफ्टवेयर ने लखनऊ में सिविल सेवकों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के लिए एक दिवसीय एआई बूटकैंप का आयोजन किया। इस विस्तृत कार्यक्रम को खासतौर पर सरकारी अधिकारियों के लिए डिजाइन किया गया था, ताकि वे बेहतर, नागरिक-केंद्रित समाधान प्रस्तुत करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर सकें बूटकैंप में 40 से ज्यादा सिविल सेवकों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया। यहां इन अधिकारियों ने एआई के आम जीवन में उपयोगों और एआई के क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### टीपीईएम ने कोच्चि में दो नये ईवी एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर्स खोले

कोच्चि। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने आज केरल के कोच्चि में टाटा.ईवी ब्रैंड आइडेंटिटी के तहत दो ईवी-एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर्स का शुभारंभ किया है। यह प्रीमियम रिटेल स्टोर शहर के बीच इडापल्ली और कलमासेरी में स्थित हैं। यहाँ इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बेहतर समझ रखने वाली कम्युनिटी को खरीदारी एवं स्वामित्व का एक अनोखा और बाजार से बेहतर अनुभव मिलेगा, जो कारों की पारंपरिक बिक्री से अलग होगा। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी आने के साथ, खरीदारी को लेकर उपभोक्ता का व्यवहार परिपक्व एवं विकसित हो रहा है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों के ग्राहक को अब चाहिये कि ब्रैंड खरीदारी में अनूठे अनुभव की पेशकश करे और यह चाहत उत्पाद से लेकर उसके स्वामित्व तक के लिये है। उपभोक्ता की इस चाहत को एक नई कंज्यूमर-फेसिंग ब्रैंड आइडेंटिटी से पूरा किया जा रहा है।

# हर खिलाड़ी पर हमें गर्व होता है : योगी

## खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के अभियान में राज्य सरकार, हॉकी इण्डिया का सहयोग करने के लिए तत्पर

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी इण्डिया के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हॉकी इण्डिया की 14वीं कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में आयोजित होना बहुत महत्वपूर्ण है। हर खिलाड़ी पर हमें गर्व की अनुभूति होती है, चाहे वह किसी भी प्रदेश का हो। खिलाड़ी सर्वप्रथम भारतीय है और वह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर 14वीं हॉकी इण्डिया कांग्रेस की पूर्व संध्या पर हॉकी इण्डिया के पदाधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हॉकी इण्डिया के पदाधिकारी वैश्विक मानकों के अनुरूप देश के लिए बेहतरीन हॉकी टीम तैयार करें। खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। हमें खिलाड़ियों के मन में अपनत्व का भाव पैदा करना होगा। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के अभियान में राज्य सरकार हॉकी इण्डिया का सहयोग करने के लिए तत्पर है। हॉकी इण्डिया प्रदेश के खेल विभाग के साथ मिलकर विभिन्न जनपदों में हॉकी के लिए स्टेडियम बनाने की सम्भावनाओं पर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है। इसलिए हर भारतीय के मन में हॉकी के प्रति आत्मीयता है और हॉकी खिलाड़ियों व हॉकी इण्डिया से जुड़े लोगों के प्रति सम्मान का भाव है। उत्तर प्रदेश भारतीय हॉकी टीम की सबसे ऊर्वरा स्थली रही है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द का जन्म उत्तर प्रदेश में ही हुआ था। उनके नेतृत्व में भारत ने ओलम्पिक में 3 मेडल जीते। प्रदेश सरकार भारत माता के महान सपूत मेजर



ध्यानचन्द के नाम पर मेरठ में प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का निर्माण करा रही है। केडी सिंह 'बाबू' भारतीय हॉकी टीम के सितारे थे। प्रदेश सरकार नीलाम होने जा रहे केडी सिंह 'बाबू' के बाराबंकी स्थित पैतृक आवास को स्मारक व संग्रहालय के रूप में विकसित करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने टोक्यो ओलम्पिक में पदक विजेता हॉकी टीम सहित अन्य खिलाड़ियों को लखनऊ में सम्मानित व पुरस्कृत किया था। इसी प्रकार टोक्यो पैरालम्पिक में पदक विजेता खिलाड़ियों को मेरठ में सम्मानित व पुरस्कृत किया गया था।

राज्य सरकार ओलम्पिक, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, विश्व चैम्पियनशिप जैसी अन्तरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में अच्छा स्थान प्राप्त करने वाले लगभग 500 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी प्रदान कर चुकी है। प्रदेश सरकार ने टोक्यो ओलम्पिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य ललित उपाध्याय को पुलिस उपाधीक्षक पद पर नियुक्त किया है। इसी प्रकार पेरिस ओलम्पिक की भारतीय हॉकी टीम के सदस्य राजकुमार पाल को भी पुलिस उपाधीक्षक पद प्रदान करने की घोषणा की। राज्य सरकार शीघ्र ही पेरिस ओलम्पिक-2024 में पदक विजेता पुरुष हॉकी टीम को सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व खिलाड़ियों को कोच के रूप में आबद्ध करने की कार्रवाई सम्पन्न की जा रही है। प्रदेश में ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान, विकासखण्ड स्तर पर मिनी स्टेडियम तथा जनपद स्तर पर स्टेडियम बनाने की कार्यवाही युद्ध स्तर पर जारी है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर 65,000 से अधिक युवक मंगल दल व महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट वितरित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित किया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतिवर्ष खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएं। विकास खण्ड, तहसील, जनपद, मण्डल व क्षेत्रीय स्तर पर हॉकी लीग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकती हैं। इससे हमें अधिक संख्या में अच्छे खिलाड़ी प्राप्त होंगे। लोगों के मन में खेल के प्रति जागरूकता पैदा होगी।

### आठ राज्यों में एफएमडी मुक्त क्षेत्र बनाने की योजना

नयी दिल्ली। सरकार पशु उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आठ राज्यों में खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी) मुक्त क्षेत्र स्थापित करने की योजना बना रही है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय ने पशु संक्रामक रोगों को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर 30 अगस्त को संपन्न कार्यशाला में इस पहल की घोषणा की। कार्यशाला का आयोजन खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने विभाग के सहयोग से किया था। उपाध्याय ने कहा, हमने राष्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चार गंभीर बीमारियों- एफएमडी, पेस्ट डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स, ब्रुसेलोसिस और क्लासिकल स्वाइन फीवर से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सरकारें आठ राज्यों में एफएमडी मुक्त क्षेत्र स्थापित करने की योजना बना रही है, जहां उन्नत टीकाकरण प्रयास चल रहे हैं।

# भारत के सामने चीन बड़ी समस्या : जयशंकर

## सीमा पर स्थिति को देखते हुए चीन से होने वाले निवेश की होनी चाहिए समीक्षा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत के सामने चीन संबंधी एक विशेष समस्या है जो दुनिया की चीन संबंधी सामान्य समस्या से अलग है। उन्होंने साथ ही कहा कि चीन के साथ संबंधों एवं सीमा पर स्थिति को देखते हुए वहां से होने वाले निवेश की समीक्षा की जानी चाहिए।

जयशंकर ने कहा कि यदि लोग चीन के साथ व्यापारिक घाटे की शिकायत कर रहे हैं और हम भी (इससे परेशान हैं) तथा ऐसा इसलिए है क्योंकि दशकों पहले हमने चीनी उत्पादन की प्रकृति और उन लाभों को जानबूझकर नजरअंदाज कर दिया था, जो उन्हें ऐसी प्रणाली में प्राप्त हुए, जिसमें उन्हें अपने साथ लाए गए सभी लाभों के अलावा समान अवसर मिले। उन्होंने यहां ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में नये भारत के जोखिम, सुधार और जिम्मेदारियां विषय पर आयोजित सत्र के दौरान कहा, चीन कई मायनों में एक अनूठी समस्या है क्योंकि वह एक अनूठी राजनीति है, वह एक अनोखी अर्थव्यवस्था है। जब तक कोई इस विशिष्टता को समझने की कोशिश नहीं करता, तब



तक इससे निकाले जाने वाले निर्णय, निष्कर्ष और नीतिगत कदमों में समस्या रहेगी। जयशंकर ने कहा, चीन को लेकर एक सामान्य समस्या है। हम दुनिया के एकमात्र देश नहीं हैं, जो चीन के बारे में बहस कर रहे हैं। यूरोप में जाइए और उनसे पूछिए कि आज उनकी प्रमुख आर्थिक या राष्ट्रीय सुरक्षा बहस क्या है। यह बहस चीन के बारे में है। अमेरिका को देखिए। उसे भी चीन के प्रति दिक्कत है और यह कई मायनों में सही भी है। उन्होंने कहा कि इसलिए सच्चाई यह है कि भारत एकमात्र ऐसा देश नहीं है जिसे चीन को लेकर समस्या है। जयशंकर ने कहा भारत को चीन को लेकर समस्या है, चीन संबंधी एक विशेष समस्या, जो चीन को लेकर दुनिया की सामान्य समस्या से परे है। उन्होंने कहा जब हम चीन के साथ व्यापार, चीन के साथ निवेश, चीन के साथ विभिन्न प्रकार के आदान-प्रदान को देखते हैं और यदि आप इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि यह एक बहुत ही अलग देश है और इसके काम करने का तरीका भी बहुत अलग है, तो मुझे लगता है कि आपकी बुनियादी बातें ही पटरी से उतरने लगती हैं। मंत्री ने कहा, चूंकि चीन को लेकर एक सामान्य समस्या है और साथ ही हमारी अपनी स्थिति भी है, आप सभी जानते हैं कि पिछले चार साल से सीमा पर हमारी स्थिति बहुत कठिन है। मुझे लगता है कि ऐसी स्थिति में भारत जैसा देश जैसी सावधानियां बरत रहा है, वही समझदारी भरी प्रतिक्रिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का कभी यह रुख नहीं रहा कि उसे चीन के साथ निवेश या व्यापार नहीं करना चाहिए।

# सितंबर में सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। अगस्त में सामान्य से अधिक बारिश के बाद, भारत में सितंबर में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है, तथा उत्तर-पश्चिम भारत और आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि भारत के अधिकांश भागों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। हालांकि, सुदूर उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ क्षेत्रों, दक्षिणी प्रायद्वीप के कई भागों, उत्तरी बिहार और उत्तर-पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश भागों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है, जो 167.9 मिमी के लंबी अवधि के



औसत का 109 प्रतिशत है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और मध्य प्रदेश के आसपास के इलाकों सहित उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। महापात्र ने कहा, इन इलाकों में बहुत ज्यादा बारिश हो सकती है, जिससे बाढ़ आने की संभावना है। हमें भूस्खलन, मिट्टी धंसने और भूस्खलन से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारा अनुमान है कि महीने के प्रत्येक सप्ताह बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव प्रणाली विकसित होगी, जिसके परिणामस्वरूप पूरे देश में भारी वर्षा होगी। उन्होंने कहा कि मानसून के अपनी सामान्य स्थिति में बने रहने की उम्मीद है, तथा बंगाल की खाड़ी में कई

# जलवायु समाधान के लिए चुने गये चार भारतीय संगठन

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। एपीएसी सस्टेनेबिलिटी सीड फंड 2.0 के तहत अनुदान के लिए एशिया प्रशांत क्षेत्र में चार भारत-आधारित संगठनों को 14 अन्य प्राप्तकर्ताओं के बीच चुना गया है। इसे प्रौद्योगिकी दिग्गज की परोपकारी शाखा गूगल.ओआरजी से 50 लाख डॉलर के अनुदान से समर्थित किया गया है। एशियन वेंचर फिलैंथ्रोपी नेटवर्क (एवीपीएन) द्वारा प्रबंधित इस कोष का उद्देश्य महत्वपूर्ण पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रौद्योगिकी और एआई-संचालित समाधानों को बढ़ावा देना है। गूगल.ओआरजी ने एक बयान में कहा

> ❍ परोपकारी शाखा गूगल ओआरजी से 50 लाख डॉलर के अनुदान से किया समर्थित

कि भारतीय प्राप्तकर्ताओं में आईएनआरईएम फाउंडेशन, सीईपीटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन (सीआरडीएफ), इंस्टीट्यूट फॉर फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड रिसर्च (वेल लैब्स) और गुजरात महिला हाउसिंग सेवा ट्रस्ट (एमएचटी) शामिल हैं। आईएनआरईएम फाउंडेशन जल प्रदूषण डेटा तक सामुदायिक पहुंच के लिए एआई-सक्षम ओपन डिजिटल समाधान विकसित करेगा। सीआरडीएफ झीलों और उनके कार्बन सिंक फंक्शन की सुरक्षा के लिए मशीन लर्निंग और सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग करने की योजना बना रहा है। बयान में कहा गया है कि वेल लैब्स गांव-स्तर की जल सुरक्षा अंतर्दृष्टि के लिए उन्नत मॉडल विकसित करेगा, जबकि एमएचटी शहरी ताप द्वीपों की पहचान करने और समुदाय-केंद्रित समाधान सुझाने के लिए एआई-संचालित मॉडल बनाएगा।

# सरकारी खर्च, एमसीसी में कमी के चलते घटी जीडीपी

**एजेंसी**

भुवनेश्वर। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर सरकारी खर्च में कमी होने से अप्रैल-जून तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 15 महीने के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को यहां यह बात कही। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के लिए 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। दास ने यहां संवाददाताओं से कहा, रिजर्व बैंक ने पहली तिमाही के लिए 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। हालांकि, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले अग्रिम अनुमान के आंकड़ों में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रही।



उन्होंने कहा कि जीडीपी वृद्धि के लिए जिम्मेदार घटकों और मुख्य चालकों जैसे उपभोग, निवेश, विनिर्माण, सेवाओं और निर्माण ने सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि केवल दो पहलुओं ने वृद्धि दर को थोड़ा नीचे खींच दिया है और ये हैं- सरकारी (केंद्र और राज्य दोनों) व्यय तथा कृषि। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही के दौरान सरकारी व्यय कम रहा और शायद चुनाव (अप्रैल से जून) तथा आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण ऐसा हुआ। दास ने कहा, हमें उम्मीद है कि आने वाली तिमाहियों में सरकारी व्यय बढ़ेगा और वृद्धि को आवश्यक समर्थन मिलेगा। इसी तरह, कृषि क्षेत्र ने अप्रैल से जून की तिमाही में लगभग दो प्रतिशत की न्यूनतम वृद्धि दर दर्ज की है। उन्होंने कहा कि मानसून बहुत अच्छा रहा है और इसलिए कृषि क्षेत्र के बारे में हर कोई आशावादी और सकारात्मक है।

## पेज एक का शेष

### रेलयात्रा

गया है, जो 2014 की तुलना में सात गुना अधिक है। इसी तरह, इस साल के बजट में कर्नाटक के लिए 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटन किया गया है, जो 2014 की तुलना में नौ गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि आठ वंदे भारत ट्रेन कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों को जोड़ रही हैं।

मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को दोनों शहरों के बीच मौजूदा सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग एक घंटे पहले पहुंचाएगी। इसी तरह, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत से दो घंटे से अधिक समय और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेन से करीब डेढ़ घंटे का समय बचेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) ने मेरठ को नयी दिल्ली से जोड़ने में मदद की है, वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत से लखनऊकी दूरी भी कम हो गई है। मोदी ने कहा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) इस बात का उदाहरण बन रहा है कि कैसे पीएम गतिशक्ति का दृष्टिकोण आधुनिक ट्रेन, एक्सप्रेसवे के नेटवर्क और हवाई सेवाओं के विस्तार के साथ देश के बुनियादी ढांचे को बदल देगा। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य लोग ऑनलाइन माध्यम से मौजूद थे।

### महिलाओं के

अधिक भरोसा होगा। उन्होंने कहा कि जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक वाली जिला निगरानी समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न पहलुओं के बीच समन्वय स्थापित करने में पैनल की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर इशारा करते हुए मोदी ने इन समितियों को और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कोलकाता की घटना पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के बीच टकराव का मुद्दा भी बन गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को मोदी को पत्र लिखकर बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराधों के लिए कठोर केंद्रीय कानून और कठोर सजा के प्रावधान का अपना अनुरोध दोहराया। संविधान और कानून की भावना की रक्षा में न्यायपालिका की भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लोगों ने कभी भी उच्चतम न्यायालय या न्यायपालिका के प्रति कोई अविश्वास नहीं दिखाया है।

### सीएम सख्त

पर जवाब तलब किया है। इसी तरह एक चकबंदी अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई, एक सहायक चकबंदी अधिकारी का वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके अलावा तीन सहायक चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी। इतना ही नहीं एक सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा सेवाकाल में अनियमितता पर पेंशन में 20 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। इसके अलावा कई अन्य के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई। चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप समय-समय पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए विभाग की समीक्षा बैठक की जाती है। इसी क्रम में हाल ही में समीक्षा बैठक में कई अधिकारियों के काम में लापरवाही, अनियमितता और भ्रष्टाचार में लिप्त गतिविधियां पायी गई। इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी गयी, जिस पर सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में आठ मंडल प्रयागराज, वाराणसी, मीरजापुर, आजमगढ़, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या और देवीपाटन के चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें बरेली, हरदोई, ललितपुर, उन्नाव, चित्रकूट और जौनपुर के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी क्रमशः पवन कुमार सिंह, श्रीप्रकाश चंद्र उत्तम, राकेश कुमार, सुरेश कुमार सागर, मनोहर लाल और स्वतंत्र वीर सिंह यादव को चकबंदी कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर जवाब तलब किया गया है। वहीं प्रतापगढ़ के उप संचालक चकबन्दी/मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता को पर्यवेक्षणीय दायित्व का निर्वहन न करने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया है जबकि गोरखपुर के उप संचालक चकबन्दी अधिकारी राज नारायण त्रिपाठी को कार्य की प्रगति संबंधी सूचना न देने पर पद से हटाने के लिए नियुक्ति विभाग को पत्र लिखा गया है। वहीं सेवानिवृत्त सहायक चकबंदी अधिकारी रमेश पाल सिंह राणा द्वारा सेवाकाल में अनियमितता पर पेंशन में 20 प्रतिशत कटौती करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। राहत आयुक्त ने बताया कि कुशीनगर के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी संतोष कुमार को कार्य में लापरवाही पर निलंबित कर दिया गया। साथ ही विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। इसके अलावा वाराणसी के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी पवन कुमार सिद्धू को धारा.52 में लक्षित ग्राम अजगरा का कार्य पूर्ण न करने तथा स्थानान्तरित चकबन्दी लेखपालों को अवमुक्त न करने के कारण वेतन करने के साथ अनुशासनिक कार्यवाही की गयी। इसके साथ ही कार्य में शिथिलता पर शाहजहांपुर, मीरजापुर, गोरखपुर और देवरिया के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी क्रमशः मोहन लाल तत्कालीन, नरेंद्र सिंह, शशिकांत शुक्ला और पवन पांडेय के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही की गई। यही नहीं कनौज के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी धमेंद्र सिंह, बाराबंकी के चकबंदी अधिकारी शिव नारायन गुप्ताए बाराबंकी के कनिष्ठ सहायक उमाशंकर को जांच में अनियमितता पर अनुशासनिक कार्यवाही की गई। फतेहपुर के ग्राम ललौती का कार्य लक्ष्य के अनुसार पूर्ण न होने पर सहायक चकबंदी अधिकारी महेन्द्र सिंह का वेतन रोक दिया गया। साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसी तरह बलरामपुर के सहायक चकबंदी अधिकारी संदीप यादव द्वारा ग्राम मस्जीदिया का कार्य पूर्ण न करने पर अनुशासनिक कार्यवाही की गयी। प्रयागराज के ग्राम राजेपुर सराय अरजानी और प्रतापगढ़ के ग्राम धीमी का कार्य लक्ष्य के अनुसार पूर्ण न होने पर संबंधित सहायक चकबन्दी अधिकारी को चिन्हित कर अनुशासनिक कार्यवाही की गयी।

### पर्यटन व व्यापार

मध्य अत्याधुनिक विश्वस्तरीय वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया है। बेहतर कनेक्टिविटी के साथ ही पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देते इस उपहार के लिए आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। मेरठ और लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत से उत्तर प्रदेश की राजधानी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ हाईस्पीड कनेक्टिविटी से जुड़ गई है। इसके माध्यम से प्रदेशवासियों को सुखद, सुगम और आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा। प्रदेश में इससे पहले 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। ये ट्रेनें दिल्ली-वाराणसी, रांची-वाराणसी, लखनऊ-देहरादून, पटना-लखनऊ, आनंद विहार-अयोध्या और गोरखपुर-प्रयागराज के बीच संचालित हो रही हैं। इसमें अब मेरठ-लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन भी जुड़ गई है।

### पुलिस भर्ती

कानपुर जिले की कोतवाली क्षेत्र से निहाल सिंह को गिरफ्तार किया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि कुशल प्रबंधन से पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा संपन्न हुई है। गड़बड़ी करने वालो के इरादों पर सख्ती के चलते पानी फिरा है। जहां कही भी मामले प्रकाश में आए वहां धंधेबाजो के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध लोगो की अभी भी जांच पड़ताल की जा रही है।

**67 जिलों और कमिश्नरेट के 1174 परीक्षा केंद्रों में संपन्न हुई आरक्षी परीक्षा**

उ.प्र. पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा एल 23 और 24 तथा 25 अगस्त और 30 व 31 अगस्त को प्रदेश के 67 जिलों और कमिश्नरेट के 1174 केंद्रों पर शांति पूर्ण ढंग से आयोजित की गई। इस परीक्षा में करीब 48 लाख से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित होना था। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यूपी पुलिस और पुलिस भर्ती बोर्ड ने उत्कृष्ट सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए सभी जिलों में पुलिस मुख्यालय स्तर से अतिरिक्त पुलिस और पीएसी बल का प्रबन्धन किया गया था। इसके अलावा अतिरिक्त पर्यवेक्षक लगाए गए थे। इनमे ड्यूटी पंद्रह एसपी और इकतीस एएसपी और अट्ठाइस डीएसपी रैंक के अफसर लगाये गये थे।

### डीजीपी ने

परीक्षा को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराया जाए इसमें किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### पुलिस भर्ती

के 5 साल पूरे होने में 4 महीने बचे थे। 28 नवंबर 2021 को यूपीटेट की परीक्षा होनी थी। हुई भी, लेकिन इस बार भी पेपर लीक हो गया। असल में योगी सरकार में एक-दो नहीं, कुल 8 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। करीब 83 लाख पुरुष व महिला अभ्यर्थियों की मेहनत पानी में चली गई। 25 जुलाई वर्ष 2107 को यूपी पुलिस की उप निरीक्षक यानी दारोगा भर्ती परीक्षा के पेपर होने थे। पद थे, 3307। लेकिन परीक्षा निरस्त हो गई। वजह बताई गई कि वॉट्सएप पर पेपर लीक हो गया है। इसके बाद खूब इंतजार करने के बाद यूपीपीसएल में मार्च 2018, 2849 पदों पर भर्ती आई। अलग-अलग पदों पर हजारों वैकेंसी थी। फॉर्म भरे, फीस भरी, एडमिट कार्ड लेकर, चप्पल पहनकर पेपर देने गए। भटक-भटक के सेंटर ढूंढे, क्योंकि ऑनलाइन परीक्षा थी। सेंटर ऐसे इंस्टीट्यूट्स पर गए थे जहां कंप्यूटर हों। ऐसे इंस्टीट्यूट गली-कूचे में थे। फिर भी अभ्यर्थी समय पर पहुंचे और पेपर दिया, लेकिन फिर वही पेपर लीक। एसटीएफ को जांच में लगाया गया। बस इतना पता चला कि परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। परीक्षा रद्द कर दिया गया। इसी तरह सितम्बर 2016 में सपा की सरकार थी। यूपीएसएसएससी लोअर सबॉर्डिनेट की 641 जगह निकली। 67 हजार 500 युवाओं ने धड़ल्ले से फॉर्म भर डाले। परीक्षा की तैयारी भी शुरू कर दी। पर दो साल तक कोई तिथि नहीं आई। एक लम्बे इंतजार के बाद 15 जुलाई 2018 को परीक्षा हुई। बस 31 हजार पुरुष-महिला अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दिया। वह भी पेपर लीक होने की वजह से रद्द कर दिया गया। 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती वर्तमान में भी काफी ज्वलंत मुद्दा है। असल में दिसम्बर 2018 में सरकार ने प्राइमरी स्कूलों में 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती के लिए भर्ती निकाली। 5 जनवरी 2019 परीक्षा से एक दिन पहले पेपर आउट होने का हल्ला मचा। 6 जनवरी 2019 परीक्षा होनी थी और हुई भी। 7 जनवरी 2019 अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिए। यूपी पुलिस और एसटीएफ ने पूरे प्रदेश में 28 लोगों को गिरफ्तार भी किया था। मामला ठंडा होता, उससे पहले ही 12 मई 2020 को परिणाम आ गया। तथाकथित टॉपर्स को 150 में से 130-145 नंबर तक मिले। टॉपर भी ऐसे जिन्हें राष्ट्रपति का नाम भी नहीं पता। इनकी हाई स्कूल और इंटर की मार्कशीट भी सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। धांधली का शक और पक्का होने लगा। इस मामले में अभी तक अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं, पर नियुक्ति मिलेगी भी या नहीं, इसका जवाब अभी तक नहीं मिल पाया। यूपीएसएसएससी पेट परीक्षा 6 अगस्त 2021 को 75 जिलों में परीक्षा होना था। उसके बावजूद पेपर आउट हो गया। यूपी टीईटी 28 नवंबर को दो पेपर होने थे। एक यूपी एसआई का और दूसरा यूपी टीईटी का। अचानक बीच परीक्षा में बिना कुछ बताये अभ्यर्थियों से आंसर शीट जमा करा ली गई। किसी की समझ नहीं आया कि हुआ क्या। सेंटर से बाहर आए, तब पता चला कि पेपर लीक हुआ है और परीक्षा रद्द कर दी गयी। 2021 की यह परीक्षा सरकार करा ही नहीं पाई 4 अप्रैल को 655 पदों पर फॉरेस्ट गार्ड की परीक्षा होनी थी। पर सबॉर्डिनेट सिलेक्शन कमीशन ने मार्च में इसे भी रद्द कर दिया। इसके बाद सहायता प्राप्त स्कूल शिक्षक /प्रधानाचार्य 17 अक्टूबर 2021 को परीक्षा हुई। 18 अक्टूबर को पता चला कि डॉ. केएन काटजू इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल रामनयन द्विवेदी ने अपनी बेटी को पास कराने के लिए पेपर लीक करा दिया। एसटीएफ ने इनको गिरफ्तार कर लिया है। परीक्षा रद्द नहीं हुई, पर जिन अभ्यर्थियों ने पेपर दिये थे उनके रिजल्ट का अब तक कुछ अता-पता नहीं है। हालांकि इस परीक्षाओं में परीक्षा किन्हीं कारणों से रद्द अथवा स्थगित करनी पड़ी हो लेकिन योगी सकरार ने हर बार सख्त रुख अपनाया और विपक्ष की ओर से उठी हर बात का करारा जवाब दिया। कई गिरफ्तारियां हुई और कई जेल भी भेजे गये। सहायक समीक्षा अधिकारी व समीक्षा अधिकारी पद के लिए हुई परीक्षा के प्रश्नपत्र भी लीक हो गये जिससे सरकार ने उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। यह परीक्षा संभवतः अक्टूबर माह में करायी जा सकती है। लेकिन इस बार पुलिस विभाग की सिपाही भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष को कहने का मौका नहीं देना चाहते थे। साथ ही लोकसभा चुनाव में भी पेपर लीक, बेरोजगारी और महंगाई मुद्दे को पुरजोर से उठाया गया। उन्होंने इस भर्ती परीक्षा को लेकर सभी मातहतों शासन से लेकर प्रशासन तक सचेत कर दिया था कहीं कोई चूक हुई तो स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसके बाद योगी की फुलप्रूफ व्यवस्था ने अपना रंग दिखा दिया। पांच अलग-अलग दिवसों में हुई पुलिस भर्ती की परीक्षा में एक भी पत्ता नहीं हिला और परीक्षा सकुशल निपट गयी।




## संक्षेप

### जीव मिल्खा इंडिया लीजेंड्स चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर

ग्रेटर नोएडा। टूर्नामेंट के मेजबान जीव मिल्खा सिंह शनिवार को यहां इंडिया लीजेंड्स चैम्पियनशिप में लगातार दूसरा चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर अपना पहला लीजेंड्स टूर जीतने के करीब हैं। स्वीडन के जोआकिम हाएगमैन शीर्ष पर बने हुए हैं और जीव मिल्खा सिंह उनसे एक स्ट्रोक पीछे हैं। दो दिन के खेल के बाद 52 वर्ष के जीव का कुल स्कोर आठ अंडर 136 है। इस तरह उनके पास घरेलू सरजमीं पर पहली अंतरराष्ट्रीय जीत दर्ज करने का मौका है। ज्योति रंधावा (68, 72) का 36 होल में कुल स्कोर चार अंडर का है और वह लीडरबोर्ड पर तीसरे स्थान पर हैं। अमनदीप झोल (73, 73) और मुकेश कुमार (74, 72) दो राउंड में दो ओवर में संयुक्त 18वें स्थान से शीर्ष20 में बने हुए हैं।

### अनाहत व रविन्दु ने स्क्वाश टूर का जीता खिताब

कोलकाता,। भारतीय किशोरी अनाहत सिंह ने शनिवार को एचसीएल स्क्वाश टूर पीएसए के फाइनल में फिलीपींस की जेमिका अरिबाडो पर 3-0 की शानदार जीत के साथ महिला खिताब अपने नाम किया। अनाहत (16 वर्ष) ने अरिबाडो को 11-5, 11-3, 11-7 से हराया। एशियाई खेलों में टीम कांस्य पदक जीतने वाली अनाहत के लिए यह दोहरी खुशी थी क्योंकि उन्होंने ईस्टर्न स्लैम अंडर 19 लड़कियों का खिताब भी जीता था। श्रीलंका के रविन्दु लकसिरी ने कुवैत के अम्मार अल्तामिमी को 3-0 (11-7 13-11 11-3) से हराकर पुरुष वर्ग का खिताब जीता। टूर्नामेंट के अंतिम दिन भारत के पूर्व खिलाड़ी सौरव घोषाल भी उपस्थित रहे।

### शुभंकर ने ब्रिटिश मास्टर्स के कट में बनायी जगह

बेल्फ्राइ (ब्रिटेन)। डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता भारत के शुभंकर शर्मा दूसरे दिन का समापन बोगी से करने के बावजूद ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर ने दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर किया। उन्होंने पहले दौर में एक अंडर 71 का स्कोर किया था। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर थे। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी ओम प्रकाश (71-83) दूसरे राउंड में खराब प्रदर्शन के कारण कट से चूक गए। पहले दौर में 69 का कार्ड खेलने वाले इंग्लैंड के टायरेल हैटन ने दूसरे दौर में सात अंडर पार 65 का स्कोर बनाया जिससे वह एक शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

### नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन से बाहर

न्यूयॉर्क। कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के एक दिन बाद गत चैंपियन नोवाक जोकोविच भी चार सेट तक चले मुकाबले में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए लेकिन महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह मेरा अभी तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। यह मैच मेरे लिए किसी दुस्वप्न की तरह था। मैं अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब भी नहीं खेल पाया। यह 2017 के बाद पहला अवसर है जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच साल में एक भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट नहीं जीत पाए। इससे पहले 2010 में भी ऐसा हुआ था।

### पेरिस ओलंपिक सरिता क्वार्टरफाइनल में

पेरिस। भारतीय पैरा तीरंदाज सरिता कुमारी ने शनिवार को यहां पैरालंपिक में इटली की एलेनोरा सार्टी को एकतरफा मुकाबले में 141-135 से हराकर कंपाउंड महिला ओपन वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नौवीं वरीयता प्राप्त सरिता ने सिर्फ एक अंक गंवाकर चार अंक की बढ़त बनाई। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और फिर अपनी बढ़त को पांच अंक तक पहुंचा दिया।

# जडेजा संपूर्ण ऑलराउंड क्षेत्ररक्षक

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए समित द्रविड़ भारत की अंडर-19 टीम में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने रविंद्र जडेजा को वर्तमान समय का संपूर्ण ऑलराउंड क्षेत्ररक्षक करार दिया और साथ ही पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना की भी जमकर प्रशंसा की। क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान क्षेत्ररक्षकों में से एक रोड्स 1992 से लेकर 2003 तक दक्षिण अफ्रीका की तरफ से खेले थे। वह दक्षिण अफ्रीका की तरफ से वनडे में 100 कैच लेने वाले पहले खिलाड़ी बने थे।

संन्यास लेने के बाद रोड्स क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में कई आईपीएल टीमों से जुड़े रहे जिनमें मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स शामिल हैं। रोड्स ने कहा, मैं सुरेश रैना का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैंने उनके खेल के दिनों का आनंद लिया लेकिन अब वह संन्यास ले चुके हैं। वह ऐसे समय में मैदान के किसी भी हिस्से में गोता लगा देते थे जबकि भारतीय मैदान इसके लिए अनुकूल नहीं हुआ करते थे। उन्होंने कहा, इस मामले में मैं भाग्यशाली था क्योंकि मैंने फुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट अच्छे मैदानों पर खेली थी। रोड्स को शनिवार को हीरो प्रो कॉरपोरेट लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। उन्होंने जडेजा की भी जमकर प्रशंसा करते हुए कहा, जडेजा अलग स्तर का क्षेत्ररक्षक है। वह बहुत अधिक गोता नहीं लगाता लेकिन गेंद पर तेजी से झपटता है। गेंद को विकेट पर मारने की उसकी सटीकता कुछ हद तक रिकी पोंटिंग की तरह है। वह सीमा रेखा पर फील्डिंग करता है और सर्कल के अंदर भी फील्डिंग करता है। वह एक संपूर्ण ऑलराउंड क्षेत्ररक्षक है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज चेतन शर्मा को लीग का कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वहीं दूसरी ओर



नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 21, 23 और 26 सितंबर को पुडुचेरी में होगी जिसमें भारतीय टीम का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के मोहम्मद अमान करेंगे। इसके बाद इन दोनों टीम के बीच चेन्नई में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 30 सितंबर से जबकि दूसरा मैच सात अक्टूबर से शुरू होगा। इन दोनों मैच में भारतीय टीम की कप्तानी मध्य प्रदेश के सोहम पटवर्धन करेंगे। ऑलराउंडर समित वर्तमान में बेंगलुरु में चल रही केएससीए महाराजा टी20 ट्रॉफी में मैसूर वॉरियर्स के लिए खेल रहे हैं। इस टूर्नामेंट में समित अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने सात पारियों में 82 रन बनाए हैं जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 33 रन है। उन्हें अभी तक टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला है। समित ने हालांकि इस साल के शुरू में कूच बेहार ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया था और कर्नाटक को पहली बार चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने आठ मैचों में 362 रन बनाए और जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 98 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में 16 विकेट लिए थे। इनमें मुंबई के खिलाफ फाइनल में लिए गए दो विकेट भी शामिल हैं। एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीमः रुद्र पटेल, साहिल पारख, कार्तिकेय केपी, मोहम्मद अमान (कप्तान), किरण चोरमाले, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह पंगालिया (विकेटकीपर), समित द्रविड़, युधाजीत गुहा, समर्थ एन, निखिल कुमार, चेतन शर्मा, हार्दिक राज, रोहित राजावत, मोहम्मद एनान। चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीमः वैभव सूर्यवंशी, नित्या पंड्या, विहान मल्होत्रा, सोहम पटवर्धन (कप्तान), कार्तिकेय केपी, समित द्रविड़, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह पंगलिया (विकेटकीपर), चेतन शर्मा, समर्थ एन, आदित्य रावत, निखिल कुमार, अनमोलजीत सिंह, आदित्य सिंह, मोहम्मद एनान।

**बडोनी ने टी20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा, आर्य ने एक ओवर में छह छक्के लगाये**

नयी दिल्ली। आयुष बडोनी (165) ने 19 छक्कों के साथ किसी टी20 पारी का नया रिकॉर्ड कायम किया तो वहीं प्रियांश आर्य (120) ने एक ओवर में छह छक्के लगाए जिससे साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में शनिवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बनाये।

यह टी20 मैच का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ी आर्य ने साउथ दिल्ली की पारी के 12वें ओवर में छह छक्के लगाये लेकिन बडोनी ने उनसे ज्यादा आक्रामक बल्लेबाजी की। इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊसुपरजायंट्स के लिए खेलने वाले बडोनी ने 19 छक्के जड़े जो टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड है। दायें हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी 55 गेंद की पारी में आठ चौके भी लगाये। टी20 मैच की किसी पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था। दोनों बल्लेबाजों ने एक समान 18 छक्के लगाये थे। गेल ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग के 2017 सत्र में ढाका डायनामाइट्स के खिलाफ रंगपुर राइडर्स के लिए 69 गेंदों में 146 रन की पारी में पांच चौकों के साथ 18 छक्के लगाए थे।

# रूबिना फ्रांसिस ने एयर पिस्टल एसएच में जीता कांस्य पदक

शेटराउ (फ्रांस)। भारत की रूबिना फ्रांसिस ने शनिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की एयर पिस्टल एसएच। स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता जिससे देश के निशानेबाजों का मजबूत प्रदर्शन जारी रहा। रूबिना ने कुल 211.1 अंक हासिल कर आठ महिलाओं के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्वालीफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। पेरिस पैरालंपिक में यह भारत का निशानेबाजी में चौथा और कुल मिलाकर पांचवां पदक था। शुक्रवार को अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए इतिहास रच दिया था।

उन्होंने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। मोना अग्रवाल ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) में रजत पदक जीता। एसएच। वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।



**पैरालंपिक बैडमिंटनः नितेश, सुकांत पुरुष एकल के सेमीफाइनल में**

पेरिस। भारतीय शटलर नितेश कुमार और सुकांत कदम ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक में अपने आखिरी ग्रुप मैचों में सीधे गेम में जीत दर्ज करने के बाद क्रमशः पुरुष एकल एसएल 3 और एसएल 4 श्रेणियों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीतने वाले एसएल 3 वर्ग के खिलाड़ी नितेश ने थाईलैंड के मोंगखोन बुनसुन को 21-13, 21-14 से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की और ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। बुनसुन ने ग्रुप ए से दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दोनों ग्रुप में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाले खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

एसएल3 वर्ग निचले अंगों की गंभीर विकलांगता वाले खिलाड़ियों के लिए है। वे आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं। इसी ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में तोक्यो पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता मनोज सरकार ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-।, 21-11 से हराया। वह हालांकि मनोज इससे पहले बुनसुन और नितेश से हारने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गये थे। पुरुष एकल एसएल4 वर्ग में सुकांत ने थाईलैंड के टीमारोम सिरीपोंग को 21-12, 21-12 से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया और हमवतन सुहास यतिराज के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। तीन खिलाड़ियों के ग्रुप में यह उनकी लगातार दूसरी जीत थी। सुकांत ने पिछले साल चीन में एशियाई पैरा खेलों में कांस्य पदक जीता था। एसएल4 में वो एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनके निचले अंग में कमजोरी होती है।

# अमेरिकी ओपन : भांबरी-ओलिवेटी तीसरे दौर में



एजेंसी

न्यूयॉर्क। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्टिन क्राजिस्क और जीन जूलियन रोजर को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के तीसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अमेरिका के क्राजिसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के उनके जोड़ीदार गुइडो आंद्रेओज़ी दूसरे दौर में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूपस्की से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत और अर्जेंटीना की जोड़ी दूसरे दौर के मैच में 6-7 (4), 4-6 से हार गई। वीनस और स्कूपस्की को सात ब्रेक प्वाइंट मिले जिसमें से उन्होंने एक को भुनाया। बालाजी और आंद्रेओज़ी सर्विस ब्रेक के अपने एकमात्र अवसर को भुनाने में असफल रहे।

**ओलंपिक में गलत आचरण के लिए आईजीयू ने जीसी सदस्य को निलंबित किया**

नयी दिल्ली। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) ने अपनी संचालन परिषद (जीसी) के वरिष्ठ सदस्य संदीप वर्मा को पेरिस ओलंपिक के दौरान कथित गलत आचरण की जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया है। आईजीयू के अध्यक्ष ब्रिजेंदर सिंह ने एक आधिकारिक आदेश में कहा, भारतीय गोल्फ संघ अपनी संचालन परिषद के सदस्य संदीप वर्मा को पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करते समय गंभीर कदाचार के लिए उनके खिलाफ जांच लंबित रहने तक तत्काल प्रभाव से यानी 30 अगस्त 2024 से निलंबित करता है। सिंह ने कथित कदाचार के बारे में विस्तार से बताए बिना कहा कि जांच में एक सप्ताह से 10 दिन का समय लगेगा। उन्होंने कहा, उसका कृत्य इतना गंभीर है कि उसे निलंबित किया जाना चाहिए। हमने जांच बिठा दी है और एक सप्ताह या 10 दिन के अंदर हमें रिपोर्ट मिल जाएगी। सूत्रों का कहना है कि वर्मा ने पेरिस में उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय ओलंपिक टीम का हिस्सा बनने के लिए कथित तौर पर गलत मान्यता पत्र का इस्तेमाल किया था। वर्मा ने हालांकि इन आरोपों को निराधार बताया। वर्मा ने कहा, ये सभी आरोप झूठे हैं। मेरे पास उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए आवश्यक अनुमति और मान्यता पत्र था। मेरा नाम उन लोगों की सूची में था जो दल का हिस्सा थे और जिन्होंने उद्घाटन समारोह में भाग लिया था। उन्होंने कहा, मैंने किसी के मान्यता पत्र की कॉपी नहीं की थी। मैंने कुछ भी नहीं छुपाया। उद्घाटन समारोह के दौरान करोड़ों लोगों ने मुझे ध्वज के साथ देखा। वहां पहुंचने के लिए कड़ी सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ता है। ये सभी झूठे आरोप हैं और मैंने उन्हें (आईजीयू को) कल कानूनी नोटिस भेजा है। सिंह ने हालांकि कहा कि आईजीयू के पास आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने कहा, हमें उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए मौका देना होगा हालांकि आरोप साबित करने के लिए हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं।

### मनदीप कौर एसएल3 के एकल क्वार्टर फाइनल में

पेरिस। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर ने पेरिस पैरालिंपिक में महिला एकल एसएल3 स्पर्धा में शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलीन ऑरेली को हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मनदीप ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप बी में अपना आखिरी मैच 21-23 21-10 21-17 से जीता। वह अपना पहला मैच नाइजीरिया की बोलाजी मरियम से हार गई थीं। क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय खिलाड़ी के लिए यह मैच जीतना जरूरी था। उन्होंने तीन खिलाड़ियों के ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया। मरियम ने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एसएल3 वर्ग निचले अंगों की गंभीर विकलांगता वाले खिलाड़ियों के लिए है। वे आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं। इससे पहले शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में सुहास यतिराज और पलक कोहली अपने शुरुआती मिश्रित युगल एसएल3 मुकाबले में हिकमत रामदानी और लीनी ओक्टिला की शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी से 11-21, 17-21 से हार गए। एसएल3 मिश्रित युगल के एक अन्य मैच में नितेश कुमार और थुलासिमथी मुरुगेसन को फ्रांस के फॉस्टीन नोएल और लुकास मजूर से 22-24, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# पेरिस पैरालंपिक : नौकाचालक रेपेशेज फाइनल में

एजेंसी

पेरिस। भारतीय नौकाचालक अनिता और नारायण कोंगनापल्ले शनिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की मिश्रित पीआर3 डबल स्कल्स स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहे। यह जोड़ी 7:54.33 सेकेंड से यूक्रेन (7:29.24 सेकेंड) और ब्रिटेन (7:20.53 सेकेंड) से पीछे रही। भारतीय जोड़ी अब फाइनल बी में प्रतिस्पर्धा करेगी जो सातवें से 12वें स्थान के लिए होती है। शुक्रवार को हीट के दौरान भारतीय जोड़ी 8:06.84 सेकेंड के समय से पांचवें स्थान पर रही थी। अनीता ने 18 साल की उम्र में एक सड़क दुर्घटना में



अपना पैर खो दिया था। उन्होंने इस साल की शुरुआत में वर्ल्ड रोइंग एशियाई और ओसनियाई पैरालंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीता था। राष्ट्रीय राइफल्स के पूर्व सैनिक कोंगनापल्ले ने 2015 में जम्मू कश्मीर में ड्यूटी के दौरान एक खान में हुए धमाके में अपना पैर खो दिया था। उनकी उपलब्धियों में वर्ल्ड रोइंग एशियाई और ओसनियाई पैरालंपिक क्वालीफायर और एशियन रोइंग वर्चुअल इंडोर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक शामिल हैं। पीआर3 श्रेणी वे पैरा एथलीट खेलते हैं जिनके पैर कोई काम नहीं कर सकते जिससे वे सीट को स्लाइड कर सकते हैं।

# पांच विकेट से बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 274 पर समेटा

एजेंसी

रावलपिंडी (पाकिस्तान)। ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज ने 61 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे बांग्लादेश को दूसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पाकिस्तान को पहली पारी 274 रन पर आउट कर दिया। टेस्ट मैचों में मेहदी ने 10वीं बार पांच विकेट चटकाने का कारनामा किया। उन्हें कंधे की चोट से टीम में वापसी कर रहे तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद का अच्छा साथ मिला। तस्कीन ने 57 रन पर तीन विकेट चटकाकर टेस्ट मैच अपनी वापसी को खास बनाया। बांग्लादेश के क्षेत्ररक्षकों ने चार आसान कैच टपकाये जिससे मैच में पाकिस्तान को वापसी करने का मौका मिल गया।

दिन का खेल खत्म होते समय बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 10 रन बना लिये थे। सलामी बल्लेबाज शदमन इस्लाम को पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला जब सउद शकील ने मीर हमजा की गेंद पर उनका आसान कैच टपका दिया। श्रृंखला का पहला मैच 10 विकेट से जीतने के बाद बांग्लादेश के पास पाकिस्तान के खिलाफ इतिहास रचने का मौका है। बांग्लादेश की टीम हालांकि पहले टेस्ट में 191 रन बनाने वाले मुशफिकुर रहीम के चोटिल होने से चिंतित होगी। दिन के दूसरे सत्र में आउटफील्ड में ड्राइव लगाने दौरान मुशफिकुर का कंधा चोटिल हो गया और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। दूसरे टेस्ट में पहले दिन का खेल लगातार



बारिश के कारण धुल जाने के बाद, बांग्लादेश ने पाकिस्तान को शुरुआत में परेशान किया। तस्कीन ने पिच की नमी का फायदा उठाते हुए पहले ओवर में अब्दुल्ला शफीक को खाता खोले बगैर बोल्ड किया। कप्तान शान मसूद (57) और सईम आयुब (58) ने 107 रन की साझेदारी कर मैच में पाकिस्तान का दबदबा बनाया शुरू किया था कि लंच के बाद मेहदी ने बायें हाथ के इन दोनों बल्लेबाजों को चलता कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। बांग्लादेश ने इस सत्र में चार विकेट चटकाये। तस्कीन की शॉट गेंद को सउद शकील (16) विकेटों पर खेल गये जबकि पूर्व कप्तान बाबर आजम (35) क्रीज पर दो घंटे बिताने के बावजूद प्रभावित करने में विफल रहे। उन्हें शाकिब अल हसन ने पगबाधा किया। पहले टेस्ट में शतक और अर्धशतक लगाने वाले मोहम्मद रिजवान (26) नाहिद राणा की गेंद पर बल्ला अड़ाकर पहली स्लीप में खड़े नजमुल हसन शंटो को कैच थमा बैठे।



# जिला अदालतें हैं न्याय पालिका की रीढ़ : चंद्रचूड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को जिला न्यायपालिका को न्यायपालिका की रीढ़ बताया और कहा कि यह कानून का अहम घटक है। यहां जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि यह जरूरी है कि जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ कहना बंद किया जाए। इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, न्याय की तलाश कर रहा कोई नागरिक सबसे पहले जिला न्यायपालिका से संपर्क करता है। जिला न्यायपालिका कानून का अहम घटक है।



उन्होंने कहा कि काम की गुणवत्ता और वे स्थितियां जिनमें न्यायपालिका नागरिकों को न्याय प्रदान करती है, यह निर्धारित करती है कि उन्हें न्यायिक प्रणाली पर भरोसा है या नहीं। सीजेआई ने कहा, इसलिए जिला न्यायपालिका से बड़ी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया जाता है और इसे न्यायपालिका की रीढ़ के रूप में वर्णित किया गया है। रीढ़ तंत्रिका तंत्र का अहम अंग है। उन्होंने कहा, कानूनी व्यवस्था की रीढ़ को बनाए रखने के लिए हमें जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ न्यायपालिका कहना बंद करना होगा। आजादी के 75 साल बाद, अब समय आ गया है कि हम ब्रिटिश काल के एक और अवशेष -अधीनता की औपनिवेशिक मानसिकता- को दफना दें। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि 2023-24 में अदालती रिकॉर्ड के 46.48 करोड़ पृष्ठों को डिजिटल रूप दिया गया। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट परियोजना के तहत 3,500 से अधिक अदालत परिसरों और 22,000 से अधिक अदालत कक्षों का कम्प्यूटरीकरण भी किया गया। उन्होंने कहा, जिला न्यायपालिका ने दिन-प्रतिदिन के मामलों में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने में अहम भूमिका निभाईः देश में जिला अदालतों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 2.3 करोड़ मुकदमों पर सुनवाई की। सीजेआई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए फैसलों को संविधान में मान्यता प्राप्त प्रत्येक भाषा में अनुवादित किया जा रहा है और 73,000 से अधिक अनुवादित फैसले सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। न्यायपालिका की बदलती जनसांख्यिकी पर आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जिला न्यायपालिका में शामिल होने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा, 2023 में राजस्थान में दीवानी न्यायाधीशों की कुल भर्ती में 58 प्रतिशत महिलाएं शामिल थीं।

# केंद्र प्रदर्शनकारी किसानों के मुद्दों को दे प्राथमिकता



एजेंसी

चंडीगढ़। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को शंभू बॉर्डर पहुंच किसानों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और कहा कि केंद्र सरकार को उनकी मांगों पर ध्यान देना चाहिए व उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने अपने दिल्ली चलो मार्च के 200 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में यहां किसान महापंचायत का आयोजन किया। किसान संगठनों ने दिल्ली चलो मार्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने किसानों के मार्च को 13 फरवरी को रोक दिया था।

इसके बाद 13 फरवरी से ही किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर स्थित शंभू बॉर्डर और खनौरी पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में पेरिस में आयोजित ओलंपिक खेलों में कुश्ती के 50 किलोग्राम के फाइनल मैच से अयोग्य घोषित की गईं फोगाट को प्रदर्शनकारी किसानों ने सम्मानित किया था। फोगाट ने अपने संबोधन में किसानों को अपना समर्थन देते हुए कहा, मैं आपको बताना चाहती हूं कि आपकी बेटी आपके साथ है। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की मांगें अवैध नहीं हैं। फोगाट ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि उनकी मांगें अब तक मानी नहीं गई हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह स्थिति देखकर दुख होता है। उन्होंने कहा, कभी-कभी हम उनके लिए कुछ नहीं कर पाने के कारण खुद को असहाय महसूस करते हैं।

हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन हम खुद के परिवार के लिए कुछ नहीं कर पाते। अनुरोध है कि सरकार उनकी बात सुने। एक सवाल का जवाब देते हुए महिला पहलवान ने कहा कि यह दुखद है कि 200 दिन बीत जाने के बावजूद प्रदर्शनकारी किसान सड़कों पर बैठे हुए हैं क्योंकि उनकी मांगें नहीं मानी गई हैं। फोगाट ने कहा, अगर किसान हमें खाना नहीं खिलाएंगे तो हम कैसे प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे? इतना कुछ होने के बावजूद वे खुले दिल से देश का पेट भर रहे हैं। उनका दिल बड़ा है और सरकार को भी इस मामले में बड़ा दिल दिखाना चाहिए। हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े एक सवाल पर चरखी दादरी जिले की पहलवान ने कहा, मैं राजनीति के बारे में नहीं जानती। मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह हरियाणा में किसानों के आंदोलन शुरू करने पर उनका समर्थन करेंगी, उन्होंने जवाब दिया, क्यों नहीं? फोगाट ने कहा, देश के किसान परेशान हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने की जरूरत है।

# ब्राजील में एक्स की सेवाएं निलंबित

❍ सुप्रीम कोर्ट का बड़ा निर्णय

एजेंसी



साओ पाउलो (ब्राजील)। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश ने देश में सोशल मीडिया मंच एक्स की सेवाएं निलंबित करने का शुक्रवार को आदेश दिया। फैसले की प्रति के मुताबिक, न्यायाधीश एलेक्जांद्रे डि मोरेस ने एक्स के मालिक एलन मस्क द्वारा ब्राजील में कंपनी के एक कानून प्रतिनिधि को नामित करने से इनकार करने के बाद यह कदम उठाया। इस कदम से अभिव्यक्ति की आजादी, धुर-दक्षिणपंथी खातों और गलत सूचनाओं के प्रवाह को लेकर मस्क और न्यायमूर्ति मोरेस के बीच महीनों से जारी मतभेद और गहरा गया है। न्यायमूर्ति मोरेस ने मस्क को बुधवार रात चेतावनी दी थी कि अगर वह ब्राजील में एक कानून प्रतिनिधि नामित करने के उनके आदेश पर अमल नहीं करते हैं, तो देश में एक्स के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उन्होंने आदेश के अनुपालन के लिए 24 घंटे की समयसीमा भी निर्धारित की थी। ब्राजील में इस महीने की शुरुआत से कंपनी का कोई कानून प्रतिनिधि नहीं है। न्यायमूर्ति मोरेस ने अपने फैसले में लिखा, एलन मस्क ने ब्राजील की संप्रभुता और खासतौर पर न्यायपालिका के प्रति पूर्ण अनादर दिखाया है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com